■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 339
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
14 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1981:** नासा ने स्पेश व्हिकल एस-192 लांच किया।
**1999:** सदी का आखिरी विश्व कप क्रिकेट की लॉडर्स में शुरुआत।
**2010:** भारत-रूस के बीच रक्षा, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हाइड्रोकार्बन, व्यापार एवं निवेश आदि में 22 समझौते हुए।
**2013:** ब्राजील समलैंगिक विवाह को मान्यता देने वाला 15वां देश बना।

**खुशी की तलाश दुःख के सबसे बड़े कारणों में से एक है।**

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के नौला गांव स्थित वार्ड नंबर-19 में मंगलवार को दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी सुजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। आक्रोशित लोगों ने वीरपुर-संजात सड़क को जाम करने के साथ ही आरोपी के घर को ध्वस्त कर दिया है। हत्या की वजह आपसी रंजिश बताई जा रही है।

### संपत्ति के लिए बेटे ने पिता को तलवार से काट डाला

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोती टोला में संपत्ति के लिए मंगलवार सुबह तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर अपने 50 साल के पिता की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा अपनी मां के साथ फरार हो गया। वारदात की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक की पहचान देवघर मोती टोला निवासी जय प्रकाश सिंह के रूप में हुई है। वारदात की जानकारी के बाद पुलिस घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### जमीन विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गौनहा थाना अंतर्गत मरजदी सरेह में जमीन विवाद को लेकर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान इजमामुल हक के रूप में हुई है। इस घटना में पहले पक्ष के दो लोग असीम अहमद और वसीम अख्तर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। नरकटियागंज के एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि दूसरे पक्ष के कुछ लोग भी झड़प में घायल हुए हैं लेकिन वे इलाज के लिए अस्पताल नहीं पहुंचे और फरार हैं। पुलिस ने मृतक के पिता की लिखित शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### हादसे में दूल्हे के पिता की मौत, सात घायल

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** सारे थाने क्षेत्र के बेनार मोड़ के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने बारातियों से भरी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में दूल्हे के पिता की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक कुसो बिंद कुसुंभा गांव के रहने वाले थे। परिजनों ने बताया कि कुसो बिंद के बेटे की शादी थी। बारात को लेकर बेनार गांव पहुंचे थे। सड़क किनारे सवारी गाड़ी खड़ी थी। कुछ लोग गाड़ी से नीचे उतरकर पानी पी रहे थे। इस बीच बिहारशरीफ की ओर से आ रही स्कार्पियो ने गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में कुसो बिंद की मौत हो गई जबकि विकास बिंद, विक्रम बिंद, मिथिलेश बिंद, पप्पू बिंद, मोहित कुमार, समर कुमार और अमित कुमार घायल हो गए।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने भागलपुर को दी 208 करोड़ से अधिक की सौगात

**पुष्पांकर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भागलपुर स्थित सैण्डिस कंपाउंड में 20862.25 लाख रुपये की लागत से 48 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 4502.79 लाख रुपये की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन तथा 16359.46 लाख रुपये की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री भागलपुर जिला अंतर्गत जगदीशपुर प्रखंड के खिरीबांध पंचायत स्थित मुखैरिया ग्राम में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान अन्तर्गत आयोजित विशेष विकास शिविर में शामिल हुए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने



अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक, स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वासगीत पर्चा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना का प्रशस्ति पत्र, कुशल युवा कार्यक्रम का प्रमाण पत्र, स्पॉन्सरशिप योजना का सांकेतिक चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की चाभी, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक आदि लाभुकों को प्रदान किया। शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों का मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर और लोगों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद अजय कुमार मंडल, सांसद गिरिधारी यादव, विधायक गोपाल मंडल, विधायक ललन कुमार, विधायक ललित नारायण मंडल, विधायक पवन यादव, जिप अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव, मेयर डॉ. वसुंधरा लाल, पूर्व सांसद बुलो मंडल, कहकशां परवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, आयुक्त दिनेश कुमार, पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार, जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदयकांत आदि उपस्थित थे।

# पटना में सुशील मोदी के नाम पर बनेगा स्मारक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शहर के राजेंद्र नगर रोड नंबर 8 स्थित एक पार्क का उद्घाटन कर उसे ''सुशील मोदी पार्क'' नाम दिया। साथ ही वहां लगी सुशील मोदी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडेय सहित बिहार सरकार के कई बड़े नेता मौजूद रहे। सभी ने सुशील मोदी के राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि वे एक ऐसा चेहरा थे, जिनका स्थान भर पाना कठिन है। यह आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों और कार्यों से जोड़ने का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घोषणा की कि अब हर साल 13 मई को सुशील मोदी की पुण्यतिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाएगा। यह निर्णय सुशील मोदी के योगदान के योगदान को याद रखने के उद्देश्य से लिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी ऐलान किया कि राजेंद्र नगर स्थित इस पार्क में सुशील मोदी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रतिमा के निर्माण और स्थापना की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ किया जाए ताकि जल्द से जल्द इसका अनावरण किया जा सके।

# पटनावासियों को 15 अगस्त से मिलेगी मेट्रो की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के लोगों का बहुप्रतीक्षित मेट्रो का सपना अब 15 अगस्त को पूरा होने वाला है। कहा जा रहा है कि मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक का प्रायोरिटी कॉरिडोर तैयार हो चुका है और इसका उद्घाटन इसी दिन करने की योजना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस प्रोजेक्ट की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं। पटना मेट्रो का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है, खासकर प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत आने वाले एलिवेटेड रूट पर। इस रूट की लंबाई लगभग 6 किमी है और इसमें 5 मुख्य स्टेशन शामिल हैं। इन सभी स्टेशनों पर डिपो निर्माण, प्लेटफॉर्म लेवलिंग, ट्रैक बिछाना, और सिग्नलिंग कार्य लगभग पूरा हो चुका है। तकनीकी परीक्षण की प्रक्रिया जून-जुलाई में पूरी होने की संभावना है। पटना मेट्रो के शुरू होते ही न सिर्फ यातायात व्यवस्था को राहत मिलेगी, बल्कि शहर को एक नया इन्फ्रास्ट्रक्चर बूस्ट मिलेगा। पटना जैसे घनी आबादी वाले शहर में सबसे बड़ी समस्या है-ट्रैफिक जाम। मेट्रो सेवा के जरिए रोजाना हजारों यात्रियों को एक सुगम, सुरक्षित और तेज विकल्प मिलेगा। डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की संख्या में कमी आएगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन में गिरावट और वायु गुणवत्ता में सुधार देखा जाएगा। मेट्रो प्रोजेक्ट के निर्माण और संचालन से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, स्टेशनों के आसपास नए बाजार और व्यवसायिक केंद्र विकसित होंगे। बिहार सरकार का लक्ष्य है कि पटना मेट्रो का पहला फेज स्वतंत्रता दिवस के दिन शुरू कर दिया जाए। इससे न केवल एक राजनीतिक संदेश जाएगा बल्कि जनता के लिए यह विकास का प्रतीक भी बनेगा।

**पूर्व उप मुख्यमंत्री 'पद्मविभूषण' सुशील मोदी की पहली पुण्यतिथि पर स्मरणांजलि सभा**

# सुशील मोदी से काफी कुछ सीखने को मिला : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री 'पद्मविभूषित' सुशील कुमार मोदी की पहली पुण्यतिथि पर भाजपा ने स्मरणांजलि सभा का आयोजन किया। इस सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हुए। पटना के रविंद्र भवन में पद्मविभूषित सुशील मोदी की पहली पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित स्मरणांजलि सभा में पहुंचे लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन गाथा तथा बिहार के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इस स्मरणांजलि सभा में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सभा में हमलोग सुशील मोदी के कृतियों को याद कर रहे हैं। उन्होंने उनके साथ काम करने को सौभाग्य बताते हुए कहा कि उनमें सबसे बड़ी विशेषता थी कि वे कार्यकर्ताओं की कार्यशैली और उसकी कार्यक्षमता की जबरदस्त पहचान रखते




थे। वे सामाजिक समरसता और सामाजिक वर्गीकरण पर भी गहरी नजर रखते थे। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता के दुख की घड़ी में वे वहां जरूर जाते थे। वे इसके लिए लंबी यात्रा करने से भी नहीं चूकते थे। उनकी संगठन के प्रति आदर को इससे समझा जा सकता है कि बड़े नेता होने के बावजूद उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्मान देना कभी नहीं भूले थे। उन्होंने कहा कि उन्हें गांव के कार्यकर्ताओं तक के नाम याद थे और उन्हें वे फोन कर हालचाल लेते थे। यह उनसे सीखने की चीज है। उन्होंने कहा कि उनसे हमलोगों को बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने हालांकि यह भी स्वीकार किया कि कई चीजें जो जानने के बाद भी नहीं सीख पाया, उसे भी सीखने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का संचालन भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता ने किया। सभा में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, अवधेश नारायण सिंह, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विवेक ठाकुर, धर्मशीला गुप्ता, जेस्सी सुशील मोदी, संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडे, प्रेम कुमार, नितिन नवीन, जीवेश मिश्रा, संजय सरावगी, राजू सिंह, केदार गुप्ता, रितुराज सिन्हा, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी संजय प्रकाश मयूख, जद यू प्रवक्ता नीरज कुमार, भीम सिंह, हरेंद्र प्रताप, कृष्ण सिंह मंटू, विधायक अरुण सिन्हा, राजेंद्र गुप्ता, संजीव चौरसिया, पटना मेयर सीता शाहू, पटना महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सीएम नीतीश ने शहीद मो. इम्तियाज के परिजन को सौंपा 50 लाख का चेक

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सारण जिला के गरखा प्रखंड के नारायणपुर गांव पहुंचकर बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर शहीद मो. इम्तियाज के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद मोहम्मद इम्तियाज की पत्नी, उनके सुपुत्र मो. इमरान रजा एवं मो. इमदाद रजा तथा अन्य परिजनों से बात कर उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की तरफ से शहीद मो. इम्तियाज के परिजनों को 50 लाख रुपये की सम्मान राशि का चेक सौंपा। साथ ही मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार की तरफ से उनके पुत्र को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी दी जायेगी। शहीद के नाम पर चिंतामनगंज पुल से रहमपुर बाजार तक दो किलोमीटर तक ग्रामीण पथ का नामकरण किया जायेगा। जलाल-बसंत पंचायत में गाँव के प्रवेश स्थल पर शहीद द्वार का निर्माण कराया जायेगा। नारायणपुर गांव में एक नये स्वास्थ्य उप केन्द्र का निर्माण किया जायेगा। शहीद मो. इम्तियाज के नाम पर एक स्मारक का भी निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने शहीद के भाई मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद असलम व पुत्र मोहम्मद इमरान रज़ा व मोहम्मद इमदाद रजा से भेंट कर संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय झा, मंत्री सुमित कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

# डूबने से तीन सगे भाई-बहनों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरदह गंगा घाट पर मंगलवार को नहाने के दौरान एक ही परिवार के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय काव्या उर्फ शालो कुमारी, 16 वर्षीय हर्ष कुमार और 15 वर्षीय अमन कुमार राज के रूप में हुई है। तीनों संजय यादव के बेटे-बेटी थे। बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्य कुलदेवता की स्थापना से पहले पवित्र स्नान के लिए गंगा घाट पर पहुंचे थे। स्नान के दौरान पांचों सदस्य गहरे पानी में चले गए। गंगा नदी में जा रही एक नाव से यात्रियों ने देखा कि लोग डूब रहे हैं तो दो को किसी तरह से बचा लिया गया लेकिन तीन बच्चों को नहीं बचाया जा सका। सूचना मिलते ही सीताकुंड कल्याण चक गांव के ग्रामीण घाट पर पहुंचे और स्थानीय स्तर पर तलाश शुरू की। घटना की जानकारी सदर एसडीओ शलेंद्र कुमार सिंह को दी गई। मौके पर गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम भेजी गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद तीनों शवों को बरामद किया गया। शवों को मुंगेर सदर अस्पताल लाया गया। डॉ. अनुराग ने बताया कि जब तक बच्चों को लाया गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद कई जनप्रतिनिधि भी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। राजद नेता मुकेश यादव ने कहा कि यह बेहद दर्दनाक हादसा है।

# सीएम के कार्यक्रम में गिरे सांसद अजय मंडल, घायल

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** स्थानीय सैंडिस मैदान के इंडोर स्टेडियम मे चल रहें बैडमिंटन खेल के समापन पर आज मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में स्थानीय सांसद अजय कुमार मंडल के अचानक गिरने से गंभीर रुप से घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि खेलो इंडिया गेम्स के तहत आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट के समापन के मौके पर मंगलवार को पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब मंच की ओर जा रहे थे, तभी पीछे चल रहे स्थानीय सांसद अजय कुमार मंडल का पैर अचानक बिछे कालीन में फंस गया और लड़खड़ा कर जमीन पर गिर पड़े। सूत्रों ने बताया कि हादसे में श्री मंडल गंभीर रुप से घायल हो गए।






# पीएम मोदी की दूरदर्शी व निर्णायक नेतृत्व क्षमता पर नाज : ललन सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा है कि आतंक के खिलाफ अभियान में पीएम मोदी का कहना है कि खून और पानी एक साथ नहीं चल सकता, यह बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और आतंकवाद को समाप्त करने के संकल्प को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद के खिलाफ एक सटीक और प्रभावशाली सैन्य कार्रवाई साबित हुई है। हम इस अभियान की सफलता के लिए देश की वीर सेना को सलाम करते हैं। आज पूरा देश हमारी सेना पर गर्व कर रहा है और प्रधानमंत्री की दूरदर्शी व निर्णायक नेतृत्व क्षमता पर नाज कर रहा है। ललन सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ चलाया कि आतंकवाद को खत्म करना है। पाकिस्तान के धरती पर अंदर जाकर वहां आतंकवाद के पूरी ढांचे को ध्वस्त किया गया और उनके जो टिमटिमाते हुए ड्रोन थे उसे भारत की धरती से ही समाप्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के लिए पाकिस्तान की सीमा में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी बल्कि भारत ने अपनी सीमा के अंदर रहकर ही उनका सफाया किया है। पीएम मोदी ने कहा है कि खून और पानी एक साथ नहीं चल सकता यह बिल्कुल सही है। यह उनके भविष्य के इच्छा शक्ति और संकल्प को दर्शाता है। वहीं भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव, जिसने ऑपरेशन सिंदूर को जन्म दिया।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस का दौरा किया। यह दौरा न केवल एक रणनीतिक समीक्षा था, बल्कि वायु जवानों के मनोबल को बढ़ाने का भी उद्देश्य साफ दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने वायुसेना के जवानों से संवाद किया, हालात की जानकारी ली और साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता की प्रशंसा की। आदमपुर एयरबेस भारत का दूसरा सबसे बड़ा एयरबेस। ये पाकिस्तान सीमा के बेहद निकट है। यहां एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की तैनाती। ऑपरेशन सिंदूर की लॉन्चिंग साइट्स में एक रहा है। 10 मई को पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों में आदमपुर को निशाना बनाने का दावा किया गया था। पाकिस्तान ने यह भी कहा था कि उन्होंने आदमपुर में भारत की एस-400 प्रणाली को नष्ट कर दिया है, लेकिन भारतीय अधिकारियों और अब खुद प्रधानमंत्री के दौरे ने इस झूठे दुष्प्रचार को खारिज कर दिया है। प्रधानमंत्री की एक तस्वीर, जो अब वायरल हो चुकी है जिसमें वह वायुसेना के विमान के सामने खड़े हैं और पीछे दीवार पर लिखा है क्यों दुश्मन पायलटों को अच्छी नींद नहीं आती। यह संदेश केवल एक टैगलाइन नहीं बल्कि भारतीय वायुसेना की साइकोलॉजिकल डिटरेंस रणनीति का प्रतीक है।

## बिहार कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा की 4 आतंकियों की तस्वीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर एक ओर जहां भारतीय सेना की जमकर तारीफ हो रही है तो दूसरी ओर बिहार कांग्रेस की ओर से शेयर किए गए एक पोस्ट के बाद सियासी बवाल मच गया है। दरअसल, बिहार कांग्रेस के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिये शेयर किए गए एक पोस्ट में 4 आतंकियों की तस्वीर साझा की गई है। इसके साथ ही बड़ा सवाल किया गया कि जिन आतंकियों ने पहलगाम में हमला किया उनका क्या हुआ? बता दें कि जो तस्वीर शेयर की गई उसमें पहलगाम हमले में ही शामिल 4 आतंकियों की है। उस तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर अधूरा है, जब तक पहलगाम के दरिंदे जिंदा हैं। इस पोस्ट के सामने आने के बाद सियासी उबाल आ गया है। इस पोस्ट को लेकर बिहार कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजेश राठौर ने की मानें तो ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर हमला तो किया गया, लेकिन आज भी देश जानना चाहता है कि जो चार दरिंदे पहलगाम की घटना में थे उनका क्या हुआ? तो वहीं, इस पोस्ट को लेकर जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने इस पोस्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी अपने देश पर गर्व नहीं करती, लेकिन हमें अपनी सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पीएम ने साफ कहा है कि भारत किसी के दबाव में आने वाला नहीं है, हम अपनी शर्तों पर काम करेंगे। नीरज कुमार ने एक वीडियो बयान पोस्ट करते हुए कहा कि पीएम मोदी को बधाई। सेना की दृढ़ता, राजनीतिक दलों की एकता और जनसमर्थन का संकल्प, टेरर और टाक साथ नहीं, टेरर और ट्रेड साथ नहीं, पानी और खून साथ नहीं बह सकते। हम अपनी शर्तों पर बात करते हैं। जय हो हिंदुस्तान की पुरुषार्थ की।

## शिवम कॉन्वेंट के छात्रों का 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिवम कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने वर्ष 2025 की 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परिणामों में छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। **कक्षा 10वीं के परिणाम:** विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 98.56% रहा। 28 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 91 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक अर्जित किए। विद्यालय टॉपर उत्कर्ष सिन्हा ने 99% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अन्य टॉपर्स में सुप्रिया गुप्ता-97.4%, पियूष कुमार यादव-97.2%, आयुष-95.8%, आदित्य-95.4%, तेजस्वी राज-94%, निशा भारती-93.8%, सोभनाथ प्रसाद एवं तनु कुमारी-93.6%, अमन राज-93.2% शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिंहा ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

## ड्रोन तकनीक से खेती को मिलेगी नई उड़ान : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसानों की आय बढ़ाने एवं खेती को लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 'कृषि ड्रोन से फसलों पर कीटनाशी एवं तरल उर्वरक का छिड़काव योजना' को स्वीकृति दी गई है। इस योजना के अंतर्गत सभी 38 जिलों में ड्रोन तकनीक का उपयोग कर कम समय में अधिक क्षेत्रफल में प्रभावी कीटनाशी एवं उर्वरक छिड़काव सुनिश्चित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग से खेती के परंपरागत तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है। ड्रोन तकनीक की सहायता से न केवल समय की बचत होती है, बल्कि लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है। एक ड्रोन मात्र 10 से 12 मिनट में 1 एकड़ भूमि पर छिड़काव कर सकता है। एक उड़ान में ड्रोन 10 लीटर कीटनाशी, फफूंदनाशी अथवा तरल उर्वरक लेकर उड़ान भर सकता है जिससे छिड़काव की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी होती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में राज्य के 27,666 एकड़ फसल क्षेत्र पर ड्रोन के माध्यम से छिड़काव किया गया था। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस लक्ष्य को बढ़ाकर 56,050 एकड़ किया गया है। योजना के अंतर्गत किसानों को प्रति एकड़ अधिकतम 240 या छिड़काव शुल्क का 50% अनुदान प्रदान किया जाएगा। एक किसान

## होली मिशन सेकेंड्री स्कूल का 12वीं का शानदार रिजल्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** होली मिशन सेकेंड्री स्कूल का 12वीं का परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय का रिजल्ट कुछ इस प्रकार से है-

**विज्ञान संकाय-** प्रत्यक्षा प्रसाद 98.2 %, कृतिका श्री 97.8 %, ज्ञान प्रकाश 97.6%।

**वाणिज्य संकाय-** रुपाली कुमारी-96.6%, कल्याणी कुमारी - 93.8%, विद्यासागर- 91. 6%, प्रत्यक्षा, ज्ञान प्रकाश, कृतिका एवं अनुकृति को केमिस्ट्री में 99, प्रत्यक्षा और ज्ञान प्रकाश को गणित में 99 अंक, अध्ययन श्रीवास्तव को अंग्रेजी में 99, कृतिका, मनदीप को बायोलॉजी में 99 अंक आये। रुपाली को एकाउंट्स में 99 एवं बिजनेस स्टडीज में 98 अंक आये।

## पैरामेडिकल साइंसेज में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, पटना में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पटना मेदांता अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग के निदेशक रंजन कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक सौरभ शर्मा और श्रुति मेहरोत्रा कर रही थीं। कार्यक्रम में कृष्णमोहन पासवान (मुखिया, नरही पीरही पंचायत), मुमताज अंसारी एवं सर्वेश यादव (जिला पारषद, दुल्हिनबाजार प्रखंड) तथा अखिलेश्वर प्रसाद यादव (पैक्स अध्यक्ष, नरही पीरही पंचायत) की गरिमामयी उपस्थिति रही। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लघु नाटकों के माध्यम से नर्सिंग पेशे की महत्ता, सेवा भावना और समाज में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सों के अथक परिश्रम और समर्पण को सम्मान देना था। संस्थान के निदेशक मंडल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में संस्थान की ओर से और अधिक समर्पित स्वास्थ्यकर्मी समाज को उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सुशील मोदी का पूरा जीवन संघर्ष से भरा रहा : ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना भाजपा कार्यालय में सुशील मोदी की पुण्यतिथि आयोजित की गई। इसमें भाग लेने पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि सुशील मोदी के व्यक्तित्व ने मुझे खास तौर पर प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि बिहार भाजपा के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे सुशील कुमार मोदी का पूरा जीवन संघर्ष से भरा है। उनका पूरा जीवन से संघर्ष से भरा है जिससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। खास तौर पर उनका हर विषय, हर मुद्दे पर गहन अध्ययन और पूरी जानकारी हासिल करने के बाद ही अपनी बात रखने का तरीके को मैंने भी अपनाने की कोशिश की। ऋतुराज सिन्हा ने कहा उनका पूरा जीवन ही प्रेरणा का स्रोत है। हर व्यक्ति जो राजनीतिक और सामाजिक जीवन में काम करना चाहता है, उन्हें सुशील मोदी से सीखने की जरुरत है। सुशील मोदी गुणों के भंडार थे। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि उनकी किसी एक खूबी के बारे में बताया नहीं जा सकता है। उनका पूरी जीवन प्रेरित करनेवाला है।

## सिडबी के 'प्रोजेक्ट केयर' के अंतर्गत एक और शानदार पहल

### परेव क्लस्टर में मेटल क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट केयर' के अंतर्गत उद्योग विभाग के उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान द्वारा परेव, कोइलवर, बिहार में मेटल क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम (तृतीय बैच) की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास पदाधिकारी एवं सिडबी टीम की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परंपरागत मेटल क्राफ्ट को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस तृतीय बैच में 40 प्रशिक्षुओं को मेटल क्राफ्ट की उत्कृष्ट तकनीकों और डिजाइनिंग कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर रोजगार के नए अवसर सृजित कर सके। यूएमएसएएस और सिडबी द्वारा की गई यह पहल स्थानीय हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और कुशल मानव संसाधन विकसित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।


## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) प्रणय सिन्हा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स पैराग्रीन गार्डिंग प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति विकास कुमार जो इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्रा. सब के अधीन हाजीपुर में सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता माता सिगमा देवी, पिता अरविन्द कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. विकास कुमार की मृत्यु 10-11-2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था।

## मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पूर्वोत्तर भारत के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. 10वीं एवं 12वीं बोर्ड 2025 में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। सी.बी.एस.ई. 12वीं बोर्ड 2025 में संस्थान के रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम से टॉप परफॉरमर्स में शिखा ने 97.6%, मनीष ने 97%, आशीष ने 96.2%, उपम ने 96.2% एवं रिषभ ने 96% हासिल किया है। सी.बी.एस.ई. 10वीं बोर्ड 2025 में संस्थान के रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम से टॉप परफॉरमर्स में प्रणोव ने 98.4%, सोहेब ने 96%, अमन ने 96%, अतफ ने 95.6% एवं आयुष ने 95.4% हासिल किया है। संस्थान के निदेशक आनंद कुमार जायसवाल ने घोषणा की है कि सी.बी.एस.ई. 10वीं एवं 12वीं बोर्ड 2025 में प्राप्त अंकों (%) के आधार पर विद्यार्थियों को 100% तक की छात्रवृत्ति दी जायेगी। इसके अलावा जिन विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. 10वीं एवं 12वीं बोर्ड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनको मेंटर्स एडुसर्व के अचीवर्स कैम्पस में शामिल किया जायेगा एवं उन्हें निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क रहना व निःशुल्क खाना प्रदान की जायेगी।

## ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम किया रोशन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल उत्तीर्णता दर 100% रही। अनेक छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर टॉप रैंक हासिल की। विद्यालय के निदेशक व प्राचार्य ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली का परिणाम है। विद्यालय भविष्य में भी छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है।

## राहुल गांधी सहित 62 राष्ट्रीय नेता 15 को करेंगे शिक्षा न्याय संवाद : कन्हैया कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के एससी एसटी छात्रों के लिए आवंटित पैसों का इस्तेमाल पुल और सड़क निर्माण में लगाने और छात्रों की पढ़ाई के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड देकर लोन के मकड़जाल में बिहार सरकार फंसाकर नौकरी लगने से पहले ही लोन रिकवरी एजेंट भेजने लगती है जबकि शैक्षणिक सत्र इतने पीछे रह जाते हैं कि छात्र और उनके अभिभावक अतिरिक्त बोझ में दब जाते हैं। ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कही।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था डबल इंजन सरकार की सबसे बड़ी विफलता बन चुकी है। नालंदा और विक्रमशिला जैसी विरासत वाला बिहार आज शैक्षणिक संकट में डूबा है। नीतीश कुमार 20 साल से राज्य के मुख्यमंत्री हैं और नरेंद्र मोदी 12 साल से देश के प्रधानमंत्री, लेकिन राज्य के हालात बद से बदतर हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सहित 62 राष्ट्रीय नेता सूबे के विभिन्न जगहों पर राज्य के छात्रों से शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत एससी, एसटी, ओबीसी छात्रावासों और कम्यूनिटी हॉल में वृहद रूप से उनकी समस्याओं पर सीधा संवाद करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने आगे कहा कि 358 प्रखंडों में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं खुला, स्थायी शिक्षकों की भारी कमी है और तीन साल की डिग्री छह साल में पूरी हो रही है।

## एकता परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिल आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एकता परिषद बिहार प्रदेश की ओर से पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल बिहार के राज्यपाल से मिला और बिहार में भूमि सुधार के लिए एकता परिषद की ओर से पिछले 25 वर्षों में किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी दी और इसके साथ आठ सूत्री मांग का एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बिहार में 5.48 गैर कृषि आवास योजना एवं भूमिहीन परिवारों में प्रत्येक परिवार को 10 डिसमिल आवास उम्मीद आवंटित करने की मांग की गई है और इसके लिए आवास भूमि अधिकार कानून बनाने की मांग की। बिहार में भूमि हद-बंदी कानून में संशोधन कर एक सीमा निर्धारित करने की भी मांग की गई है। इसके अलावा इस मांग पत्र में दिबान उपाध्याय आयोग की सिफारिश को लागू करन के लिए बना अधिकार कानून को लागू करने बटाईदारी कानून को लागू करने, भू हद बंदी से जुड़े मामलों को त्वरित निष्पादन के लिए एक विशेष अदालत का गठन करने की मांग की गई है।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने की उच्चस्तरीय बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन में आने वाली अड़चनों, यात्री सुविधा, माल लदान में बढ़ोत्तरी, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने माल लदान में बढ़ोत्तरी हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए। निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने तथा नई योजनाओं के कार्यान्वयन में नई तकनीक के प्रयोग पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मूर्तिकार ट्रेड में प्रशिक्षण आरंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मूर्तिकार ट्रेड में 12 प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण 13 मई, 2025 से प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण कुल 40 घंटों की अवधि का है, जो संस्थान परिसर स्थित आधुनिक कार्यशालाओं में कुशल प्रशिक्षकों की निगरानी में संचालित हो रहा है। संस्थान ने पूर्व में इस योजना के अंतर्गत कुम्हार ट्रेड में 2 बैच तथा दर्जी ट्रेड में 3 बैच का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण सम्पन्न किया।

## नर्सिंग के क्षेत्र में बिहार को 'ब्रांड बिहार' के रूप में करेंगे स्थापित: मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर अधिवेशन भवन सभागार में आयोजित भव्य समारोह का उद्घाटन किया। यह समारोह नर्सिंग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नर्सों के सम्मान में आयोजित किया गया था जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित 114 नर्सों (सी.एच.ओ. एवं ए.एन.एम.) को बिहार स्टेट फ्लोरेंस नाइटिंगेल नर्स अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार सरकार नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मिशन उन्नयन के माध्यम से हम न केवल नर्सिंग शिक्षा को वैश्विक मानकों तक ले जाएंगे, बल्कि बिहार को 'ब्रांड बिहार' के रूप में स्थापित करेंगे। नर्सिंग पेशेवर हमारे स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ हैं और उनके कौशल को सशक्त करना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल से प्रेरित नर्सें हमारे ग्रह को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका समर्पण और संवेदना अनुकरणीय है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में विभिन्न विभागों समेत स्वास्थ्य विभाग में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बहालियों की प्रक्रिया सतत जारी है। एनडीए शासन में मेरे पिछले कार्यकाल के दौरान लगभग पांच वर्षों में 19 हजार एएनएम - जीएनएम की बहालियों की प्रक्रिया पूर्ण की गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन एवं संकल्प की देन है कि प्रदेश के युवाओं एवं महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में रोजगार सृजन के संकल्प को एक नया आयाम मिल रहा है। उसी क्रम में हाल कि दिनों में भी परिचारिका श्रेणी (ग्रेड ए नर्स, जीएनएम) की 11,389 रिक्त पदों पर बहाली के लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने विज्ञापन प्रकाशित कर दिया है। वहीं 10 हजार 700 नई नर्सों की नियुक्ति प्रक्रिया भी पूर्ण है, जो फिलहाल किसी तकनीकी कारणों से लंबित है जिसकी बहाली कर ली जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि जब पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब हमारे नर्सों ने अग्रिम पंक्ति में रहकर रोगियों की सेवा की।

## दादीजी मंदिर में 1 जून से शुरू होगा समर कैंप, अपने हुनर को उड़ान देंगे बच्चे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक रंग और बच्चों के व्यक्तित्व को नई उड़ान देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन इस वर्ष भी आठ दिवसीय समर कैंप का आयोजन कर रहा है। यह कैंप एक से आठ जून तक बैंक रोड स्थित शक्तिधाम दादीजी मंदिर परिसर में होगा। सम्मेलन के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि पिछले 11 वर्षों से यह समर कैंप लगातार आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को मंच देना है जो महंगे समर कैंप में भाग नहीं ले पाते हैं। यहां न केवल हुनर को तराशा जाता है, बल्कि आत्मविश्वास की नींव भी मजबूत की जाती है। इसकी खास बात यह है कि बच्चों को रंगमंच की बारीकियों से परिचित कराने के लिए राज्य के प्रतिष्ठित रंगकर्मी सुमन कुमार और कुशल कोरियोग्राफर राजस्थानी लोकनृत्य, लघु नाटिकाएं और थिएटर की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण देंगे।

# सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में छात्राएं अव्वल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सीबीएसई के 12वीं की परीक्षा में विज्ञान व वाणिज्य संकाय में छात्राओं ने बाजी मारी। गुरुवार को परीक्षा फल घोषित होते घरों में खुशी का माहौल दिखा। अभिभावकों ने मिठाई खिला बच्चों को प्रोत्साहित किया। अभिभावकों द्वारा संचालित डालमियानगर के मॉडल स्कूल के सीबीएसई के 12वीं के तीनों संकाय में लड़कियां अव्वल रहीं। विज्ञान वर्ग गणित ग्रुप में लक्ष्मीका राज ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अंशिता रेड्डी, 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा आराधना सिंह ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही विज्ञान वर्ग के बॉयलोजी ग्रुप में सुमोजित पाल ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नितिका राय 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा कुमारी रश्मी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि वाणिज्य ग्रुप में अमृता कुमारी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, काजल कुमारी ने 88 प्रतिशत एवं इशा कुमारी 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा पियुष कुमार ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में कुल 157 छात्र परिक्षार्थी थे जिनमें 150 उत्तीर्ण और 5 अनुत्तीर्ण एवं दो अनुपस्थित रहे। विद्यालय का परिणाम 97 प्रतिशत रहा। तीनों संकाय में लड़कियां अव्वल रहीं। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सम्राट कुमार, सचिव अमित कुमार, कोषाध्यक्ष कृष्णा कुमार सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि सदस्यगणों ने खुशी का इजहार करते हुये बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। कटार स्थित डीएवी स्कूल के विज्ञान संकाय में 30 छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में भाग लिया था जिसमें 25 पास हुए। वहीं वाणिज्य संकाय में 19 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें 17 पास हुए हैं। इस विद्यालय के साइंस के टॉपर में अंजली कुमारी ने 90.4 प्रतिशत साक्षी सिंह ने 86.4 प्रतिशत कुमारी सृष्टि रानी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रही। वहीं कॉमर्स संकाय में आदित्य प्रकाश ने 88.2 प्रतिशत, सिद्धार्थ शर्मा ने 82.6 प्रतिशत स्वाति सिंह ने 82. 4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। डालमियानगर के मॉडल स्कूल में विज्ञान संकाय ज्योति भ्रमर मंजू ने 90 प्रतिशत, कुमार सौरभ 86. 8 प्रतिशत और आदित्य सिंह ने 84. 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में अव्वल रहे। वहीं बायो ग्रुप में आयुषी राज ने 91.2 प्रतिशत, अर्चना कुमारी व आदित्य कुमार साहू ने 89 प्वाइंट 8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया जबकि कॉमर्स में अविशका गुप्ता 90.4 प्रतिशत, आयुषी सिंह 81.6 प्रतिशत व माया कुमारी ने 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने वर्ग में अव्वल रहे। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य डॉ आर पी साही ने दी। वहीं स्थानीय आवासीय सनबीम पब्लिक स्कूल, डिहरी का 10वीं एवं 12वीं सी.बी.एस.ई का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें शत-प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 12वीं में कुल 79 विद्यार्थी एवं 10वीं में कुल 190 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। 12वीं परीक्षा के रिजल्ट में नित्या कुमारी 88.6 प्रतिशत लाकर प्रथम, तन्नज परवीन 83 के साथ द्वितीय, पूनम गुप्ता 85 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि आकाश कुमार साह ने 82 प्रतिशत मुस्कान कुमारी 81.2 हरिभूषण केसरी 79.2, रिशु कुमार 75.4 वर्तिका सिंह 75.2, सौरव सिंह 74% एवं अपर्णव प्रकाश 73 अंक प्राप्त किए। 12वीं में 80 से ऊपर 5 विद्यार्थी एवं 70 प्रतिशत से ऊपर 10 विद्यार्थी अंक प्राप्त किए।

## चोरी के मोबाइल सहित 35 हजार की संपत्ति के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरिक्षक राम विलास राम ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन के उप निरीक्षक कुमार गौरव साथ प्रधान आरक्षी ब्रज भूषण मिश्रा, आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी अखिलेश कुमार सिंह, आरक्षी पवन कुमार सिंह, सीपीडीस टीम गया के उप निरीक्षक जावेद इकवाल, प्रधान आरक्षी अमरेंद्र कुमार, आरक्षी सुनील कुमार, आरक्षी अमित कुमार एवं अपराध आसूचना शाखा गया के सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय संयुक्त रूप से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ग्रस्त और चेकिंग कर रहे थे। गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 01/02 पर एक व्यक्ति राजेश पाठक, उम्र 50 वर्ष, पिता स्वा.परशुराम पाठक ग्राम मझवारी, थाना सिमरी जिला बक्सर (बिहार) को एक अदद एंड्रॉयड मोबाइल साथ चार्जर, ईयर वर्ड, कॉस्मेटिक सामान एवं 3670/- रुपए नकद के साथ पकड़ा गया जिसका अनुमानित कीमत करीब 35000/- रुपए है। पूछने पर उक्त व्यक्ति स्वीकार किया कि यह सभी मोबाइल एवं समान, नगद रुपए ट्रेनों में यात्रियों से चुराये हैं। बाद में मौके पर सभी कागजी कार्रवाई करने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई हेतु उप निरीक्षक जावेद इकबाल के द्वारा दिए गए लिखित शिकायत पत्र पर रेल थाना सोनगर को उपरोक्त सभी सामान के साथ अभियुक्त राकेश पाठक को सुपुर्द किया गया जहां संबंधित धाराओं में कांड पंजीकृत किया गया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** सोमवार की रात उत्तर प्रदेश के नौबतपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में किशन सेठ (उम्र लगभग 28 वर्ष) पिता शिव सेठ की मौत हो गई। वह बनारस से आभूषण की खरीदारी कर बाइक से चेनारी लौट रहा था तभी नौबतपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से किशन को गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर, बनारस भेजवाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पुलिस ने तत्काल परिजनों को दी जिसके बाद परिजन बनारस पहुंचे। उत्तर प्रदेश पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मंगलवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव जैसे ही चेनारी पहुंचा, पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक किशन सेठ मूल रूप से बनारस का निवासी था, लेकिन पिछले 15-20 वर्षों से वह चेनारी में अपने मामा के यहां रह रहा था।

## दीपू हत्याकांड में 2 आरोपियों ने किया सरेंडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के बेलागंज थाने में दीपू हत्याकांड में नामजद 2 आरोपी गिरिधर कुमार और राजेश कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सरेंडर कर दिया है। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत भेज दिया है। तीसरे आरोपी प्रशांत कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामला 17 जुलाई 2023 का है। गया-पटना मुख्य मार्ग पर अपराधियों ने पाली गांव निवासी दीपू कुमार की गोली मार दी थी। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 2 दिन बाद उसकी मौत हो गई।

## सुशील मोदी की पुण्यतिथि पर गरीब दलित टोले में पाठ्य सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री, पद्मभूषण स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को तिलौथू प्रखंड के रामडीहरा भुइयां टोला दलित बस्ती में एक विशेष शैक्षिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सबसे वंचित और गरीब तबके के बच्चों के बीच निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम स्व. मोदी जी की उस सोच और संकल्प को समर्पित था जिसमें वे हमेशा गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बच्चे तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने का जो सपना देखा था, उसे पूरा करने की जिम्मेदारी उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता सत्यानंद कुमार को दी थी।

सत्यानंद कुमार ने अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए आज उन बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, किताबें और अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री वितरित की जो अभी भी सुविधाओं से वंचित हैं। इस कार्यक्रम के दौरान सत्यानंद कुमार ने कहा कि मोदी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि गरीबों के सच्चे मार्गदर्शक थे। उन्होंने हमेशा शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम माना। मैं उनके द्वारा दिए गए दायित्व को न केवल सेवा समझता हूं बल्कि एक संकल्प के रूप में जीवन भर निभाऊंगा। पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान थी और परिजनों की आंखों में कृतज्ञता। कार्यक्रम में स्थानीय समाजसेवी प्रिंस कुमार, शिक्षाविद संतोष कुमार एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोग भी उपस्थित रहे और सभी ने स्व. मोदी जी के योगदान को नमन किया। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धांजलि शब्दों से नहीं, कर्मों से दी जाती है और शिक्षा का प्रसार ही सुशील मोदी के प्रति सबसे सशक्त श्रद्धांजलि है।

## 212 डिहरी विधानसभा स्तरीय बीएलओ प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन को देखते हुए आज डिहरी विधानसभा के प्रखंड डिहरी के बीएलओ का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे विकास कुमार दुबे एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी डिहरी संतोष कुमार सिंह तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी डिहरी अजित कुमार के द्वारा दिया गया। सभी बीएलओ को प्रपत्र भरने का सही तरीका तथा बीएलओ एप के संबंध में जानकारी दिया गया।

## बीस सूत्री की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न

### पेयजल, बिजली, सड़क निर्माण आदि कई मुद्दों को सदस्यों ने उठाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नौहट्टा (रोहतास)।** स्थानीय सभागार में बीस सूत्री की बैठक दीपक चौबे की अध्यक्षता में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीडीओ मेहनाज जवीन ने की। बैठक में सभी अधिकारियों के नहीं आने पर सदस्यों ने प्रश्न उठाया। वहीं बीडीओ ने कहा कि कई अधिकारी दो से तीन जगह के प्रभार में हैं जिसके कारण बैठक में मौजूद नहीं हो पाए। भाजपा के अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष गुड्डु सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका से प्रतिमाह साढ़े तीन हजार रूपया प्रतिमाह वसूली होने की शिकायत की। वहीं प्रखंड में करोड़ों खर्च के बाद भी पेयजल का संकट है। उसे दूर किया जाए। बीस सूत्री सदस्य श्रीराम सिंह ने कहा कि खैरवा बांदू मुख्य सड़क व दारानगर बैंक रोड में अतिक्रमण से परेशानी होती है। भदारा हाईस्कूल में पेयजल संकट हो गया है तथा प्रखंड के सभी आवास सहायक भ्रष्टाचार में लिप्त हो गये हैं उस पर नियंत्रण किया जाय। बीस सूत्री सदस्य राजेश्वर प्रसाद ने नौहट्टा बस स्टैंड में बने शौचालय का दरवाजा पांच साल से खुला नहीं, वहीं नौहट्टा बाजार में नाली जाम होने के कारण डायरिया व मलेरिया फैलने की आशंका बढ़ गयी है। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि स्कूल व ट्युशन को शिक्षकों द्वारा एक ही समय में चलाया जाता है। स्कूल टाइम में ट्युशन पढ़ाने से रोक लगाने की बात सदस्यों ने कहा। जल जीवन हरियाली की जांच का मुद्दा उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि स्कूलों के सौंदर्यीकरण में भेंडर की मिलीभगत से काफी अनियमितता बरती जा रही है। मंत्री प्रतिनिधि भानू प्रताप मिश्रा ने बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की। वहीं खेल मैदान का एनओसी देने की मांग की गईं। अध्यक्ष ने सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जो योजना गरीबों के लिए है उसे ससमय पर मिले। मौके पर मुसा अंसारी, रामप्रताप ठाकुर, ममता देवी, सीताराम चंद्रवंशी, अरूण कुमार, विजय बहादुर, सीओ हिंदुजा भारती, बीपीआरओ अमनदीप भाटिया, बीसीओ संजीत कुमार, पीओ रमेश कुमार आदि बैठक में मौजूद थे।

## आरएसके पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लाये बेहतर अंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर (सत्र 2024-25) के लिए सीबीएसई के द्वारा कक्षा 12वीं का परिणाम घोषित किया गया है जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बेहतर परिणाम दर्शाया है। आर एस के पब्लिक स्कूल के 12वीं की परीक्षा में कुल 71 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। प्रधानाचार्य राज नारायण सिंह के अनुसार विद्यालय की छात्रा मंजली कुमारी 85%, शशांक कुमार 84.4%, वंदना कुमारी 80% , गरिमा कुमारी 80%, अलकामा हुसैन ने 79% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। सभी संकायों में इन सभी विद्यार्थियों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त किया। बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह तथा प्रधानाचार्य को फोन पर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विद्यालय के शिक्षकों की सराहना की। वहीं विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने बच्चों को उनके बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी है तथा विद्यालय के शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई दिया।

## बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**काराकाट (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष सुरेश प्रसाद व उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन के बाद अध्यक्ष सुरेश प्रसाद व उपाध्यक्ष ने सभी एनडीए के नेताओं व कार्यकर्ताओं को फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत के बाद सभी एनडीए के नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित 20 सूत्री के सभी सदस्यों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। एनडीए नेताओं व कार्यकर्ताओं में 15 वर्षों के बाद 20 सूत्री के गठन पर केंद्र व राज्य सरकार को बधाई दी। भाजपा नेता नवीन चंद्र शाह ने 20 सूत्री के गठन पर नेताओं व कार्यकर्ताओं को कार्य की शपथ संकल्प दिलाया। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने 20 सूत्री के गठन पर कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जाने वाली विकास की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए आप सभी कार्य करें। प्रशासनिक अधिकारियों से विकास योजनाओं की रिपोर्ट मांग कर जनता में एनडीए के कार्यों की लोगों के प्रति विकास कार्यों की जानकारी दें।

## हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास)।** बरडीहां सक्कडी एसएच - 18 पर सोमवार की देर शाम मध्य विद्यालय सिकरियां के समीप अनियंत्रित हाइवा ने 20 वर्षीय युवक हिमांशु कुमार को टक्कर मार कर जख्मी कर दिया। जख्मी हालत में परिजनों व ग्रामीणों ने इलाज के लिए डिहरी ले गये, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक सिकरियां गांव निवासी हिमांशु कुमार पिता संदीप सिंह का बेटा बताया जाता है। मृत युवक बिहारशरीफ में पॉलिटेक्निक की तैयारी कर रहा था जो अभी वर्तमान में सिकरिया गांव में आकर बिहार पुलिस की तैयारी में जुटा हुआ था। प्रतिदिन की तरह एसएच -18 पर दौड़ की प्रैक्टिस कर रहा था। इसी दरम्यान मध्य विद्यालय सिकरियां के समीप अनियंत्रित हाइवा ने करीब आठ बजे देर शाम को धक्का मार दिया। युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जख्मी हालत में युवक को डिहरी इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई।

## अनियमितता के आरोप में जन वितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनियमितता के आरोप में अनुमंडल अधिकारी डिहरी सूर्य प्रताप सिंह ने नौहट्टा के एक जन वितरण प्रणाली अनुज्ञप्ति धारी की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी है। डिहरी अनुमण्डल अन्तर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली विक्रेता, अशोक प्रसाद, जन वितरण प्रणाली विक्रेता, अनुज्ञप्ति सं.- 05/2016, पंचायत-पिपरडीह, प्रखण्ड-नौहट्टा, जिला-रोहतास के सार्वजनिक जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, नौहट्टा के द्वारा किया गया जिसमें निर्धारित अवधि में दुकान बन्द रखना, खाद्यान्न पर्याप्त मात्रा में रहने के बावजूद भी शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण नहीं करना, विक्रेता द्वारा लाभार्थियों से राशि की वसूली करना, लगातार दो माहों तक खाद्यान्न का वितरण नहीं करना इत्यादि अनियमितताएं पायी गयी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

Ram Krishna Shukla, Singra Khurd, Daltongnaj, Palamau संवेदक के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH-LWE-II-LAT-01/2021-22 का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD-07/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 22.07.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 30.03.2023 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 373 दिनांक 15.04.2023, पत्रांक 578 दिनांक 20.05.2023 पत्रांक 1183 दिनांक 09.11.2023 पत्रांक 1191 दिनांक 06.12.2024 एवं पत्रांक 145 दिनांक 07.02.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अतः निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यो न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

इसे अतिम स्मार–पत्र समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 352256 (REO) 25-26 (D)


## बीएलओ को मिला विशेष प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** जिलाधिकारी गया के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड सभागार में बीएलओ को मतदान से संबंधित प्रशिक्षण देने का काम किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में निर्वाचन पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी में वजीरगंज विधानसभा के 159 से 329 मतदान केंद्र के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में 23 और 24 अप्रैल को दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर आये एएलएमटी मतदान केंद्र पदाधिकारी सह मास्टर ट्रेनर विकास कुमार एवं अन्य मास्टर ट्रेनर सुनील दास, अंकुर कुमार, मिथलेश चौधरी, इमरान आलम के द्वारा मतदान से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि अयोग्य मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने के साथ-साथ नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ना है। प्रशिक्षण में बताया गया कि जिस लड़की की शादी बाहर हो गयी है अथवा जिसकी मौत हो गई हो या फिर ऐसे मतदाता जिन्होंने अपना घर कहीं और बना लिया है, वैसे मतदाताओं का सर्वे करने के साथ ही वोटर लिस्ट का सत्यापन करते हुए ऐसे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने का काम किया जाना है। साथ ही एक स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण करना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बीएलओ का कई ग्रुप बनाकर रोल प्ले करवाकर प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। सभी को चुनाव कार्य से संबंधित 25 प्रश्न दिए गए थे जिसका जवाब सभी के द्वारा सही-सही दे दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को 6, 7 एवं 8 फॉर्म कैसे भरा जाना है, इसकी जानकारी भी दी गयी। इस मौके पर बीएलओ नवीन कुमार सिंह, दिनेश कुमार चौधरी, शैलेन्द्र कुमार, किशोरी पासवान, कृष्ण कुमार, सत्येंद्र कुमार निराला, ओमप्रकाश कुमार चौहान, प्रभाकर कुमार, राजकुमार मांझी, लाल बिहारी पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

## जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया पटना रोड रसलपुर एनएच-83 हाइवे स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, गया के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा रहमा फारहान ने 98%, आयुष रंजन ने 97.2%, सय्यम ने 96.6% और तमन्ना सागर ने 96.2% अंक प्राप्त कर टॉप स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य जी.एस. पांडेय ने बताया कि विद्यालय का परिणाम 100% रहा है और अधिकांश छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जो विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों की लगन का प्रतिफल है। विद्यालय के चेयरमैन आर.एस. राठौर, प्राचार्य जी.एस. पांडेय, उप-प्राचार्या इंजीनियर सुमन सागर तथा समस्त शिक्षकगणों ने छात्रों को इस अद्भुत सफलता के लिए बधाई दी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

Reasonable Enterprises PVT, LTD, Palamu संवेदक के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत अकराही टोला पी0सी0सी0 पथ से मुर्गीडीह होते हुए मंगरा पंचायत सचिवालय तक पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 F2- - 13/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 20.02.2023 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 19.05.2024 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 1201 दिनांक 07.12.2024 एवं पत्रांक 422 दिनांक 19.04.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अतः निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यो न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 352262 (REO) 25-26 (D)



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 75/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of safety materials, earth rods, tarpaulin, LED torch and flexible PVC pipe at 132/33 kV GSS Latehar | Rs. 886/- (including GST @ 18%) | Rs. 10000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **14.05.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **04.06.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **04.06.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **05.06.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non -refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager,**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

PR 352221 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D

# शादी समारोह में शामिल होने जा रहे तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार की रात दो भीषण सड़क हादसों ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। इन हादसों में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक और घायल शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पहली घटना बिंद थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव के पास हुई, जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। मृतकों की पहचान अवधेश कुमार और पुजारी कुमार के रूप में हुई है, जो आपस में चाचा-भतीजा थे। दोनों अमावा गांव से भथियार बारात में शामिल होने जा रहे थे। अलीपुर के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही शादी का जश्न मातम में बदल गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना सारे थाना क्षेत्र के बेनार गांव के पास हुई, जहां एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े बारातियों के झुंड को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान कुसो बिंद के रूप में की गई है, जो बिंद के छोटे पुत्र की शादी में शामिल होने बेनार गांव आए हुए थे। घटना के समय सभी बाराती पानी पीने के लिए वाहन से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। घायलों का इलाज पावापुरी विम्स अस्पताल में चल रहा है, जिनमें कुछ की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। दोनों हादसों ने दो परिवारों की खुशियों को गहरे दुख में बदल दिया है। जहां एक ओर शादी की रौनक होनी थी, वहीं अब गांवों में मातम पसरा हुआ है।

## 48.75 लाख का अनाज लेकर फरार पिता-पुत्र छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कल्याण बिगहा पुलिस ने छत्तीसगढ़ में छापेमारी कर किसानों के 48,75,847 रुपया का अनाज उधार लेकर फरार बदमाश पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पुलिस दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर कल्याण बिगहा पहुंची। गिरफ्तार आरोपित हरनौत थाना क्षेत्र के गोगीपुर निवासी नथुन साव का पुत्र सत्येंद्र कुमार और उसका पुत्र ऋतिक कुमार है। सदर डीएसपी-2 संजय जायसवाल ने बताया कि किसानों ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपित पिता-पुत्र 14 किसानों से 48,75,847 रुपया का अनाज उधार खरीदा। कुछ दिनों के बाद किसानों को रुपया देने का वादा किया था। किसान जब रुपया मांगने पहुंचे तो उसके घर में ताला लगा था। खोजबीन में उनका पता नहीं चला। इसके बाद किसानों ने कल्याण बिगहा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।

# परीक्षाफल आने के बाद स्कूल के छात्र-छात्राओं में खुशी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आज दोपहर परीक्षाफल जारी कर दिया गया है। सीबीएसई 12वीं में कागजी महल्ला स्थित सदर आलम मेमोरियल सेकेन्ड्री स्कुल 41 छात्र व 28 छात्रा ने सफलता हासिल की है। 12वीं परीक्षा मे 76 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें 63 छात्र-छात्रा सफलता हासिल किया है। जिसमें विध्यांशु भदानी 476, शुभांजलि रंजन 472, अनुभव कुमार 466 अनन्या कुमारी 465, पीयूष कुमार 463 एवं मुशफिक्वा मरगुब ने 456 अंक प्राप्त किया है। 10 परीक्षा में 137 छात्र-छात्राओं में सत प्रतिशत सफलता हासिल किया है। जिसमें अभिषेक कुमार एवं शकीरा मकसूद 475 आयुष कुमार 473, श्रेया कुमारी 466, अनीशा प्रिया 464, अंशिका सिन्हां 462, निशा कुमारी 459, अंशु कुमार 451 एवं शिवानी कुमारी ने 450 अंक प्राप्त किया है। परीक्षाफल आने के बाद स्कूल के प्रचार्या रूबीना निशांत ने कहा कि यह सफलता बच्चों की तपस्या व शिक्षकों की कडी मेहनत का नतीजा है। इसी प्रकार रांची रोड स्थित रोजमैरी लैंड स्कुल के 12वीं में पढने बाले सभी 15 छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त किया है। छात्रों के सफलता पर स्कूल के संचालक एम ए रिजवी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में यह स्कूल शहर को बहुत सारी सफलता बच्चो के माध्यम से देने का काम करेंगी। जायरा शाहीन 97 प्रतिशत, सैयद फैसल 90 प्रतिशत, स्वीटी कुमारी 85 प्रतिशत, अंबर फिरदौस 81 प्रतिशत एवं इशिका कुमारी 80 प्रतिशत अंको के साथ सफलता पाया है।

# सीबीएसई बारहवीं परीक्षा 2025 में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, 100% रिजल्ट के साथ दुर्गेश नंदिनी बनी टॉपर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणाम में नवादा के मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के सभी परीक्षार्थी सफल घोषित हुए, जिससे विद्यालय को 100% परिणाम प्राप्त हुआ।

विज्ञान संकाय की छात्रा दुर्गेश नंदिनी ने 96% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। खास बात यह रही कि उसने जीव विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं नवनंदिनी ने 94%, रोशनी सिन्हा ने 93% और शिखा शाही ने 92% अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में निखिल राज ने 94%, वैभव ने 88% और आदित्य राज ने 83% अंक हासिल किए।

बिना पूर्व सूचना के रिजल्ट जारी होने से पहले छात्रों में संशय की स्थिति बनी रही, लेकिन परिणाम घोषित होते ही छात्रों एवं अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय परिसर में मिठाइयों के साथ जश्न का माहौल देखा गया।

मौके पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत और छात्रों के समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. धर्मवीर कुमार सिन्हा, पवन कुमार सिन्हा, संतोष कुमार, राकेश कुमार ठाकुर और वीरेंद्र कुमार प्रियदर्शी समेत विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति के तहत इस बार भौतिक एवं रसायन विज्ञान के प्रश्नपत्रों में व्यापक बदलाव किए गए थे, जिससे छात्रों को कुछ कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ा। इसके बावजूद मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने अपने परिश्रम के बल पर कठिन प्रश्नों का सफलता पूर्वक उत्तर देते हुए श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किया।

## भाजपा कार्यालय में दी गई सुशील मोदी को श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री, भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं के पथप्रदर्शक श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा की सुशील कुमार मोदी हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। बिहार के विकास में उनका अविस्मरणीय योगदान सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। सुशील मोदी पहली बार 1990 में बिहार विधानसभा के लिए विधायक चुने गए थे। इसके बाद 1995 और 2000 में भी विधायक चुने गए। वह लगातार तीन बार विधायक रहे। अनिल मेहता ने कहा कि सुशील कुमार मोदी का तीन दशक लंबा राजनीतिक करियर रहा है। इस दौरान वह विधायक, एमएलसी, लोकसभा सांसद और राज्यसभा सांसद भी रहे,बिहार सरकार में वित्त मंत्री तक का पद संभाला। वे दो बार बिहार के डिप्टी सीएम रहे। बिहार में भाजपा के उत्थान और उसकी सफलताओं के पीछे उनका अमूल्य योगदान रहा है।

# जैन धर्मावलबियों ने सिद्ध प्रभु चरणों में अर्पित किए 48 अर्घ्य


## अनुष्ठान के तीसरे दिन श्री सिद्धचक्र विधान के द्वितीय व तृतीय पूजन का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** स्थानीय जैन धर्मावलंबियों द्वारा आयोजित नव दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति यज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार को श्री सिद्धचक्र विधान के द्वितीय व तृतीय पूजन का परंपरागत धार्मिक माहौल में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन जिला मुख्यालय स्थित दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में विश्व शांति एवं प्राणिमात्र के कल्याणार्थ आयोजित इस परम पावन अनुष्ठान का शुभारंभ यंत्राभिषेक, जिनाभिषेक एवं महाशांति धारा के बाद अष्ट द्रव्य से देव शास्त्र गुरू की पूजा से हुई। तदुपरांत के जैन धर्मावलंबियों ने पूरे भक्तिभाव के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का द्वितीय व तृतीय पूजन कर सिद्ध प्रभु के चरणों में क्रमशः 16 व 32 सहित कुल 48 अर्घ्य समर्पित किए। प्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत 108 श्री विशल्य सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से आयोजित इस सर्व मंगलकारी अनुष्ठान को पूरे विधि-विधान से कराने में अम्बाह (मध्य प्रदेश) निवासी विधानाचार्य महेंद्र जैन शास्त्री ने सक्रिय भूमिका निभाई। संध्या समय मंगल महाआरती एवं भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। कोटा (राजस्थान) से नवीन जैन के नेतृत्व में आए धार्मिक संगीत मंडली की भक्तिमय प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने भक्तिगंगा में खूब डुबकी लगाई। आज के इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय जैन समाज के दीपक जैन, अभय बड़जात्या, सुनील काला, उदय बड़जात्या, विनोद काला, महेश जैन, भीमराज गंगवाल, लक्ष्मी जैन, शालिनी जैन, कांता देवी गंगवाल, शीला जैन, सुनीता बड़जात्या, चंदा बड़जात्या, सुषमा जैन, सीमा काला, श्रुति जैन व श्रेया जैन सहित भारी संख्या में स्थानीय जैन समाज से जुड़े महिला-पुरूषों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।


## अखंड सामाजिक माला के निर्माण में समाज दे सक्रिय योगदान : विशल्य सागर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की महिमा का विश्लेषण करते हुए प्रख्यात दिगम्बर जैन मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज ने कहा कि सिद्ध प्रभु की महिमा अपरंपार है। सिद्ध प्रभु की आराधना से सिद्धत्व की प्राप्ति होती है। भक्ति से भगवान बनने की यात्रा का विश्लेषण करते हुए मुनिश्री ने कहा कि आत्मिक रूप से सिद्ध प्रभु का निरंतर सुमिरन करने वाला भक्त भगवान बन सकता है। यह पाप, ताप व संताप का नाशक है। यह आत्मिक रूप से पूर्णानंद की अनुभूति कराकर भक्तों की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। सामाजिक समरसता की चर्चा करते हुए मुनिश्री ने कहा कि जिस प्रकार माला से एक मोती के बिखर जाने पर माला खंडित हो जाती है और वह बेकार हो जाती है, उसी प्रकार समाज के एक व्यक्ति के बिखरने पर अथवा उसके अभाव में शेष सामाजिक माला भी खंडित और बेकार हो जाती है। उन्होंने सामाजिक उत्थान के लिए अखंड सामाजिक माला के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पकरीबरावां।** सोमवार की देर रात को नवादा- जमुई पथ पर बेलखुंडा मोड़ के आसपास सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा रात करीब 12 बजे के आसपास हुई। जब एक तेज रफ्तार डीजे वाहन ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार घटनास्थल पर ही दम तोड़ बैठा, जबकि डीजे वाहन भी पलट गया। मृतक की पहचान जमुई जिले के चंद्रदीप थाना अंतर्गत चौरासा गांव निवासी संजीवन कुमार (40 वर्ष) के रूप में हुई है। वह ब्रह्मदेव महतो का पुत्र था। जानकारी के अनुसार मृतक पकरीबरावां में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद रात में घर लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे डीजे वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद डीजे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इधर, सूचना मिलने पर धमौल थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और थाने ले गई। मंगलवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया। मृतक के परिजनों को सूचना मिलने के बाद कोहराम मच गया। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया जाता है कि संजीवन अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था और खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उनकी असमय मौत से पत्नी अनिता देवी पर तीन छोटे-छोटे बच्चों–दो बेटे और एक बेटी–की पूरी जिम्मेदारी आ गई है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं परिजन और ग्रामीण इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं। मृतक के पुत्र बिट्टू कुमार, सुमित कुमार एवं पुत्री मुस्कान कुमारी का रो- रोकर बुरा हाल है। इधर, पुलिस ने डीजे वाहन को जब्त कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। धमौल थाना प्रभारी इंद्रमल मांझी ने बताया कि घटना को लेकर आवेदन नहीं मिला है। जैसे ही परिजनों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त होगा, विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## कौआकोल में 61 अभ्यर्थियों ने प्राप्त किया नियुक्ति सह पदस्थापना प्रपत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कौआकोल।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में मंगलवार को राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देश पर विशेष शिविर का आयोजन कर बीपीएससी टीआरई-3 में चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति सह पदस्थापना पत्र का वितरण किया गया। शिविर का उदघाटन कौआकोल बीईओ सुशील कुमार, मनरेगा पीओ प्रमोद मिस्त्री,एमडीएम प्रभारी संजय पासवान, स्थानीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। बीईओ सुशील कुमार ने बताया कि टीआरई-3 के तहत कौआकोल प्रखण्ड में 107 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें 61 अभ्यर्थियों ने मंगलवार को लगाए गए विशेष शिविर में आकर अपना नियुक्ति सह पदस्थापना प्रपत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर बीईओ सुशील कुमार ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि वह अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का इमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि शेष अभ्यर्थियों को बुधवार को इसी विद्यालय में नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाएगा। मौके पर पूर्व बीआरपी प्रीतम कुमार,शिक्षक अरुण कुमार, रतन कुमार आदि मौजूद थे।

## जन समर्थन से फिर से लहराया जाएगा विकास का परचम : कौशल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के पक्ष में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव का विगत 22 अप्रैल से लगातार कौआकोल प्रखण्ड में चल रहे पंचायतवार जनसम्पर्क कार्यक्रम के पहले चरण का मंगलवार को समापन हो गया। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूर्व विधायक कौशल यादव ने मंगलवार को कौआकोल प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट पंचायत में जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने चहल, चरौल, फुलडीह, मनसागर, पटोरी, पाण्डेयगंगौट, कौशल नगर आदि गांवों का दौरा कर डोर टू डोर लोगों से सम्पर्क साधा। वहीं इस दरम्यान बड़ी संख्या में पूर्व विधायक कौशल यादव के समर्थकों ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक श्री यादव ने पूर्व में की गई गलतियों को क्षमा करते हुए लोगों से एक बार फिर मौका देने की अपील किया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ब्लॉक,थाना आदि जगहों पर आसानी से लोगों के काम होते थें। परन्तु आज लोगों को छोटे-छोटे कामों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि गोविंदपुर विधानसभा के लोगों ने उन्हें एवं उनके परिवार को सदैव घर के बेटा की तरह मान आदर देकर स्नेह दिया है। यही कारण है कि वे यहां के लोगों के साथ हमेशा बेटा एवं भाई बनकर जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर काम करते आये हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कौआकोल प्रखण्ड के सभी पंचायतों में लोगों का प्यार और स्नेह उन्हें मिला,उन्हें लग ही नहीं रहा है कि वे यहां के जनता से कभी दूर भी हुए हैं। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, महेंद्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष सह प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव,पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, उप प्रमुख नवीन यादव, स्थानीय मुखिया दीपक कुमार, सरपंच अराफात आलम, पूर्व मुखिया विष्णुदेव प्रसाद यादव, पैक्स अध्यक्ष राहुल रत्नेश उर्फ मृत्युंजय सिंह, उपमुखिया कारी शोएब उर्फ इफ्तिखार, शमशाद समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# फ्रंटलाइन में लड़कियों ने मारी बाजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट प्रकाशित हुआ, जिसमें फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल आनंद नगर चातर की लड़कियां सबसे आगे रही। सुरुचि कुमारी ने 94.6 प्रतिशत, मौसम कुमारी ने 92 प्रतिशत, और ज्योति कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शेष लड़कों का रिजल्ट भी काफी अच्छा रहा है। भौतिकी में रोहित कुमार को 95, रसायन शास्त्र में 94, और राजनीति शास्त्र में सुरुचि को 99 अंक प्राप्त हुए हैं। दशम वर्ग में मुकुंद कुमार सर्वोत्तम रहे। दिसंबर के रिजल्ट में मुकुंद कुमार ने 95 प्रतिशत, वैष्णवी ने 94 प्रतिशत, सिमरन कुमारी ने 94 प्रतिशत, निशांत कुमार ने 94%, अभिषेक कुमारी ने 91 प्रतिशत, आर्यन कुमार ने 91 प्रतिशत, सचिन कुमारी ने 91 प्रतिशत, आयुष कुमारी ने 91 प्रतिशत, और सूरज कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके साथ हिंदी में 90 से अधिक 22 विद्यार्थी रहे, गणित में 90 प्रतिशत से ऊपर चार विद्यार्थी रहे, विज्ञान में 90 प्रतिशत से ऊपर 20 विद्यार्थी, सामाजिक विज्ञान में 90 प्रतिशत से ऊपर 33 विद्यार्थी, अंग्रेजी में 90 प्रतिशत से ऊपर 16 विद्यार्थी, तथा आईटी में 90 प्रतिशत से ऊपर 26 विद्यार्थी रहे। स्कूल के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार ने कहा कि यह रिजल्ट हमारे शिक्षकों की मेहनत और बच्चों के अच्छे अनुशासन के साथ पढ़ाई का परिणाम है। हमारे बच्चे काफी लगन और मेहनत के साथ अपने रिजल्ट को मजबूत करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य नवदीप कुमार सिंह, राजेश कुमार, सुमन कुमार, विश्व भूषण, किरण कुमारी, नूतन कुमारी, दीपक कुमार, अनीश कुमार, सलोनी कुमारी, गोपाल कुमार, प्रवीण कुमार, सनी कुमार, रंजीत कुमार, राहुल कुमार, सत्यांशु कुमार, और संतोष कुमार उपस्थित थे।




## मध्य विद्यालय कौआकोल में बाल संसद गठित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के राजकीय मध्य विद्यालय कौआकोल में मंगलवार को प्रधानाध्यापक इंद्रदेव दास एवं सहायक शिक्षक विजय कुमार सुमन की देखरेख में बाल संसद का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से 2025-26 के लिए नई कमिटी का गठन किया गया। विद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार अनुराग कुमार को प्रधानमंत्री,सिमरन कुमारी को उप प्रधानमंत्री, प्रांजल कुमार को शिक्षा मंत्री,सुमन कुमारी को उप शिक्षा मंत्री, करिश्मा कुमारी को खेल मंत्री, अमन कुमार को उप खेल मंत्री, कृष्ण कुमार को स्वास्थ्य मंत्री, साजिया प्रवीण को उप स्वास्थ्य मंत्री, सूरज कुमार को जल एवं कृषि मंत्री,काजल कुमारी को उप जल एवं कृषि मंत्री, अंकिता कुमारी को विज्ञान एवं पुस्तकालय मंत्री,सत्येंद्र कुमार को उप विज्ञान एवं पुस्तकालय मंत्री, टिंकू कुमार को सुरक्षा मंत्री, लक्ष्मी कुमारी को उप सुरक्षा मंत्री, नेहा कुमारी को उप सफाई मंत्री, अंकुश कुमार को सूचना मंत्री तथा लिम्बूल प्रवीण को उप सूचना मंत्री मनोनीत किया गया।

# बच्चों को पोषण के साथ पढ़ाई से ही बनेगा स्वस्थ भारत : सीडीपीओ



कौआकोल के सर्वोदय आश्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में समेकित बाल विकास परियोजना कौआकोल के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविकाओं का 'शिक्षा भी, पढ़ाई भी' अभियान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। जिसका उदघाटन कौआकोल के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी,महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी,निवेदिता कुमारी, शालिनी कुमारी एवं आरती कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के उदघाटन के बाद सेविकाओं को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों को खेल-खेल के साथ कुपोषण की खात्मे के साथ पढ़ाई करनी भी जरूरी है। जब पोषण भी तथा पढ़ाई भी साथ-साथ चलेगी,तभी स्वस्थ भारत की स्थापना संभव है। उन्होंने कहा कि आज समाज में बच्चों में कुपोषण बढ़ गया है। जो निश्चित तौर पर समाज का कोढ़ है। इसके खात्मे के लिए ही बाल विकास परियोजना स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ-साथ बाल विकास परियोजना में कार्यरत कर्मियों तथा सेविकाओं द्वारा अपने निर्धारित मानदंडों के अनुसार काम किया जाएगा। महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी ने सेविकाओं को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर तरीके से पोषण के साथ पढ़ाई भी करानी है ताकि स्कूल पूर्व शिक्षा की जिम्मेदारी पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी सेवाओं को पोषण के साथ पढ़ाई की अवधारणा के संबंध में विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें ज्ञान से समृद्ध बनाया जाएगा। मौके पर विनय कुमार, संजय कुमार, शशि रंजन आदि उपस्थित थे।

### मगध विश्वविद्यालय में मगध-थाइलैंड शेयर्ड सोशियो-कल्चरल, हिस्टोरिक, रिलिजीयस, लिग्नीसटीक पर वैश्विक संगोष्ठी का भव्य आयोजन

# भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच सांस्कृतिक संवाद से रिश्ते होंगे प्रगाढ़: प्रो. एसपी शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के राधाकृष्णन सभागार में दो दिवसीय वैश्विक संगोष्ठी मगध-थाईलैंड साझा सामाजिक-सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक, भाषायी एवं कलात्मक स्वरूप विषय पर भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी भारत एवं दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच प्राचीन संबंधों को पुनः रेखांकित करने का एक सार्थक प्रयास रहा। मुख्य वक्ता प्रो. सीता राम दूबे ने उद्घाटन भाषण में कहा कि भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच सांस्कृतिक संवाद का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। सम्राट अशोक के काल में ही थाईलैंड में बौद्ध धर्म का प्रचार हुआ था। उन्होंने कहा कि साहित्यिक और ऐतिहासिक साक्ष्य इस आदान-प्रदान की पुष्टि करते हैं। इस अवसर पर विभाग के संस्थापक अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. सच्चिदानंद सहाय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस विभाग की स्थापना भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच सांस्कृतिक एवं अकादमिक संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों द्वारा विभाग को पुनर्जीवित करने के प्रयासों की सराहना की। थाई मोनेस्ट्री के मुख्य भिक्षु ने इस संगोष्ठी की अत्यधिक प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत बौद्ध धर्म की जन्मस्थली है और थाईलैंड ने इस पवित्र विरासत को समर्पित भाव से आत्मसात कर उसे समृद्ध किया है। कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित यह संगोष्ठी न केवल बौद्धिक संवाद का मंच है, बल्कि यह भारत और थाईलैंड जैसे देशों के बीच सांस्कृतिक और अकादमिक रिश्तों को और भी प्रगाढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विभाग के नवनियुक्त शिक्षकों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि विभाग की यह नयी ऊर्ज़ा और प्रतिबद्धता इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगी। पद्मश्री डॉ. सच्चीदानंद सहाय विश्वविद्यालय की एक जीवंत धरोहर हैं और भविष्य में भी उनके मार्गदर्शन में हम ऐसे और आयोजनों की योजना बनाएंगे। कुलपति ने साथ ही मुख्य अतिथि रचना पाटिल, आईएएस, निदेशक, संग्रहालय एवं पुरातत्व निदेशालय, बिहार सरकार से आग्रह किया कि विश्वविद्यालय कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के साथ मिलकर अनेक अनुसंधान परियोजनाएं आरंभ करना चाहता है जिसमें विभाग के शिक्षकों की सक्रिय भूमिका होगी। मुख्य अतिथि रचना पाटिल, आइएएस ने संगोष्ठी की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी तथा बिहार सरकार के संग्रहालय एवं पुरातत्व निदेशालय के साथ संयुक्त शोध कार्यों हेतु प्रेरित किया। शैक्षणिक सत्रों में थाईलैंड सहित दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से आए विद्वानों ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से साझा विरासत की विविधता, गहराई और संभावनाओं पर रोशनी डाली। यह संगोष्ठी मगध विश्वविद्यालय के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संवाद का सेतु बनकर उभरी जो बोधगया की वैश्विक सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगी। मंच का संचालन डॉ मीनाक्षी एवं शंकर शर्मा ने किया तथा आगत अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ विजय कांत यादव ने दिया।

# आंतरिक अंक नहीं भेजने वाले कॉलेजों और विभागों पर गिरी गाज

### समाजशास्त्र और भौतिकी विभाग के शिक्षकों की सैलरी रोकने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने आंतरिक मूल्यांकन अंकों को समय पर न भेजने वाले महाविद्यालयों और स्नातकोत्तर विभागों के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग के अनुसार कई संबद्ध एवं अंगीभूत महाविद्यालयों सहित कुछ स्नातकोत्तर विभागों ने अब तक अपने विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन अंक नहीं भेजे हैं। इस लापरवाही के कारण परीक्षाफल जारी करने में बाधा उत्पन्न हो रही है और छात्रों को अनावश्यक मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। कुलपति प्रो एसपी शाही ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि समयसीमा के भीतर आंतरिक मूल्यांकन अंक नहीं भेजने वाले कॉलेजों और विभागों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस सिलसिले में सबसे पहले स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग के सभी शिक्षकों की सैलरी अगले आदेश तक रोकने का आदेश जारी किया गया है क्योंकि विभाग ने आंतरिक मूल्यांकन अंक निर्धारित समय सीमा के भीतर परीक्षा शाखा को उपलब्ध नहीं कराए। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय प्रशासन को यह शिकायत भी प्राप्त हुई है कि भौतिकी विभाग के कुछ शिक्षकों ने जानबूझकर कुछ विद्यार्थियों को अनुचित तरीके से असफल घोषित किया है। इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए कुलपति ने संबंधित शिक्षकों की सैलरी तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों और महाविद्यालय प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे समय से आंतरिक मूल्यांकन अंक परीक्षा विभाग को भेजें, ताकि परीक्षाफल घोषित किया जा सके और छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित न हो।

## जब खुद पर हो यकीन तो कुछ भी नामुमकिन नहीं : कलारीपयट्टू एथलीट धलाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अगर आपको खुद पर यकीन है तो आपके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। केरल की कलारीपयट्टू खिलाड़ी धलाना केएस इसका जीता-जागता उदाहरण है। धलाना ने पिछले तीन खेलो इंडिया यूथ गेम्स में दो स्वर्ण सहित तीन पदक जीतकर यह साबित किया है। वह पिछले तीन साल से कलारीपयट्टू में अपने राज्य के लिए पदक जीत रही हैं। धलाना ने बिहार की मेजबानी में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में लड़कियों के चुवा डुकल वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने कर्नाटक की लरीशा शर्मा के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करते हुए अपने खेलो इंडिया गेम्स करियर का दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 16 साल की धलाना का यह तीसरा खेलो इंडिया गेम्स है। इससे पहले वो मध्य प्रदेश में स्वर्ण और फिर पिछले साल तमिलनाडु में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स क छठे संस्करण में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। अपनी इस सफलता से गौरवान्वित धलाना ने साई मीडिया से कहा कि जब आप कड़ी मेहनत करके कुछ हासिल करते हैं तो इससे आपको बहुत संतुष्टि मिलती है। मेहनत की वजह से मुझे खुद पर विश्वास था कि मैं ये कर सकती हूं। यहां तक पहुंचने के लिए आपको बहुत सारी चीजों को त्यागना पड़ता है। मैंने भी त्याग किया है। कई बार चोटिल होने के बाद आपको फिर तैयार होना होता है और ये कतई आसान नहीं होता है। धलाना ने इस साल 10वीं कक्षा में दाखिला लिया है। वह पढ़ाई के साथ-साथ अपने खेल को भी जारी रखी हुई हैं। उनका मानना है कि ऐसा करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक साथ दो चीजें जारी रखना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन अगर आपको कुछ करना है तो इन चीजों के साथ सामंजस्य बिठाना पड़ेगा और मैं भी वही कर रही हूं। धलाना केएस ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच और प्रदर्शन में निरंतरता तथा धैर्य व खुद पर विश्वास को दिया। उन्होंने कहा कि हमारे कोच जी.राधाकृष्णन के साथ-साथ मेरे प्रदर्शन में निरंतरता, असफलता में भी धैर्य बनाए रखना और खुद पर ये विश्वास रखना है कि तुम ये कर सकती हो, ये सब चीजों का मेरी सफलता में अहम योगदान रहा है।

## सुशील मोदी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी गया विधानसभा कार्यालय, पितामहेश्वर में बिहार के पुनर्निर्माण के शिल्पकार पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद स्व. सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा गया जिला उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि विकाश कुमार ने कहा कि सुशील मोदी बिहार में सुशासन, पारदर्शिता और आर्थिक अनुशासन के प्रतीक थे। उपमुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने वित्त, वाणिज्य, जैसे जटिल विभागों को कुशलता से संभाला और राज्य को विकास की नई दिशा दी। उन्होंने जंगलराज के खात्मे और बुनियादी ढांचे के विकास में निर्णायक भूमिका निभाई। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली जैसे क्षेत्रों में उनकी नीतियों का व्यापक असर देखा गया। भाजपा मध्य मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार सोनू, अमीत लोहानी, जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार सिंह, दक्षिणी मंडल उपाध्यक्ष टिंकू गोस्वामी, गाजो बाबा, मुन्ना लाल पाठक, मंडल मीडिया प्रभारी नीतीश कुमार, महेंद्र प्रसाद, प्रदीप कुमार अठघरा, दीनानाथ चंद्रवंशी, नागेंद्र प्रसाद, डॉ पवन कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी मोदी जी के साथ बिताए संस्मरण साझा किए और उन्हें एक सच्चे जनसेवक व कुशल संगठनकर्ता बताया।

## हीरा हत्याकांड का नक्सली गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** थाना क्षेत्र के पाण्डेय पोखर गांव का रहने वाला नक्सली सुरेंद्र उर्फ रौशन उर्फ भुरकुंड गिरफ्तार किया गया और उसे मंगलवार को दोपहर एक बजे जेल भेज दिया गया। प्रेस कांफ्रेंस कर टिकारी डीएसपी सुशांत कुमार चंचल ने बताया कि नक्सलियों एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष छापेमारी एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना उपरांत कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार, एस टी एफ की टीम गठित कर बोधगया थानांतर्गत गौतम नगर स्थित 80 फीट मूर्ति के पास से भुरकुंड को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि बीते 13 माह पूर्व वादी उपेंद्र यादव पिता स्व.जगनारायण यादव ग्राम कमल बिगहा के द्वारा एक लिखित आवेदन दिया कि इनका भाई हीरा यादव खाना खाने के बाद दलान में सोने जा रहा था तभी कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली बारी किए जाने लगा। गोली लगने से इनके भाई की मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में कोंच थाना कांड संख्या 256/24 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया जिसमें पकड़े गए नक्सली की संलिप्तता पाई गई थी जो गिरफ्तारी के भय से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि उक्त कांड के 6 अभियुक्तों को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। डीएसपी ने बताया कि उक्त नक्सली के नाम से परैया थाना कांड संख्या 81/2005, 2/2006, 49/2010, 147/16 एवं 143/24 दर्ज है।

## बेटी की विदाई के तीन घंटे बाद पिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गया)।** क्षेत्र के जैतिया गांव में एक लड़की की शादी और विदाई के 3 घंटे बाद ही उसके पिता की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की रात बेटी की शादी में खुश दिख रहे पिता ने पूरे रीति-रिवाजों को बेहतर तरीके से निभाया, लेकिन तड़के बेटी की विदाई के तीन घंटे बाद ही उसके पिता के सीने में तेज दर्द हुआ जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दुल्हन के पिता को मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह दुल्हन के पिता का विष्णुपद श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार जैतिया गांव के रहने वाले सिद्धनाथ सिंह की बेटी नेहा कुमारी की शादी नालंदा जिले के देवधा गांव निवासी गौरव कुमार के साथ रविवार की रात पूरे उत्साह और रीति-रिवाज से संपन्न हुई। घर में शादी की शहनाइयों की गूंज थी, हर कोई खुश था। दुल्हन के पिता भी अपनी बेटी की शादी में पूरे गर्व के साथ शादी समारोह के हर रस्म में व्यस्त थे।

## डीएम को पत्र लिख अविलंब जलापूर्ति की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के बेलागंज प्रखंड के ग्राम भलुआ 2 के ग्राम सुंदरपुर महादलित टोला में विगत डेढ़ वर्षो से जल नल योजना से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है। इस संबंध में मंगलवार को जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम कार्यान्वन समिति बीस सूत्री के सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार ने जिला पदाधिकारी के पत्र लिखकर अविलंब जल आपूर्ति की मांग की है। डॉध कुमार ने कहा है सुंदरपुर दो सौ की बस्ती में सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल नल योजना स्थानीय प्रशासन के लापरवाही से जल की आपूर्ति बंद है।जिससे महादलित परिवार को काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। डॉध कुमार ने विभागीय अधिकारियों से अविलंब जल आपूर्ति की मांग की है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म, 24 घंटे में अभियुक्त गिरफ्तार


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** थाना क्षेत्र के डबूर पंचायत के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में दो अभियुक्तों को मामला दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर मंगलवार को दोपहर दो बजे जेल भेजा गया। प्रेस कांफ्रेंस में टिकारी डीएसपी सुशांत कुमार चंचल ने कहा कि किशोरी की पिता ने लिखित आवेदन दिया कि इनकी 14 वर्षीय पुत्री अपनी बहन के साथ शौच के लिए घर से बाहर खेत में गई हुई थी। उसी समय एक लड़का अपने एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर इनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। इस सम्बन्ध में कोंच थाना कांड संख्या 270/25, पॉक्सो एक्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों को अविलंब गिरफ्तार करने हेतु डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, थानाध्यक्ष शैलेश कुमार को निर्देशित किया गया।

## शांति निकेतन के छात्रों ने 12वीं की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन









**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सीबीएसई 12वीं में शांति निकेतन एकेडमी के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा। छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रौशन किया। विद्यालय स्तर पर अर्पणा कुमारी 98 प्रतिशत अंक (आर्टस), तानिया रानी गुप्ता 93 प्रतिशत अंक (आर्टस), प्रगति 90 प्रतिशत (आर्टस), उत्कर्ष राज 93 प्रतिशत (साइंस), शौर्य कुमार 92 प्रतिशत (साइंस), रिद्धिमा सार्थक 89 प्रतिशत (साइंस), सादिया इमाम 85 प्रतिशत (कामर्स) प्राप्त कर परचम लहराया। 50 छात्रों ने 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय परीक्षा परिणाम शानदार रहा तथा विद्यालय शत-प्रतिशत छात्र सफल रहे। विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम तथा सही मार्गदर्शन से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्र के उत्कृष्ट सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों की लगनशीलता का आभार प्रकट किया। साथ ही शिक्षकों को अब वर्ग 11 वीं में नामांकन लेने वाले छात्रों को बेहत्तर शिक्षा एवं 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम मिले इसलिए बेहतर योजना पर काम करने का मौका दिया। ताकि विद्यालय उच्च शिक्षा में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके।

### लाखों की चोरी, मामला दर्ज

**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के चबूरा पंचायत अंतर्गत घोंघीमठ गांव में चोरी की वारदात सामने आई है जहां अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की चोरी की। पीड़ित ने पुलिस में मामला दर्ज मंगलवार को कराया है जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।**
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या–RDD/SD/GARHWA/18/2024-25_RE(2ND Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड मेराल के ग्राम हसनदाग में मेराल पथ से चार मुहान हरिजन टोला मध्य विधालय होते हुए चरक पथली लगमा जरही पथ तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 42,99,227.00 | 86,000.00 | 5000.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–15.06.2025 से दिनांक–22.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–24.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।

PR 352285 Rural Development(25-26)D


## अतिक्रमण से जाम की समस्या, राहगीर परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** गुरारू बाजार पिछले एक दशक से जबसे बाजार होकर स्टेट हाइवे 69 गुजरा है एवं परैया मोरहर नदी पर पुल बनकर गया-रफीगंज सड़क का उद्धार हुआ है। अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या से परेशान परेशान है। कई पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी आये चले गए, परन्तु आमजनों की समस्या ज्यों की त्यों पड़ी है। गुरारू चौक, स्टेशन रोड, परैया रोड सब्जी मछली मार्केट के पास व्यवसायियों ने तो सड़क के किनारे बने पांच फीट के नाले को तो दुकान में मिला हीं लिया है उसके अलावा सड़क पर आठ दस फीट का कर्कट भी डाल रखा है। इसके साथ ही साथ दुकानदारों द्वारा अपने दुकान के नीचे फुटपाथ को भी बेंच कर अन्य से दुकान लगवाया जा रहा है। इन दिनों भारत माला सड़क निर्माण एवं अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण का कार्य काफी प्रगति पर है और इस कारण भी बाजार में बड़े-बड़े वाहनों का आवागमन बढ़ा हुआ है। जाम की वजह से घंटों एंबुलेंस जैसी अतिआवश्यक गाड़ियां फंसी रहती हैं। नहीं कोई देखने वाला नहीं बोलने बाला। हां इतना जरूर है कि यदि कोई व्यक्ति इन्हें सामानों को थोड़ा हटाने को कह दे तो तुरन्त गाली गलौज और मार-पीट पर उतारू हो जाते हैं। स्टेशन रोड का हाल यह है कि कुछ डब्बा, बक्सा बेचने वाले दुकानदार सड़क के चौथाई भाग पर अपना सामान बिखरे रहते हैं। मना करने पर वही लाठी डंडा लेके तैयार। हालांकि पंचायत समिति एवं बीस सूत्री की बैठकों में इस समस्या को हमेशा उठाया जाता है परन्तु वही ढाक के तीन पात। इस संबंध में एक बुद्धिजीवी ने बताया कि थानाध्यक्ष को छोड़कर प्रखण्ड मुख्यालय में कोई पदाधिकारी तो रहते नहीं हैं तो दर्द क्या जानेंगे। उन्हें गाड़ी से आना-जाना है। जाम में फंसते हीं उनका बॉडीगार्ड तुरन्त जाम हटवा कर उनके गाड़ी को निकाल देता है। अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता। सीओ नूपुर से पूछे जाने पर पिछले एक साल से स्टेट हाइवे का नक्शा मिलने के बाद अतिक्रमण हटाने की बात कहकर मामला को टाला जा रहा है। इस ओर विधायक, सांसद, वरीय पदाधिकारियों को भी ध्यान नहीं है। ध्यान हो भी तो कैसे उनकी गाड़ी तो फंसती नहीं, साथ में पुलिस जो है जिसके पैर में फटे बेयार, वही जाने दर्द के हाल।


**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा ज्ञापांक 1155/जि0प0, दिनांक 08.05.2025 (PR No.- 352035 (District) 25-26 (D) के माध्यम से पलामू जिला अन्तर्गत विभिन्न नलकूपों में Rotten Riser Pipe के बदलने से संबंधित आमंत्रित इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना सं0–03/2025-26 में निम्न प्रकार (As Mensioned in underline) आंशिक संशोधन किया जाता है।

| संशोधित किये जाने वाले विषय | पूर्व से अंकित विवरणी | आंशिक संशोधन/ सुधार सहित विवरणी |
|---|---|---|
| Name of Work | **Changing of 32 mm dia G.I. Rotten Riser Pipe**, Connecting Rod, C.I. Cylinder (Wherever Required) of Drilled Tube Well India Mark -II (IS:15500 Part-2/2004) and depositing taken out old materials to departmental Divisional store etc. all complete job in Rural Areas under Palamu District for the year 2025-26. | **Supplying of 32 mm dia G.I. Riser Pipe**, Connecting Rod, C.I. Cylinder (Wherever Required) of Drilled Tube Well India Mark -II (IS:15500 Part-2/2004) and depositing taken out old materials to departmental Divisional store etc. all complete job in Rural Areas under Palamu District for the year 2025-26. |
| S.l No. 1.01 Coloumn No. 2 | One Fitter (Skilled Labour) for changing Riser Pipe of **5 nos.** of IM-II DT (Rate is inclusive of 10% C.P) | One Fitter (Skilled Labour) for changing Riser Pipe of **8 nos.** of IM-II DT (Rate is inclusive of 10% C.P) |
| S.l No. 3.01 Coloumn No. 2 | Connecting Rod (in nos.) 12mm x 3mtr. Long **5 nos.** connecting rod made of bright bar electro-galvanized fitted with coupler & normal (Rate is inclusive of 10% C.P) | Connecting Rod (in nos.) 12mm x 3mtr. Long **8 nos.** connecting rod made of bright bar electro-galvanized fitted with coupler & normal (Rate is inclusive of 10% C.P) |

निविदा की शेष सभी सूचनाएँ एवं निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि यथावत रहेंगी। निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। ह0/–

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू

PR 352278 District(25-26).D


## महिला संवाद से बढ़ी महिलाओं में जागरूकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** महिला संवाद कार्यक्रम से लाखों महिलाओं की योजना संबंधी जानकारी में बढ़ोतरी हुई है। अभी तक 1200 से अधिक ग्राम संगठनों के माध्यम से दो लाख से अधिक महिलाओं ने महिला संवाद कार्यक्रमों में भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की है। इनमें से 30 हजार से अधिक महिलाओं की आकांक्षाओं को संवाद ऐप्प के माध्यम से संकलित कर संबंधित विभागों को साझा किया गया है। महिला संवाद आकांक्षाओं को साझा करने का प्रभावी मंच बन गया है। इस कार्यक्रम में महिलाएं अपनी स्थानीय समस्याओं को उठाते हुए उनके समाधान की बात कर रही हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**प्रेस विज्ञप्ति**

A.K. & R.K. Ventures J.V., Singrakhurd, Daltonganj, Palamau संवेदक के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH-LWE-LAT-08/2021-22 का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD-21/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 03.09.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.12.2023 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 592 दिनांक 22.05.2023, पत्रांक 1196 दिनांक 06.12.2024 एवं पत्रांक 146 दिनांक 08.02.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अतः निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यो न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

इसे अंतिम स्मार–पत्र समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 352267 REO(25-26).D

# क्या होगा जस्टिस वर्मा का

घर से मिले अधजले कैश कांड में फंसे दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशंवत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले की 3 सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट के बाद पद से इस्तीफा देने से इंकार कर दिया है। बताया जाता है कि कमेटी ने जस्टिस वर्मा के घर कैश मिलने की पुष्टि कर दी है। उसके बाद भी जस्टिस वर्मा पद छोड़ने से इंकार कर रहे हैं तो इसका अर्थ यह भी हो सकता है कि त्यागपत्र देने का परोक्ष रूप से यही अर्थ होगा कि उन्होंने अपराध को स्वीकार कर लिया है। जबकि जस्टिस वर्मा इस बात से इंकार करते रहे हैं कि उनके दिल्ली स्थित निवास पर मिली नकदी उनकी नहीं है। उन्हें किसी ने षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है। इस पूरे में मामले में न्यायपालिका और प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में रही है। संदेश जा रहा था कि व्यवस्था जस्टिस वर्मा को बचाने में लगी है और पूरे प्रकरण को दबाया जा रहा है। इसको भांपकर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना से जस्टिस वर्मा के घर से मिले अधजले नोटों का न सिर्फ वीडियो जारी करवाया बल्कि इस पूरे मामले की जांच के 3 न्यायाधीशों की कमेटी गठित कर दी। इस कमेटी में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जी. एस. संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज जस्टिस अनु शिवरामन सदस्य थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कमेटी ने विगत 25 मार्च को मामले की जांच शुरू की और 4 मई को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौंप दी। रिपोर्ट मिलने के बाद सीजेआई खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा से अपना जवाब दो दिन में देने को कहा था। साथ ही यह भी कहा था कि चूंकि उनके निवास से अधजली नकदी मिलने और बाद में उसे वहां से हटाने की पुष्टि हो गई है, इसलिए वो स्वयं पद से इस्तीफा देने पर विचार करें। अपने जवाब में जस्टिस वर्मा ने एक बार फिर इस्तीफा देने से इंकार कर दिया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आरोप सिद्ध होने के बाद भी अगर जस्टिस वर्मा पद से त्यागपत्र नहीं देते हैं तो उन्हें न्यायमूर्ति के ओहदे से हटाने की कौन सी कानूनी प्रक्रिया है। संविधान के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जज अगर स्वयं इस्तीफा नहीं देते हैं तो उन्हें संसद में महाभियोग के जरिए ही पद से हटाया जा सकता है। गौरतलब है कि जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित निवास के स्टोर रूम से 14 मार्च की रात अधजले नोट बड़ी मात्रा में मिले थे। तभी से जस्टिस वर्मा की ईमानदारी पर सवाल उठने शुरू हो गए थे। हालांकि जस्टिस यशवंत वर्मा का कहना था कि उन्होंने या उनके परिवार वालों ने इस तरह कभी घर में कैश नहीं रखा। उनके खिलाफ साजिश रची गई है। लेकिन जस्टिस वर्मा यह भी नहीं बता पाए कि अगर किसी ने साजिश भी रची हो तो वो कौन लोग हो सकते हैं। उधर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जस्टिस वर्मा का तबादला दिल्ली से इलाहाबाद हाई कोर्ट कर दिया था तथा उनसे न्यायिक अधिकार भी छीन लिए थे। अब सरकार के पास जस्टिस वर्मा को हटाने का एकमात्र विकल्प महाभियोग चलाने का है। लेकिन इसकी प्रक्रिया बहुत लंबी है और भारत में आज तक उच्च न्यायपालिका के किसी जज को इसके माध्यम से नहीं हटाया जा सका है। पूर्व में भारत में ऐसे केवल दो उदाहरण है, जिनमें जजों पर महाभियोग चलाया गया, लेकिन वो संसद में पारित होने के पहले सम्बंधित जजों ने इस्तीफा दे दिया।

# राजगीर में गूंज रही खिलाड़ियों की जयकार - ये है अपना नया बिहार



- 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के जरिए खेल मानचित्र पर तेजी से उभरता नया राजगीर
- खेलों के जरिए बिहार गढ़ रहा है अपनी नई पहचान
- आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ मिल रही विश्वस्तरीय सुविधाएं देख खिलाड़ी भी हैरान
- खेलों के माध्यम से निखर रहा है राजगीर का नया स्वरूप

'बिहार और प्रदेशां तै कम सै के'। हरियाणा की स्वर्ण पदक विजेता और कबड्डी चैंपियन सोनम और अर्पिता की ठेठ हरियाणवी में बोली गई इन लुभावनी बातों ने हर बिहारवासियों को गौरवान्वित महसूस करा दिया। जी हां, प्राचीन इतिहास और संस्कृति से समृद्ध राजगीर में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में अलग-अलग प्रांतों के हजारों खिलाड़ियों का जुटान हुआ है, जहां सभी अपनी खेल प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं और योग्यता साबित कर रहे हैं।

बिहार के पांच शहरों - पटना, नालंदा (राजगीर), गया, भागलपुर और बेगूसराय में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' का आयोजन हो रहा है। राजगीर जो अब तक अपने ऐतिहासिक और बौद्धिक विरासत के लिए जाना जाता था, अब स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में तेजी से उभर रहा है। 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' का आयोजन यहां न केवल बिहार के लिए गर्व की बात है बल्कि यह राज्य के बदलते चेहरे और सरकार की दूरदृष्टि का भी प्रतीक है। इस आयोजन के माध्यम से नीतीश सरकार ने बिहार की एक नई पहचान गढ़ने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है।

## 90 एकड़ में फैला राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

खूबसूरत पहाड़ी की वादियों में 90 एकड़ में फैला राजगीर स्पोर्ट्स



कॉम्प्लेक्स अब देश के चुनिंदा आधुनिक खेल परिसरों में गिना जा रहा है। इसमें ओलंपिक स्तर के ट्रैक, स्वीमिंग पूल, शूटिंग रेंज, इनडोर बास्केटबॉल, हैंडबॉल, वॉलीबॉल कोर्ट के साथ-साथ फुटबॉल और हॉकी के लिए समर्पित ग्राउंड्स जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यहां टेबल टेनिस और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो रही हैं।

इसके साथ ही 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य जारी है। इसे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मानक के अनुरुप तैयार किया जा रहा है। यहां की संरचनाओं को देखकर कोई नहीं कह सकता कि यह वही बिहार है, जिसे कभी पिछड़ेपन का प्रतीक माना जाता था। देश के अन्य प्रदेशों से आने वाले प्लेयर्स भी अब इसकी तस्दीक दे रहे हैं कि बिहार कितना खूबसूरत है।

बिहार सरकार ने राजगीर में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के लिए खिलाड़ियों की हर जरूरत को ध्यान में रखते हुए बेहतरीन इंतजाम किए हैं। आवास, मेडिकल सुविधा और डायट समेत हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

## उत्कृष्ट व्यवस्था देख खिलाड़ी गदगद

'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के आयोजन को लेकर की गई शानदार तैयारियों और सकारात्मक माहौल से सैकड़ों मील दूर से आए खिलाड़ी भी उत्साहित और संतुष्ट नजर आ रहे हैं। आधुनिक सुविधाओं, सुव्यवस्थित आवासन और हर स्तर पर दिख रही पेशेवर कार्यशैली ने इस आयोजन को खास बना दिया है।

खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था न केवल राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में की गई है बल्कि उनके आराम और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बिहार पुलिस अकादमी में भी उच्च स्तर की रिहायशी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। खिलाड़ियों की हर छोटी-बड़ी आवश्यकता और सहायता के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जो सातों दिन 24 घंटे सक्रिय रहकर उन्हें सभी जरूरी जानकारी और सहयोग मुहैया करा रही है।

## राजगीर में मिल रही सुविधाओं ने जीता दिल

मणिपुर के हॉकी खिलाड़ी लैसराम प्रीतम की मानें तो यहां प्लेयर्स को बेहतर सुविधा के साथ-साथ शानदार माहौल मिल रहा है। वे यहां का स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर देखकर दंग हैं। वहीं, कर्नाटक हॉकी टीम की फिजियो राम्या ने



बेहतरीन सुविधाओं के लिए बिहार सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि एक खिलाड़ी के लिए क्या खास होना चाहिए, उसका विशेष ख्याल रखा गया है। वे राजगीर में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर देख हैरान हैं। उन्होंने एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम की जमकर तारीफ की और कहा कि शानदार ग्राउंड होने की वजह से खिलाड़ियों की इंजरी रेट बेहद दी कम है।

राम्या की मानें तो वे पहली दफा बिहार आयी हैं लेकिन दूसरे प्रदेशों के लोगों के मन में जैसी धारणा है, वैसा बिल्कुल भी नहीं है। वे खुद को काफी सुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को दी जा रही डायट की विशेष तौर पर तारीफ की।

## राजगीर में मिल रही टॉप क्लास की सुविधा

कर्नाटक के हॉकी खिलाड़ी अर्श अली ने राजगीर में खिलाड़ियों को मिल रही सुविधा को टॉप क्लास का बताया और कहा कि अच्छी बात है कि एक ही जगह सारे गेम्स हो रहे हैं। प्लेयर्स का ग्रांड वेलकम हो रहा है।

## बिहार आकर बदली धारणा

महाराष्ट्र के टेबल टेनिस खिलाड़ी कुशल चोपड़ा ने कहा कि 'मैं पहली बार बिहार आया हूं। शुरुआत में थोड़ी हिचक थी लेकिन यहां आकर सारी धारणाएं टूट गईं। खिलाड़ियों को शानदार सुविधाएं मिल रही हैं। आवास, भोजन, मनोरंजन और साफ-सफाई सब बेहतरीन हैं। ट्रांसपोर्ट तक की खास व्यवस्था है। बिहार सरकार ने बड़ी कुशलता से इतना बड़ा आयोजन किया है। उम्मीद है ये प्रयास आगे भी जारी रहेगा।'

वहीं, तमिलनाडु टेबल टेनिस टीम के कोच सुबिन कुमार ने इस खेल महाकुंभ के लिए बिहार सरकार की तारीफ में कसीदे गढ़े और कहा कि खिलाड़ियों की हर जरूरत का विशेष ख्याल रखा गया है। यहां प्लेयर्स को मिलने वाली सुविधा टॉप क्लास की है। खेल के क्षेत्र में बिहार में असीम संभावनाएं हैं।

मध्य प्रदेश की टेबल टेनिस खिलाड़ी कलिका मालिनी ने कहा कि 'बिहार बेहद खूबसूरत है और यहां के लोग मिलनसार हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हमें शानदार सुविधाएं मिली हैं। सुरक्षा पुख्ता है और हमारी डायट का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।''

बिहार के खिलाड़ियों की जुबानी



बिहार के टेबल टेनिस खिलाड़ी कुमार हर्षित ने कहा कि 'पहली बार अपने राज्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता देखकर गर्व हो रहा है। नीतीश सरकार ने खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन सुविधाएं दी हैं, जो पहले कभी नहीं थीं। 'मेडल लाओ-नौकरी पाओ' जैसी योजनाओं से स्पोर्ट्स कल्चर को नई दिशा मिली है।'

वहीं, नंदिनी ने इस मेगा स्पोर्ट्स इवेंट के लिए बिहार सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' का पहली बार बिहार में आयोजन हो रहा है लिहाजा हर बिहारवासी के लिए गर्व की बात है। हर प्रांत से खिलाड़ियों का जुटान हुआ है, जिसे देखकर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

पटना की टेबल टेनिस खिलाड़ी माही गुप्ता ने राजगीर में वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से बिहार के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्लेटफॉर्म मिल रहा है, जहां उन्हें उम्दा सुविधाएं मिल रही हैं।

## खिलाड़ियों को मिला भरोसेमंद माहौल

तमिलनाडु के रहवासी और अंडर-17 टेबल टेनिस चैंपियन पीबी अभिनंद पहली बार बिहार आए हैं। उनका मानना है कि बिहार बेहद ही खूबसूरत है और स्थानीय लोग काफी सपोर्टिव हैं। उन्होंने राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की तारीफ के पुल बांधे और कहा कि यहां आकर उन्हें सुखद अनुभूति हो रही है।

हरियाणा की गोल्ड मेडलिस्ट कबड्डी खिलाड़ी सोनम ने कहा कि 'राजगीर में रहकर घर की कमी महसूस नहीं हुई। खाने-पीने से लेकर रहने तक हर व्यवस्था बेहतरीन है। उत्तर और दक्षिण भारत दोनों के व्यंजन उपलब्ध हैं। साफ-सफाई शानदार है और महिला हेल्प डेस्क हर वक्त सहयोग में तत्पर रहती है। मेरा मानना है कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए।' वहीं, पंजाब की खिलाड़ी ललिता ने राजगीर की खूबसूरती की दिल खोलकर तारीफ की।

## खिलाड़ियों की सेहत का पूरा ख्याल

'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के आयोजन के दौरान राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों की सेहत और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए परिसर में एक सुव्यवस्थित हेल्थ सेंटर की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे चिकित्सकीय सेवा प्रदान करता है।

इस हेल्थ सेंटर में पुरुष और महिला डॉक्टरों की पूरी टीम तैनात रहती है, जो खिलाड़ियों की किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए हर समय मौजूद रहती है। परिसर के भीतर ही एक मिनी अस्पताल की सुविधा उपलब्ध है, जहां अस्वस्थ खिलाड़ियों का तुरंत इलाज किया जाता है।

गंभीर चोट की स्थिति में खिलाड़ियों को तुरंत उच्च चिकित्सा सुविधा केंद्र (हायर मेडिकल सेंटर) रेफर करने की व्यवस्था की गई है। विशेष रूप से गंभीर रूप से घायल खिलाड़ियों को नजदीकी पावापुरी स्थित बीवीआईआईएमएस संस्थान में तत्काल रेफर किया जाता है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहती है। एंबुलेंस की 24 घंटे तैनाती रहती है।

## 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में नाडा की टीम तैनात

'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के दौरान प्रतियोगिता की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) की टीम की तैनाती की गई है। नाडा की यह टीम प्रतियोगिता स्थल पर पूरे आयोजन के दौरान सक्रिय रूप से मौजूद रहती है। एजेंसी के अधिकारी रैंडम आधार पर खिलाड़ियों की डोप टेस्टिंग करते हैं। खास तौर पर विजेता खिलाड़ियों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल खिलाड़ियों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।

## सुरक्षा और समन्वय के लिए नियंत्रण कक्ष

'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के सफल और सुचारू संचालन के लिए नालंदा जिला प्रशासन ने एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। यह नियंत्रण कक्ष आयोजन के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, आपात सेवाएं और अन्य व्यवस्थाओं के बीच तत्काल समन्वय स्थापित करने का काम करता है।

यह केंद्र हर समय सक्रिय रहकर सभी संबंधित विभागों के साथ तालमेल बनाए रखता है ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित निर्णय और कार्रवाई की जा सके। खिलाड़ियों और आयोजकों को किसी भी समस्या की स्थिति में सीधा संपर्क माध्यम प्रदान करने के लिए यह एक केंद्रीय निगरानी व्यवस्था की तरह कार्य कर रहा है।

## समग्र सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सहित सभी प्रमुख स्थानों पर दमकल वाहन, अग्निशमन उपकरण और प्रशिक्षित कर्मी हर समय तैनात हैं ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। आयोजन स्थल और खिलाड़ियों के निवास स्थलों पर पुलिस बल, विशेष सुरक्षा दस्ते, सीसीटीवी निगरानी और मेटल डिटेक्टर जैसी सुविधाएं तैनात की गई हैं। सुरक्षा कर्मी हर गतिविधि पर कड़ी नजर रख रहे हैं ताकि खिलाड़ी निश्चिंत और सुरक्षित माहौल में अपने खेल का लुत्फ उठा सकें।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन पर बोले खेल सचिव

'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करने पहुंचे युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव हरि रंजन राव ने कहा कि केंद्र सरकार खेलों के प्रसार और प्रोत्साहन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बिहार में इस प्रतिष्ठित आयोजन के सफल संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की और राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सराहना करते हुए आयोजन टीम के समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देशभर से आए एथलीट्स यहां की व्यवस्था से बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि खेलों को हर राज्य में जमीनी स्तर तक बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया मिलकर काम कर रही है।

## खेल मानचित्र पर अब चमक रहा राजगीर

राजगीर में हो रहे इस मेगा स्पोर्ट्स इवेंट को लेकर स्थानीय निवासियों का कहना है कि पहली बार उनके शहर में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। जो सुविधाएं यहां मिल रही हैं, वो किसी मेट्रो सिटी से कम नहीं है। बिहार सरकार ने जो काम किया है, उससे लगता है कि अब हमारा राजगीर भी खेल मानचित्र पर चमक उठा है।

## पर्यटन और अर्थव्यवस्था को मिली संजीवनी

'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के आयोजन से राजगीर का पर्यटन भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बड़ी संख्या में खिलाड़ी, कोच और पर्यटकों की आमद ने स्थानीय व्यापार, होटल, परिवहन और अन्य सेवाओं को बढ़ावा दिया है। यह आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था को संजीवनी देने जैसा है।

## बिहार की छवि में बदलाव

'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' जैसे आयोजन यह संदेश दे रहे हैं कि बिहार अब सिर्फ इतिहास नहीं बल्कि भविष्य की भी बात कर रहा है। यह आयोजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस विजन का हिस्सा है, जिसमें वे बिहार को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना चाहते हैं-चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या फिर खेल।



# आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्थापित नीति : ऑपरेशन सिंदूर

**अश्विनी वैष्णव**



पहलगाम में हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों पर हमला नहीं था–यह भारत की अंतरात्मा पर आघात था। इसके जवाब में भारत ने आतंकवाद से निपटने के लिए नियमों की किताब ही बदलने का फैसला किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' मोदी सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर 'जीरो टॉलरेंस, कोई समझौता नहीं' की नीति की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है–यही है मोदी डॉक्ट्रिन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में आतंकवाद से निपटने के लिए इस सिद्धांत की रूपरेखा प्रस्तुत की। हाल की घटनाओं से प्रेरित यह सिद्धांत आतंकवाद और बाहरी खतरों के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया का एक निर्णायक ढांचा प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया कि हर कदम–चाहे वह सिंधु जल संधि को निलंबित करना हो या आतंकवादी शिविरों पर सैन्य हमले करना–सभी सुनियोजित और समयबद्ध थे। सरकार ने आवेग के बजाय रणनीति को चुना। इसका परिणाम यह हुआ कि पाकिस्तान और आतंकी समूह भारत की प्रतिक्रिया को भांप नहीं सके। इससे ऑपरेशन सिंदूर को आश्चर्यजनक सटीकता और पूर्ण प्रभाव के साथ अंजाम देना संभव हुआ। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्थापित नीति बन चुका है। यह रणनीतिक दृष्टिकोण में एक निर्णायक बदलाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों की भावना का प्रतीक है। यह भारत का दुनिया को स्पष्ट संदेश है कि बर्बरता का जवाब सुनियोजित शक्ति से दिया जाएगा। अब आतंकवाद में संलिप्त पड़ोसी देशों को न राजनयिक आवरण में छुपने दिया जाएगा, न परमाणु हथियारों की धमकी से बचने का मौका मिलेगा।

## मोदी सिद्धांत के तीन स्तंभ : निर्णायक जवाब, भारत की शर्तों पर

भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का उत्तर निर्णायक और भारत की शर्तों पर दिया जाएगा। आतंकवाद की जड़ों पर सीधा प्रहार किया जाएगा और आतंकियों व उनके संरक्षकों को परिणाम भुगतने होंगे।

## परमाणु धमकियों के लिए शून्य सहनशीलता

भारत किसी भी प्रकार की परमाणु ब्लैकमेलिंग के सामने नहीं झुकेगा। सिद्धांत स्पष्ट करता है कि यदि कोई देश आतंकवाद के कवच के रूप में परमाणु धमकी का उपयोग करता है तो भारत उस पर सटीक और निर्णायक कार्रवाई करेगा।

## आतंकी और उनके संरक्षकों में कोई भेद नहीं

अब भारत केवल आतंकवादियों को ही नहीं बल्कि उन्हें शरण देने, वित्त पोषण करने और समर्थन देने वालों को भी समान रूप से जिम्मेदार ठहराएगा। जो पालते हैं, वे भी भुगतेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में रखते हुए चेतावनी दी कि जो देश आतंकवाद को समर्थन दे रहे हैं, वे अंततः खुद के विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने ऐसे राष्ट्रों से समय रहते अपने आतंकी ढांचे को ध्वस्त करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नया सिद्धांत भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा दृष्टिकोण में एक ऐतिहासिक बदलाव को दर्शाता है। सरकार नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भारत की संप्रभुता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया। यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने इतनी स्पष्टता और साहस से कार्य किया है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयरस्ट्राइक, और अब ऑपरेशन सिंदूर–इन सबने मिलकर मोदी डॉक्ट्रिन को आकार दिया है: तेज, निर्णायक कार्रवाई–भारत की शर्तों पर। हर कदम ने भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को और मजबूत किया है। इस बार भारत का संदेश स्पष्ट और दृढ़ है–आतंक और व्यापार साथ नहीं चल सकते। अटारी-वाघा बॉर्डर बंद कर दिया गया है, द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित कर दिया गया है, वीज़ा रद्द कर दिए गए हैं, और सिंधु जल संधि पर रोक लगा दी गई है। प्रधानमंत्री के शब्दों में-पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। अब आतंक का समर्थन करने वालों को आर्थिक और कूटनीतिक कीमत चुकानी होगी। इतिहास पहलगाम के जवाब को भारत की संतुलित और सिद्धांत आधारित प्रतिक्रिया के रूप में याद रखेगा। भारत डटा रहा, एक स्वर में बोला, और एकजुट होकर प्रहार किया। ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं–एक नए युग की शुरुआत है। एक ऐसा युग जहां आतंक का जवाब मिलेगा–स्पष्टता, साहस और संकल्प के साथ।

**(लेखक भारत के रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं)**

# छात्रों की मेहनत लाई रंग, उत्साह का रहा माहौल

## हॉली मिशन हाई स्कूल में 97 फीसदी अंक लाकर अंबर बना स्कूल टॉपर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** हॉली मिशन हाई स्कूल, समस्तीपुर के 10वीं कक्षा के छात्रों ने हाल ही में आयोजित बोर्ड परीक्षा में अत्यंत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 17 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष का सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र अम्बर प्रकाश रहे, जिन्होंने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल टॉपर रहे। वहीं निखिल राज और दीपाली सिंह ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर तथा आयुष सिंह और हर्ष कुमार ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। जबकि सिमरन सलोनी ने 92.6 प्रतिशत, आदिति राज ने 91.6 प्रतिशत और आर्यन राज ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया और टॉप टेन में शामिल रहे। इनके अतिरिक्त अन्य 9 अन्य छात्रों ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और शिक्षकों के समर्पण को सिद्ध किया है। यह शानदार प्रदर्शन छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। इस सफलता ने न केवल छात्रों को प्रेरित किया है, बल्कि विद्यालय की प्रतिष्ठा को भी एक नई ऊंचाई दी है। विद्यालय परिवार इस उपलब्धि को एक मील का पत्थर मानते हुए भविष्य में और भी उत्कृष्ट परिणामों की आशा करता है।

**12वीं की परीक्षा में रचा नया कीर्तिमान**

हॉली मिशन हाई स्कूल, समस्तीपुर के छात्रों ने सीबीएसई की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष कुल 284 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 'विद्यालय का समग्र परिणाम 99 प्रतिशत रहा, जो उत्कृष्टता का प्रतीक है। तीनों स्ट्रीम दृ साइंस, कॉमर्स और आर्ट में छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। पी.सी.एम. स्ट्रीम से 'जतिन धंधानिया' ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर रहे। जबकि पी.सी.बी. स्ट्रीम से प्रतीक कर्ण ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉपर रहे। कॉमर्स स्ट्रीम में वेदान्त आनंद ने 95.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आर्ट स्ट्रीम से 'सौरव कुमार' ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय ने इस वर्ष कई विषयों में छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। उर्दू, रसायन शास्त्र और चित्रकला जैसे विषयों में छात्रों ने पूर्ण 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकोंगणों ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। टॉपर्स को विद्यालय में विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। हॉली मिशन हाई स्कूल निरंतर शिक्षा, संस्कृति एवं अनुशासन की उत्कृष्टता की दिशा में कार्यरत है और भविष्य में भी ऐसे शानदार परिणामों की आशा करता है।

### परीक्षा परिणाम जारी होते ही छात्रों में रहा हर्ष का माहौल

**समस्तीपुर/ताजपुर।** सीबीएसई के दसवीं के रिजल्ट का प्रकाशन होते ही ताजपुर शहर के एकमात्र सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय डॉ मुक्तेश्वर सिन्हा मॉडेस्टी स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई और पूरा परिसर जश्न में डूब गया। विद्यालय के मान्यता मिलने के पश्चात प्रथम बैच ने अपने प्रदर्शन से विद्यालय एवं अपने अभिभावकों को गौरवान्वित एवं सबका मन प्रफुल्लित कर दिया। इस बाबत जानकारी देते हुए मोडेस्टी स्कूल के निदेशक आदर्श कुमार ने बताया कि विद्यालय के छात्र अनुज ने 97, शिफा 95, और जैनब ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय के शीर्ष तीन में जगह बनाया। लिया। इसके अलावा अभिनीत, मुस्कान, शशांक अंकिता, अरहान आयेशा ने भी 90 फीसद से अधिक अंक हासिल कर अपने अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अंजलि केवट ने भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए सभी को उनके उज्जवल भविष्य हेतु आशावान रहने का गुरुमंत्र दिया। कहा कि जीवन की पहली सीढ़ी छात्रों ने सफलता पूर्वक पार कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों की प्रशंसा की। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि डॉ मुक्तेश्वर सिन्हा मॉडेस्टी स्कूल परिवार इन विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करता है। यह परिणाम केवल अंकों का नहीं, बल्कि उनके सतत प्रयास, स्वप्नों की उड़ान और आत्मविश्वास की कहानी है।

## मुझे बदनाम करने की हो रही साजिश : डा. पंकज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र स्थित केडीएस हार्ट हास्पिटल के निदेशक डा. पंकज कुमार सिंह ने हास्पिटल पर हंगामा करने के आरोप कई आरोपी के विरुद्ध में थाना में लिखित शिकायत की है। ज्ञात हो की रूना देवी एवं इनके परिजनों ने उक्त अस्पताल की जमीन को निजी बताकर रविवार को अस्पताल के समक्ष धरना प्रदर्शन किया था। सोमवार को इस संबंध में डा सिंह ने कहा की मुझे बदनाम करने की साजिश के तहत ये सब हो रहा है। जबकी सच्चाई ये है कि मैंने 2016 में संजीव कुमार और रामाकांत सिंह से क्लिनिक का जगह किराए पर लिया। जिसमे उनकी सहमति से बाद में हास्पिटल का निर्माण किया। जिसके सारे दस्तावेज मौजूद हैं। बाद में नवंबर 2023 में उन्ही लोगो से जमीन लिखाया। अनिल कुमार सिंह उर्फ ठाकुर और उनकी पत्नी रूना देवी मेरे पड़ोस में रहते हैं। उसके बाद अचानक अगस्त 2024 में बेगूसराय डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में मेरे खिलाफ ये कहते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया कि इन्होंने मेरी जमीन धोखे से लिखा लिया। लेकिन कहीं ये अपने जमीन का दस्तावेज नहीं दिखाते हैं।

## सिटी सेन्ट्रल हाई स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** सिटी सेन्ट्रल स्कूल ग्रुप के निदेशक संजीव कुमार पांडेय ने सफल छात्र - छात्राओं को मिठाई खिला कर भविष्य में और बेहतर करने की शुभकामना सहित बधाई दी है। श्री पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय की प्रगति शिखा ने 94.8 प्रतिशत, प्रणती शिखा 93.6 प्रतिशत, प्रियांशु रंजन 92.8 प्रतिशत, नीतू कुमारी एवं सौरव कूमार ने 92.8 प्रतिशत, मयंक राज व अमन कुमार ने 92.2 प्रतिशत, शुधांशु सिवांत 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं बारहवीं में हरेराम ठाकुर ने 92.6 प्रतिशत अंक लाकर अपना परचम लहराया है। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय प्राचार्य सीके ठाकुर ने सफल छात्र-छात्राओं को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी। पूरा सिटी सेन्ट्रल स्कूल ग्रूप प्रतिभाशाली छात्रों की सफलता का जश्न डुब गया। स्कूल ग्रुप के प्राचार्य कविथा एम0 करुणाकरण, मनीष कुमार, सुप्रिया कुमारी, रूपांजलि कुमारी के साथ- साथ शैक्षणिक प्रभारी आनंद शंकर, राधेश्याम ठाकूर, श्याम कुमार चैरसिया, मनीष भारद्वाज, सुदर्शन शर्मा संदीप, अर्जुन, शिवेश कौशल, आशा कुमारी, राज प्रिया, साधना कुमारी, रीता कुमारी, फैयाज अहमद, के शशांक, प्रेरणा कुमारी, राहुल कुमार आदि शिक्षकों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई और भविष्य के लिए बेहतरतम सफलता की कामना की।

## सीबीएसई परीक्षा में विकास विद्यालय रहा अव्वल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** मंगलवार को सीबीएसई 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित होते ही विकास विद्यालय का प्रांगण में खुशी का माहौल बन गया। दसवीं की परीक्षा में कुल शामिल 360 बच्चों में 99 प्रतिशत अंक लाकर हिमांशु कश्यप, सताक्षी कुमारी 96.4, आयुषी गौतम 95.2, तिलक राज 95 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय, जिले तथा गाँव का नाम रोशन किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों में आयुष कुमार, मनमोहन कुमार, हार्दिक राज गौतम, सुमित कुमार, अनुराग कुमार, आराध्या गौतम, मयंक गौतम, मास्टर सूरज, केशव शांडिल्य, चंदा कुमारी, खुशी रानी, सचिन कुमार, अनुराग कुमार, आदित्य राज, हरिओम कुमार सिंह, सोनू कुमार, तन्मय आनंद मिश्र, नितिन कुमार, सनी कुमार,भावना भारती, आदर्श कुमार, इशांत कुमार, संगीता कुमारी, साक्षी कुमारी, पलक, अंकित कुमार, अभिषेक कुमार, शिवानी सुमन, कुनाल कुमार, अंकुश कुमार, बिन्दया कुमारी, आस्था कुमारी, अंकित कुमार, विष्णु प्रिया, अंशु कुमार, हर्ष राज, विवेक कुमार, कुनाल गौतम, दीपक कुमार, अभिनव कुमार, सृष्टी राज, रिशिका कुमारी, रिशु कुमारी, अविनाश कुमार, आकांक्षा कुमारी, खुशी राज, प्रतिभा कुमारी, अभिषेक कुमार, शिवम कुमार, सोनू कुमार, युवराज कुमार, धीरज कुमार, हैं।बारहवीं के परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों में सौरभ कुमार 94.6, आन्या विशेष, आदित्य राज, शिवांग कुमार, इसान राज, आयुष राज, शिवम कुमार, काजल कुमारी, आयुष कुमार, शुभम राज, आशीष भूषण, प्रियांशु भारद्वाज, सुशील कुमार, व अन्य। परीक्षार्थियों की इस सफलता के लिए विद्यालय के निदेशक राजकुमार सिंह ने विशेष रूप से हिमांशु कश्यप को 99 प्रतिशत अंक लाने के लिए उसका धन्यवाद किया और साथ ही अन्य बच्चों को बधाई दी। विद्यालय के सचिव राजकिशोर सिंह ने इस अवसर पर सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी। विद्यालय के उपनिदेशक राकेश कुमार के परीक्षा परिणाम से गदगद दिखे और बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार चौधरी ने भी बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## माउंट लिट्रा के बच्चों का सीबीएसई में रहा जलवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणामों में मंगलवार को माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल बेगूसराय ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए शत प्रतिशत परिणाम के साथ सफलता की नई इबारत लिखी है। विद्यालय के छात्रों ने कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों में शानदार प्रदर्शन कर यह प्रमाणित कर दिया कि यदि मार्गदर्शन सटीक हो तो कोई भी शिखर दूर नहीं। कक्षा 10वीं के कुछ मेधावी छात्रों में चन्द्रकला शरण, केशव जयसवाल, निशांत कुमार, कृश्व देव, अमृत राज ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।वहीं कक्षा 12वीं में भी हर्षबर्धन, भव्या, ध्रुव कश्यप ने उत.ष्टता की नई मिसाल पेश की है। विद्यालय की प्राचार्या डा. शीतल ने इस स्वर्णिम उपलब्धि पर कहा यह परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के विश्वास का सम्मिलित प्रतिफल है। विद्यालय के निदेशक डा. मनीष देवा ने इस अवसर पर कहा माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल केवल अंक नहीं, चरित्र निर्माण की पाठशाला है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह भी बताया गया कि इस वर्ष अनेक छात्रों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। जिनकी विस्तृत सूची शीघ्र ही जारी की जाएगी। साथ ही इन मेधावी छात्रों को विद्यालय में विशेष सम्मान समारोह के अंतर्गत सम्मानित भी किया जाएगा।

## लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** शहर के हरपुर एलौथ स्थित लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर में दिनांक 12 मई 2025 को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने नर्सों के कार्यों, उनकी समाज में भूमिका, परिवार व समाज के स्वास्थ्य एवं स्वस्थ समाज निर्माण में उनके योगदान को लेकर बैनर, पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने, नर्सें केवल स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ नहीं, बल्कि वे परिवार की सुरक्षा में एक अनदेखी शक्ति भी हैं। 'नर्स है तो जीवन है', 'सेवा ही धर्म है' आदि विविध स्लोगनों के माध्यम से समाज को नर्स के प्रति सकारात्मक व सम्मानजनक व्यवहार करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्थान की चेयरमैन मोनी रानी ने छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा, नर्सों के योगदान को समझने और उन्हें समाज में सम्मान देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि नर्स डे मशहूर नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगल को समर्पित है। 12 मई को नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था। उनकी स्मृति में ही हर साल 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को लेडी विद दे लैंप के नाम से भी जाना जाता है। नर्सों के सम्मान के लिए पहली बार अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का साल 1974 में मनाया गया था। उसके बाद से हर साल इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स यानी अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस केलिये एक थीम निर्धारित करता है। आज हमारे छात्र-छात्राओं ने जिस तरह से इस दिन को मनाया है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। हमारा उद्देश्य है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के दक्ष व संकल्पित पेशेवरों को तैयार करना है। लीडर इंस्टिट्यूट आगे भी इस तरह के सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में अग्रसर रहेगा।

## नर्सों के बिना सफल चिकित्सा नामुमकिन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** झक सफ़ेद लिबास, चेहरे पर सुबह सी ताजगी और ओठों पर स्नेह लुटाती मुस्कान का जिक्र होते ही चिर आरोग्य की जिस देवी की तस्वीर आंखों के सामने उभरती है वह है सिस्टर या कहें नर्स। चिकित्सा जगत में अहर्निशं सेवामहे नर्स के कारण ही साकार होता है। शहर के आदर्शनगर स्थित संजीवनी हॉस्पीटल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हॉस्पीटल के निदेशक डॉ अजीत कुमार ने उक्त बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि नर्स डे मशहूर नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगल को समर्पित है। 12 मई को नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था। इसलिए उनकी स्मृति में ही हर साल 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। डॉ अजीत ने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल को लेडी विद द लैंप के नाम से भी जाना जाता है। नर्सों के सम्मान के लिए पहली बार अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का साल 1974 में मनाया गया था। उसके बाद से हर साल इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स यानी अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस केलिये एक थीम निर्धारित करता है। उन्होंने बताया कि इस साल 2025 में नर्स दिवस की थीम है नर्सः नेतृत्व करने के लिए एक आवाजः गुणवत्ता प्रदान करना, समानता सुनिश्चित करना है। बताते चलें कि सोमवार को संजीवनी हॉस्पीटल में चिकित्सकों व नर्स सहित चिकित्सा कर्मियों ने केक काट कर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मौजूद चिकित्सकों व नर्सो ने एक दूसरे को केक खिला कर बधाई दी। मौके पर डॉ अभिषेक सिंह, डॉ मेराज इमाम, डॉ काशीनाथ सिंह, डॉ भारती, डॉ भारतेंदु कुमार, बिट्टू सिंह, गौरव कुमार, कुंदन कुमार, प्रीति कुमारी, डॉ एके पांडेय, डॉ ब्रजेश आदि मौजूद थे।

## मामूली विवाद को लेकर युवक की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** मंगलवार को भगवानपुर थाना क्षेत्र के नौला वार्ड- 15 में मामूली सी विवाद में एक युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान संजय साह के 22 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने अपराधी के घर पर चढ़कर तोड़फोड़ की और मुख्य सड़क को जामकर हंगामा मचाया। घटना की सूचना मिलने के बाद भगवानपुर थाना पुलिस नौला गांव पहुंची। जिसके बाद पूरे मामले की छानबीन शुरू की गई। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया की मामूली विवाद ने बड़ी घटना हो गई। दो महिलाओं के बीच हो रही कहासुनी मारपीट में बदल गई। बदमाशों ने एक युवक सुजीत कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। घटना से आक्रोशित लोगों ने अपराधी के घर पर हमला बोल दिया। आरोपी के घर पर जमकर तोड़फोड़ की और मुख्य सड़क को जाम कर हंगामा मचाया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने पुलिस से मामले की शीघ्र जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। आरोपियों की गिरफ्तार और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये जाने की मांग की।

## एक नजर

### गर्मी को लेकर स्कूलों का समय बदला

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलेभर में बढ़ती तापमान को लेकर डीएम तुषार सिंगला ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में शैक्षणिक कार्य का समय बदल दिया है। इससे बच्चो के अभिभावकों में काफी हर्ष है। इस संबंध में डीएम श्री सिंगला ने पत्र जारी करते हुए सभी शिक्षण संस्थानों में 13 मई से 25 मई तक विद्यालय का पठन पाठन दिन के 11 बजे तक ही होंगे। यह निर्णय भीषण तापमान और गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया। बढ़ती गर्मी बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित न करें। इसको लेकर 13 मई से 25 मई तक सभी सरकारी, निजी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 11 तक ही संचालित होगा। इस बात की जानकारी बखरी एसडीएम सौरभ कुमार सन्नी ने दिया। उन्होंने बताया कि लगातार बढ़ते तापमान को लेकर बेगूसराय जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोपहर के वक्त भीषण गर्मी हो जाती है।

### सफल बच्चों को किया गया सम्मानित

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार पुलिस प्रतियोगिता परीक्षा में बखरी प्रखंड के राटन पंचायत के पांच बच्चों ने सफलता प्राप्त की है। उनमें रुचि कुमारी, रजनी कुमारी, प्रज्ञा भारती, अंजली कुमारी ,मुकेश कुमार शामिल है। इन सभी बच्चों को सम्मानित कार्यक्रम राटन पंचायत स्थित एक विद्यालय पर किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने सभी बच्चों को अंग वस्त्र एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किये। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा विनोद राम, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बखरी प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व पंचायत समिति पंकज पासवान, भाजपा महिला मोर्चा बेगूसराय जिला अध्यक्ष सरोजिनी भारती, भारतीय जनता पार्टी बखरी ग्रामीण मंडल के उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व उप सरपंच महेंद्र शाह जी , भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता पप्पू पोद्दार, जदयू के नेता भावेश पासवान के अलावे लालू महतो, साहब पासवान, विजेंद्र पासवान, अवधी यादव आदि उपस्थित थे।

### प्रखंड क्रियान्वयन समिति कार्यालय का उद्घाटन

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार द्वारा नवगठित प्रखण्ड स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति बरौनी का बरौनी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित नवनिर्मित समुदायिक भवन में मंगलवार को कार्यालय का उद्घाटन समारोह पूर्वक किया गया। कार्यालय का उद्घाटन नगर विधायक कुन्दन कुमार, मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, मेयर नगर निगम बेगूसराय पिंकी देवी, पूर्व मेयर संजय कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष बरौनी शंभू कुमार सिंह, प्रखण्ड प्रमुख अनिता देवी ने संयुक्त रूप से लाल फीता काट कर किया। कार्यालय उद्घाटन समारोह के अवसर पर उपाध्यक्ष यशश्वी आनन्द, सचिव सह बीडीओ अनुरंजन कुमार, सीओ सूरज कांत, नगर परिषद बीहट जदयू अध्यक्ष विक्रम कुमार उर्फ शतीश, पूर्व अध्यक्ष रामनरेश सिंह, उपाध्यक्ष हीरालाल सिंह, अशोक सिंह, डा धर्मेन्द्र पटेल, सरपंच रामप्रकाश महतो, पूर्व जीप सदस्य श्रीराम राय, पूर्व पंसस सुरेन्द्र राय, रविन्द्र कुमार, अधिवक्ता अवधेश राय, बीस सूत्री सदस्य नेहा पटेल, सुरेन्द्र सिंह, सरोज कुशवाहा, विपीन सिंह, बिपिन कुमार, मो मोददसर, शिवशंकर भगत, प्रदीप कुमार, प्रेम प्रकाश शर्मा, राजकिशोर सिंह, मो कासीम, मो परवेज आलम , प्रभारी आरओ नितिन कुमार, महादलित प्रकोष्ठ अध्यक्ष जदयू प्रवीण कुमार, अरूण कुमार गांधी, स्थानीय वार्ड पार्षद अशोक सिंह, योग प्रशिक्षक राजाराम गुप्ता, रामनारायण सिंह, सुनील कुमार, अशोक कुमार ओसो, अमरजीत दास, मो आजाद, टोनी, विकास कुमार , मो दिलशाद, युवराज सिंह, करण कुमार, अशोक पासवान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आशा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पीएचसी नावकोठी में आशा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डा हिमांशु कुमार ने किया। बीसीएम उषा कुमारी ने परिवार कल्याण योजना में मैनेजिंग इनफार्मेशन सिस्टम के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। इसमें लाभुकों को दो बच्चों के बीच अंतराल रखने हेतु अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग के बढावा देने पर बल दिया। इसके लिए कंडोम, माला, अंतरा, छाया आदि सामग्री की मांग हेतु मोबाइल एप से करने के तकनीक को बताया। जननी बाल सुरक्षा योजना में कमी आने पर असंतोष जाहिर किया।संस्थागत घटते प्रसव में वृद्धि लाने का निर्देश दिया। प्रथम एएनसी से चतुर्थ एएनसी तक की तकनीकी जानकारी देते हुए इसमें भी वृद्धि लाने पर बल दिया। आरोग्य दिवस पर लाभुकों को शतप्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने पर बल दिया। मोबाइल कुंजी, मोबाइल एप आदि की तकनीकी समस्या के समाधान के संबंध में बताया गया। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, सीएचओ रविशंकर, काउंसलर राजकुमार वर्मा, पीएम डब्लू रंजन कुमार, आशा फेसिलेटर लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

### बीएलओ की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित विमर्श कक्ष में बीएलओ की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ सन्नी कुमार सौरव ने किया। उन्होंने सभी बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव मोड में काम करने का निर्देश दिया। मास्टर ट्रेनर अश्विनी कुमार ने बीएलओ को मतदान संबंधित काम में बीएलओ के दायित्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि त्रुटिहीन मतदाता सूची से ही स्वच्छ मतदान संभव होता है। उन्होंने मतदाता सूची में मतदाताओं के बीच उठने वाले समस्या के समाधान के संबंध में जानकारी दिया। मतदाता के रूप में पंजीकरण की न्यूनतम उम्र सीमा, मतदाता का आँनलाइन पंजीकरण, मतदाता के उम्र सत्यापन हेतु अंकपत्र अथवा जिसमें उम्र दर्ज हो, फार्म 6 स्वीकार कर मतदाता सूची में दर्ज करने, छात्रावास में रहने वाले छात्रों को संबंधित बीएलओ से संपर्क करने, पी डब्लू डी मतदाता को सक्षम एप पर मिलने वाली सुविधा की जानकारी आदि के संबंध में जानकारी दिया। झुग्गी झोपडी में रहने वाले मतदाता का नाम जोड़ने के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क करने के बारे में बताया। मौके पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पांडेय, सीओ सूरज कुमार,विभाकर कुमार बीएलओ रबिन्द्र कुमार, धर्मशील कुमार, कन्हैया कुमार, बीरबल, मुकेश, संतोष, राधा रमन पोद्दार, मनीष पाठक, इंद्र देव मोची, श्रवण कुमार, हरिहर सहनी, सहित 72 बीएलओ ने हिस्सा लिया।

### पुजारी की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लाखों थाना क्षेत्र के पंसल्ला गांव में सोमवार की रात्रि अपराधियों ने मंदिर में सो रहे पुजारी की गोली मारकर हत्या कर दी है। मृतक की पहचान पंसल्ला गांव के वार्ड नंबर 13 के रहने वाले 55 वर्षीय शंभू सिंह के रूप में हुई है। मंगलवार को अहले सुबह लोगों को इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। पनसल्ला रामटोल स्थित मंदिर से पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज कर सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है। परिजन किसी से भी विवाद से इनकार कर रहे हैं।घटना के संबंध में मृतक के भतीजा प्रभात कुमार ने बताया कि शंभू सिंह गांव में ही घर से करीब 500 मीटर दूर एक दुर्गा मंदिर बनवाया था। एक अन्य सार्वजनिक मंदिर के भी पुजारी थे। वे रोज रात में खाना खाने के बाद मंदिर पर ही जाकर सोते थे।

# महिला संवाद में मंत्री श्रवण कुमार की सक्रिय भागीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले में संचालित महिला संवाद कार्यक्रम ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में नई चेतना का संचार किया है। यह सिर्फ सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी आधारित सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। अब तक हजारों महिलाएं मंच से अपनी बात आत्मविश्वास और मुखरता के साथ रख चुकी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को हुलासगंज प्रखंड के दक्षिण पंचायत अंतर्गत गंगापुर ग्राम संगठन में आयोजित महिला संवाद के दौरान ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्रवण कुमार का औचक निरीक्षण इस पहल को नई ऊर्जा देने वाला क्षण बन गया। उनका यह दौरा इस बात का संकेत है कि सरकार योजनाओं को सिर्फ



कागजों में नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत में बदलने के लिए भी प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, जब तक आधी आबादी का सशक्तिकरण नहीं होगा, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने दीदी की रसोई, बैंक सखी, पशु सखी और दीदी अधिकार केंद्र जैसी योजनाओं को महिला सशक्तिकरण के सफल उदाहरण बताते हुए इनकी सराहना की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवास योजना से वंचित लाभुकों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ा जाए तथा शौचालय निर्माण से वंचित परिवारों को 15 दिनों के भीतर लाभान्वित किया जाए। यह स्पष्ट करता है कि महिला संवाद अब केवल संवाद नहीं, बल्कि नीति के क्रियान्वयन की सक्रिय कार्यशाला बन चुका है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता, नल-जल योजना, नाली निर्माण, विद्यालय की गुणवत्ता, रोजगार और पेंशन जैसी मूलभूत समस्याओं को मजबूती से उठाया। मंत्री जी संवेदनशील और सहभागी रवैया कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाता है। जब नीति निर्माता स्वयं जमीनी स्तर पर लोगों से संवाद करते हैं, तो उसके प्रभाव कई गुना अधिक होते हैं।

बता दें कि मंगलवार को जिले में महिला संवाद कार्यक्रम के 26वें दिन सात प्रखंडों के चयनित 14 ग्राम संगठनों में संवाद आयोजित किया गया। अब तक जिले के 390 ग्राम संगठनों में यह कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है, जिसमें लगभग 72,398 जीविका से जुड़ी और 6,356 गैर-जीविका महिलाएं भागीदारी कर चुकी हैं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार, डीआरडीए निदेशक रोहित मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, एसडीपीओ संजीव कुमार, डीपीएम जीविका अनिता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वाति कुमारी सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारी तथा जीविका कर्मी उपस्थित रहे।

# सरकारी कार्यों में बाधा डालने वाले पर होगी सख्त कार्रवाई : डीपीआरओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** आज जिला पंचायती राज कार्यालय में पांच ग्राम कचहरी सचिवों के नियोजन पत्र का वितरण किया गया और उन्हें उनके दायित्वों के निर्वहन हेतु जानकारियां भी दी गई। कोटवा प्रखंड के पांच ग्राम सचिवों को नियोजन इकाई के अध्यक्ष सह सरपंचों के मौजूदगी में उन्हें नियोजन पत्र का वितरण किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री पासवान ने बताया कि जिले के कुछ प्रखंडों में ग्राम कचहरी सचिव का नियोजन पत्र सरपंच के गलतफहमियों के कारण वितरण नहीं हो पाया था, साथ ही संबंधित प्रखंड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के द्वारा गलतफहमी होने के कारण सरपंचों को समझने में दिक्क़तें उत्पन्न हो गई थी, जिस कारण सचिवों का



नियोजन पत्र नहीं वितरण हो सका था। उन्होंने बताया कि आज कार्यालय कक्ष में कोटवा प्रखंड के उक्त सभी सरपंचों सह नियोजन इकाई के अध्यक्ष के साथ बैठक कर गलतफहमियों को दूर कर नियमों से अवगत कराया गया, जिसपर सभी सरपंच सहमत हो नियोजन पत्र पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने उक्त सभी सचिवों को नियोजन पत्र देने के बाद उनके दायित्वों के निर्वहन हेतु कर्तव्यों का पाठ पढ़ाया। डीपीआरओ श्री पासवान ने बताया कि निर्धारित कॉउंसलिंग तिथि को वैसे सरपंच जो उपस्थित नहीं हुए थे और बहाना बनाकर हस्ताक्षर नहीं किए थे उनसे कारण पृच्छा कर उनके वेतन को रोका गया है। उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यों बाधा डालने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी वही नियोजन पत्र मिलने के बाद उक्त सभी सचिव अपनी नई पारी के लिए काफ़ी उत्सुक दिखे और सरकार एवं डीपीआरओ का आभार प्रकट किया।

# जिले में अब तक 1428 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** जिले के सभी प्रखंडों में 27 महिला संवाद रथ के माध्यम से सभी प्रखंडों के ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है । महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएं समस्या से लेकर समाधान तक की बातें कर रही हैं। सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण की दिशा में क्रियान्वित योजनाओ पर भी अपनी बाते प्रमुखता से रख रही हैं। महिलाये अब सड़क, नाली, आवास, शौचालय, नल-जल से इतर अब अपने लिए रोजगार की मांग कर रही हैं। संवाद के माध्यम से महिलाये अपने मन की बातों को साझा कर रही हैं। महिला संवाद महिलाओं के लिए एक मंच का काम कर रहा है, जहां पर वह अपने अनुभव, संघर्ष, विचार एवं सफलता की कहानियां साझा कर रही हैं। महिला संवाद ने महिलाओं को न सिर्फ अभिव्यक्ति की आजादी दी है, बल्कि उनके अदम्य साहस को भी मजबूत तंत्र प्रदान किया है। महिलाएं अब अपने घर से निकल कर विकास की बातें कर रही हैं । कार्यक्रम के दौरान सभी ग्राम संगठनों में महिला संवाद रथ के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को वीडियो और लीफलेट के माध्यम से दिखाया जा रहा है । प्रत्येक कार्यक्रम की अवधि 2 घंटे की होती है । जिसमें 45 मिनट वीडियो दिखाया जाता है जिसमें आरक्षण के तहत सरकारी योजनाओं, साईकिल, पोषाक योजना, जीविका, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान आदि के बारे में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य के बारे में विस्तार से दिखाया जा रहा है ताकि ग्रामीण स्तर पर रह रहे लोग अलग अलग योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जान सके । इसके साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लीफलेट भी उपस्थित महिलाओं को दिया जा रहा है। जिसके माध्यम से वह योजना का लाभ उठा सके। यह कार्यक्रम 18 जुन तक संचालित किया जाएगा ।

इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार ग्रामीण इलाकों की समस्या का संकलन कर रही है। जिसे जिला स्तर और राज्य स्तर से सही किया जाएगा। सरकार द्वारा आयोजित इस महिला संवाद कार्यक्रम में महिला के साथ पुरुष भी बढ़ चढ कर हिस्सा ले रही हैं। आज के महिला संवाद कार्यक्रम में 11 हज़ार से अधिक ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।इस कार्यक्रम

# मजदूरी मांगने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के भवानीपुर पटवारी टोला गांव में मजदूरी मांगने पर एक 19 वर्षीय युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के पिता योगेंद्र महतो ने संग्रामपुर थाना में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि मारपीट के बाद विनय की हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए संग्रामपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में मंगलापुर पंप के पास ही उसकी मौत हो गई। संग्रामपुर थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पीएम श्री के तहत चयनित दो विद्यालयों में बच्चों को नहीं मिल रहा मिड डे मील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रधानमंत्री स्कूल विकास योजना (पीएम श्री) के तहत चयनित चिरैया प्रखंड के तीन राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में से दो में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद मिड-डे मील नहीं मिल रहा है। इससे सैकड़ों छात्र-छात्राएं योजना के लाभ से वंचित हैं और उनके अभिभावकों में गहरी नाराजगी है। जानकारी के अनुसार, चिरैया कोठी स्थित महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और जगन्नाथ हाईस्कूल चिरैया में मिड-डे मील योजना अब तक लागू नहीं हो सकी है, जबकि सिरौना स्थित



उच्च विद्यालय में योजना की शुरुआत हो चुकी है। महादेव साह विद्यालय में 678 और जगन्नाथ हाईस्कूल में 300 बच्चे नामांकित हैं, जिन्हें अब तक भोजन नहीं मिल सका है। वहीं, सिरौना विद्यालय में 325 बच्चों को नियमित रूप से भोजन मिल रहा है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने बताया कि तीनों विद्यालयों में निकटवर्ती सरकारी मध्य विद्यालयों के बच्चों को समाहित किया गया है। लेकिन तकनीकी कारणों से संबंधित विद्यालयों का खाता एचडीएफसी बैंक में अब तक नहीं खुल पाया है, जिससे मिड-डे मील की राशि जारी नहीं हो सकी है।

वरिष्ठ शिक्षक भागीरथ प्रसाद ने बताया कि विभाग की ओर से कुछ सामग्री जैसे चावल, बर्तन व रसोइया तो उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन बाकी व्यवस्था विद्यालय को खुद करनी पड़ रही है।

बीईओ सरोज कुमार सिंह ने आश्वस्त किया है कि एक सप्ताह के भीतर सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर मिड-डे मील योजना शुरू कर दी जाएगी, ताकि बच्चों को पोषणयुक्त भोजन समय पर मिल सके।

स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस प्रकार की लापरवाही भविष्य में न दोहराई जाए और बच्चों की मूलभूत सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं।

# सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राष्ट्रीय उच्च पाठ, औरंगाबाद ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विद्यालय ने अपने टॉप रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धियों को एक भव्य पोस्टर के माध्यम से उजागर करते हुए उन्हें सम्मानित किया और पूरे विद्यालय परिवार ने इस सफलता का उत्सव मनाया। कक्षा 10वीं में अंकित राज ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर शशांक गौरव 94.2% और तीसरे स्थान पर स्मित स्नेहास 94% अंक के साथ रहे। अन्य उल्लेखनीय विद्यार्थियों में अभिनव भारद्वाज (93.2%), अनुपम कुमारी (92.4%), आस्था आनंद (91.6%), कृति सिंह (91.4%), साहिल कुमार (91%), कृतिका राज (90.8%), अभिजीत कुमार (90.6%), अकृति कुमारी (90.2%) और प्रीति कुमारी (88.6%) शामिल हैं। कक्षा 12वीं (विज्ञान और वाणिज्य संकाय) में हर्ष राज ने 95.2% अंक प्राप्त कर टॉप किया। उनके बाद अदिति प्रिया ने 81.2%, मुदिता शेखावत और अमन राज केशरी ने 78%, रोहित कुमार पाठक 77.8%, अनुष्का कुमारी 77%, प्रकृति गुप्ता 76.6%, आर्यन कुमार 72.6% और कोमल कुमारी 71.2% अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार कौशिक ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, हम अपने सभी मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के अहिरौलिया गांव में मंगलवार को एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 20 वर्षीय रोशनी कुमारी के रूप में हुई है, जो गांव के ही सत्येन्द्र सिंह की पुत्री थी। करीब पांच महीने पहले उसकी शादी लखौरा थाना क्षेत्र के फुलवार गांव निवासी अंशु सिंह से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही रोशनी अपने मायके लौट आई थी और वहीं रह रही थी। परिजनों के अनुसार, घटना से ठीक पहले उसकी अपने पति से मोबाइल पर बातचीत हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिससे आहत होकर रोशनी ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

# जमीन से बेदखल पीड़ित ने प्रखंड कार्यालय के गेट को बनाया आश्रय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत कटौली मठ निवासी किशोर सिंह को जब अपने ही चाचा द्वारा जमीन-जायदाद से बेदखल कर दिया गया, तो वर्षों की पीड़ा लेकर मंगलवार को वे अपने परिवार के साथ हुलासगंज प्रखंड कार्यालय पहुंच गए। मजबूरी ऐसी कि प्रखंड कार्यालय के प्रवेश द्वार पर वृद्ध मां, बहन और घर के सामान के साथ खुले आसमान तले डेरा डाल दिया। किशोर सिंह का कहना है कि पिता की मृत्यु महज आठ वर्ष की उम्र में ही हो गई थी, जिसके बाद वे रिश्तेदारों के घरों में पले-बढ़े। जीवन के संघर्ष में कोलकाता जा बसे, जहां किसी तरह रोज़ी-रोटी की जुगत करते हुए परिवार का भरण-पोषण किया परंतु जीवन की ढलती उम्र में जब वे अपने गांव लौटे और पुश्तैनी जमीन की तलाश की, तो उन्हें अपना कोई हक नहीं मिला।

उन्होंने बताया कि बीते तीन वर्षों से हुलासगंज थाना परिसर में आयोजित जनता दरबारों में अपनी पीड़ा रखी, परंतु आज तक न्याय नहीं मिला। अब हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि वे नालंदा जिले के इस्लामपुर में किराये के घर में भी गुजारा नहीं कर पा रहे थे। मकान मालिक ने किराया न मिलने पर उन्हें घर से निकाल दिया, जिसके बाद आख़िरी उम्मीद के तौर पर वे अपने परिवार सहित प्रखंड कार्यालय आ पहुंचे। इस पूरे मामले पर अंचलाधिकारी सादाब आलम ने बताया कि सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार से मुलाकात की गई। वृद्ध और अस्वस्थ मां को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि परिवार की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। तत्काल राहत के तौर पर खाद्यान्न भी उपलब्ध करवा दिया गया है।

# विक्रेताओं के बीच 84 मत्स्य विपणन किट का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** मोतिहारी के जिला मत्स्य प्रांगण में मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन किट (ग्रामीण एंव शहरी) का वितरण 84 मत्स्य विक्रेताओं को किया गया है। मत्स्य विपणन योजना का मुख्य उदेश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मत्स्य विक्रेताओं, जो सड़क के किनारे, चौक चौराहों, बाजार, हाट आदि जगह पर मत्स्य विपणन का कार्य करते है, उन्हे लाभान्वित करना है। जिससे हाईजेनिक किट की सहायता से उपभोक्ता तक स्वच्छता के साथ मछली की उपलब्धता कराई जा सके एवं रोजगार के नये अवसर के साथ-साथ मत्स्य व्यवसाईयों को वार्षिक आमदनी में वृद्धि हो सके। मत्स्य विपणन किट का वितरण डॉ. नूतन जिला मत्स्य पदाधिकारी, मोतिहारी के द्वारा जिला मत्स्य कार्यालय, परिसर में किया गया




इस कार्यक्रम में विरू सहनी मंत्री मत्स्यजीवी सहयोग समिति संग्रामपुर, रविन्द्र सहनी मंत्री मत्स्यजीवी सहयोग समिति पीपराकोठी, प्रो0 शिवशंकर निषाद, अरूण सहनी, के उपस्थिति मे वितरण किया गया। मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन किट (ग्रामीण एवं शहरी) की विशिष्टताः-ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत छतरी, कटर, स्क्रबर, तराजु, बटखरा, तारपोलिन सीट, प्लास्टिक बाल्टी, / मग फ़ेका जाल, प्लास्टिक क्रेट, एप्रांन, मनीबैग, ग्लोब्स, डस्टबीन आदि का वितरण विभिन्न प्रखण्ड के विक्रेताओं को दी गई है। ग्रामीण मत्स्य विपणन किट का इकाई लागत 1900/रू एवं शहरी का 25000/रू है जिसमें 70 प्रतिशत अनुदान प्रावधनित है 30 प्रतिशत राशि लाभुक के द्वारा व्यय किया जायेगा। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सभी मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, मत्स्य विकास पदाधिकारी एवं सभी कार्यलय कर्मी का सराहनीय सहयोग रहा एवं समारोह का सफल क्रियान्वयन किया गया।

## एक नजर

### भगवान बुद्ध की जयंती पर कार्यक्रम

**मोतिहारी।** भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के पथ प्रदर्शक-मंगलवार सुबह 7:00 बजे सत्याग्रह पार्क-एस.एन.एस कॉलेज रोड स्थित मोतिहारी में भगवान बुद्ध के जयंती का आयोजन ग्रीन एंड क्लीन (पर्यावरण क्षेत्र की अग्रणी सामाजिक संस्था) के द्वारा आयोजन किया गया। उक्त मौके पर संस्था के संस्थापक अमरेंद्र सिंह एवं सचिव सह-समाजसेवी अजय कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि सत्य, समानता, और सद्भाव के सिद्धांत पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के पथ प्रदर्शक रहे हैं। त्याग और समर्पित उनका विश्व समुदाय को सदैव करुणा और शांति के लिए प्रेरित करता रहेगा। अहिंसा के मार्ग को पूरे विश्व में भगवान बुद्ध ने दर्शाया द्व उक्त अवसर पर अध्यक्ष हरीश कुमार, भरत कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, अनिल कुमार, अजय कुमार, टिकु कुमार, श्याम कुमार, सोनू कुमार उपेंद्र राजकुमार,अनिल कुमार सोनी, ब्रजकिशोर पांडे, राजा जायसवाल, बृजमोहन गुप्ता, सिद्धार्थ उर्फ़ बिट्टू कुमार, अरुण कुमार, निश्चय कुमार, शिवजी बैठा इत्यादि लोग मौजूद थे।

### सेमल का विशाल वृक्ष घर पर गिरने से बच्चे की मौत

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव में सोमवार देर शाम आई आंधी-तूफान ने एक बच्चे की जान ले ली। उसके फूस के घर पर सेमल का एक विशाल वृक्ष गिर गया। जिसमें दब कर उसकी मौत हो गई। किशोर की पहचान अनवारूल हक के आठ वर्षीय पुत्र रोज महम्मद के रूप में हुई। मौत के बाद घर में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जाता है कि जब आंधी तूफान आया तब उसके घर वाले खतरे को देखते सभी बच्चे लेकर आनन फानन में बाहर निकल गए। परंतु वह बच्चा घर में ही छुप गया। जब परिजनों ने उसकी खोज की तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के घर के दोनों ओर पक्के का मकान है और उसके घर के पीछे सटे खेत में विशाल सेमल का वृक्ष था। था। कोटवा सीओ मोनिका आनंद ने बताया कि सरकारी मुआवजे को लेकर रिपोर्ट जिला को भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### 91 प्रतिशत अंक लाकर प्रणव रंजन बना स्कूल टॉपर

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मानस विद्यालय बभना के छात्रों ने 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया। मंगलवार को विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल था। 12वीं बोर्ड में पिछले साल के रिकॉर्ड को बरकरार रखते हुए बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रणव रंजन विद्यालय टॉपर होने का गौरव हासिल किया। इस दौरान कुल 10 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। विद्यालय का कुल उतीर्ण प्रतिशत 87 प्रतिशत रहा, जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डा. नवल किशोर ने निदेशक अभिषेक आनन्द, प्राचार्य एवं पूरे विद्यालय टीम को बधाई देते हुए हौसला अफजाई की। निदेशक अभिषेक आनन्द ने प्राचार्य, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्रों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# 94.80 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी अनामिका प्रिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** सीबीएसई बोर्ड ने मंगलवार को मैट्रिक का परिणाम जारी किया। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने देर शाम तक अपना रिजल्ट जानने के लिए साइबर कैफ़े व अपने मोबाइल पर डटे रहे। छात्र ने अपना-अपना रिजल्ट देख एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार कियाद्य प्रत्युष रंजन मिश्र ने सीबीएसई बोर्ड से कक्षा 10 में 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उन्हें विज्ञान में 96 और गणित में 93 अंक मिले है। पिता डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में सहायक आचार्य हैं। अध्ययन जी माउंट लिट्रेरा, मोतिहारी से हुई। प्रत्यूष अपना कैरियर मेडिकल के क्षेत्र में डॉक्टर के रूप में बनाना चाहते है। चकिया से हमारे संवाददाता के अनुसार,वही साहेबगंज रोड स्थित ट्रांसेनडेंस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल के शत- प्रतिशत बच्चे परीक्षा में सफल रहे। स्कूल की छात्रा अनामिका प्रिया 94.80 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनी। साथ हीं छात्रों में आयुष कुमार को 89.20, राजन कुमार 86.40 राम मनोहर कुमार 85.80 आयन अफरीदी 83.80 राशि कुमारी 82.20 सानू सर्राफ व एकता संतोष 79.60 साहिल कुमार 79 प्रतिशत आऐसा परवीन 78.20 प्रतिशत अंक मिले। स्कूल के निदेशक सायम नासिर प्रचार्य अखिलेश कुमार ने बच्चों को बधाई दी है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/32, दिनांक: 13.05.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैः (1) **06251050**; स्पेसि. नं. आईएसः17388-2020 के अनुसार 229X140 सेमी. माप के पॉली वस्त्र बेड शीट व्हाइट का क्रय आदि; रु. 3,25,420; (2) **08245033ए**; सिंगल फेज की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का क्रय आदि; रु.1,31,920; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 28.05.2025 को 13.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु); (3) **15255025**; रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल चालित एयर कम्प्रेसर, क्षमताः-500 सीएफएम, 10 केजी/सेमी2 की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना ; रु. 3,54,180; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 02.06.2025 को 13.30 बजे (4) **14255072**;आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/110/2020 संशोधन-0 या नवीनतम, निविदा के खुलने की तिथि तक, यदि कोई है, के समरूप 48 फाइबर आर्मर्ड ऑप्टिकल फाइबर केबल; रु.20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 04.06.2025 को 13.30 बजे (5) **10251142**; मोमेंटरी कॉन्टैक्ट लिमिट स्विच; रु.1,09,040; (6) **11241801ए**; आईसीएफ हेड स्टॉक संपूर्ण आदि; रु.2,81,240; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 05.06.2025 को 13.30 बजे (क्रम सं. 5 एवं 6 हेतु); (7) **20251156**; ट्रैक्शन मोटर के लिए ब्रश होल्डर असेंबली (एलएच); रु.1,05,560; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 09.06.2025 को 13.30 बजे (8) **10255013**; स्टैटिक कंवर्टर (एसआईवी) ; रु.4,13,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 24.06.2025 को 13.30 बजे (9) **10251091**; हाई टेंसाइल ट्रांजिशन सी.बी. कपलर की व्यवस्था; रु.8,74,380; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 02.07.2025 को 13.30 बजे (10) **10252257**; एयर आउटलेट नेट (सीएनसी मशीन्ड) आदि के साथ एंड फ्रेम डीई असेंबली; रु.2,16,810; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 23.07.2025 को 13.30 बजे। **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 10 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-10/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

(2025-2026) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-DWSD/RM/01/2025-26 (1st Call)

1. विभाग का नाम :- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/डाउनलोड की तिथि/समय :-17.05.2025 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :-23.05.2025 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :-23.05.2025 को 04.00 बजे अपराह्न में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :-कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :-कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9. कार्य की विस्तृत विवरणीः- नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की तिथि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | पाटन(11 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 02 | पाटन(11 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 03 | पड़वा | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 04 | मेदिनीनगर | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 05 | सतबरवा | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 06 | चैनपुर(13 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 07 | चैनपुर(12 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 08 | रामगढ़ | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 09 | विश्रामपुर | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 10 | नावा बजार | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 11 | उँटारी रोड | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 12 | पाण्डू | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 13 | मनातू | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 14 | तरहसी | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 15 | पाँकी(13 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 16 | पाँकी(12 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 17 | लेस्लीगंज | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 18 | हुसैनाबाद(11 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 19 | हुसैनाबाद(11 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 20 | हैदरनगर | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 21 | मोहम्मदगंज | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 22 | नौडीहा बाजार | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 23 | छत्तरपुर(10 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 24 | छत्तरपुर(10 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 25 | पिपरा | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 26 | हरिहरगंज | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |


कृ0 पृष्ठ उ0..

10. निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11. नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12. शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13. विभाग से स्वीकृति उपरान्त राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
मेदिनीनगर

PR 352299 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

# लंबित दाखिल-खारिज का अविलंब निष्पादन करें सीओ : जिलाधिकारी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने राजस्व विभाग से संबंधित दाखिल-खारिज, परिमार्जन और आधार सीडिंग की प्रगति की समीक्षा मंगलवार को की। इस दौरान उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को 75 और 35 दिनों से लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। अभियान 'बसेरा 2' के तहत उन्होंने सभी अंचलों में विशेष कैंप के माध्यम से पात्र लाभुकों को ससमय वास योग्य भूमि प्रदान करने का निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी भूमि सुधार उप समाहर्ताओं एवं अपर समाहर्ता को इस कार्य का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। परिमार्जन से जुड़े लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अंचलाधिकारियों को कैंप मोड में कार्य कर एक सप्ताह के अंदर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, राजस्व शाखा, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## किशोर का मिला शव, परिजनों में कोहराम

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के बबुरा थाना क्षेत्र स्थित बंधुछपरा गांव के समीप भागड़ से एक किशोर का शव उपलाते हुए मंगलवार सुबह पुलिस ने बरामद किया है। मृतक सारण जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के रायपुर बिंदगांवा निवासी 17 वर्षीय लव कुमार है। वह लाल बाबु राय का पुत्र है। बताया जा रहा है कि सोमवार को लव कुमार भैस चराने के लिए घर से निकला था। रात तक वह अपने घर नही पहुंचा। परिजनों ने रात में खोजबीन किया लेकिन कही अता पता नही चल सका। मंगलवार सुबह घाट पर उसका शव उपलाते देखा गया।

# राजद का सामाजिक न्याय परिचर्चा संपन्न मुहिम को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजद का विधानसभा स्तरीय सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम औरंगाबाद जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार एवं संचालन देव प्रखंड अध्यक्ष सविता देवी ने किया। सामाजिक न्याय परिचर्चा में राजद के वैचारिक आधार, चुनाव अभियान के मुख्य बिंदु, चुनाव प्रबंधन, संगठन विस्तार व सोशल व डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पार्टी की नीति व विचारधारा को ज्यादा से ज्यादा फैलाने पर वक्ताओं ने अपने विचारों व सुझावों को विस्तारपूर्वक कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। वक्ताओं ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की सबसे बड़ी पार्टी है और समाज के अंतिम वर्ग की सदन से सड़क तक लड़ाई हमेशा से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने लड़ने का काम किया है। वर्तमान में बिहार सरकार जनहित के मुद्दों पर विफल साबित हो रही है। विधानसभा चुनाव में प्रत्येक नेताओं और कार्यकर्ता को अपना बूथ मजबूत करना प्राथमिकता होनी चाहिए। वक्ताओं ने जिले के सभी सीटों पर राजद के जीत और तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया एवं कार्यकर्ताओं को पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ कार्य करने का आग्रह किया। कहा कि राजद पार्टी समाज के सभी तबकों को साथ लेकर चलती है। परिचर्चा में पूर्व विधायक सुरेश मेहता, जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, प्रधान महासचिव अनिल टाइगर, प्रदेश सचिव ई सुबोध कुमार सिंह, यूसुफ आजाद अंसारी, जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्जवल, जिला पार्षद अनिल यादव, पूर्व जिला पार्षद उपा ध्यक्ष मनोरमा पासवान, पूर्व जिला पार्षद राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश उर्फ बादशाह यादव, संजय यादव, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष पूनम यादव, वीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. ब्रजमोहन यादव, संतोष यादव, महेंद्र मेहता, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमरुद्दीन, सत्येंद्र यादव, चंचला देवी, ललित सिंह, राजरूप पाल, राजेंद्र पासवान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष जफर आलम ने किया।

# विवेकानंद के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सीबीएसई द्वारा प्रकाशित बारहवीं की परीक्षा में विवेकानंद मिशन के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। संस्थान की छात्रा वर्षा वर्मा ने विज्ञान संकाय में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता पाई है। प्रिशिता राज ने विज्ञान संकाय में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गौरवान्वित किया। वहीं कॉमर्स संकाय में सौम्या कुमारी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की, वहीं अंकु कुमार ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। अर्चित आनंद ने विज्ञान संकाय में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता व विद्यालय का मान बढ़ाया। अंकु कुमार कॉमर्स संकाय में 87 प्रतिशत अंक के साथ सफल हुए हैं। खुशी कुमारी ने 87 प्रतिशत, प्रकाश आनंद ने 86.2 प्रतिशत, अर्पित कुमार ने 86.2 प्रतिशत, कृति शेखर ने 84 प्रतिशत, आकर्ष कुमार ने 82.6 प्रतिशत, पल्लवी कुमारी ने 82.6 एवं निगार अजहर ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफल हुए। विद्यालय के को-ऑडिनेटर सूची कुमारी ने कहा कि जिस प्रकार से छात्रों की तैयारी कराई गई उससे उत्कृष्ट परिणाम अपेक्षित था। इस उत्कृष्ट परिणाम से पूरा विद्यालय परिवार आह्लादित है। निदेशक डॉ शंभू शरण सिंह और चेयरमैन मनीष वत्स ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपनी रुची के अनुसार कैरियर का चुनाव कर कड़ी मेहनत करें और जीवन मे सफलता के शीर्ष को छुएं। हर बालक प्रतिभाशाली होता है, बस जरूरत है उसे पहचानकर सही कार्ययोजना, दृढनिश्चय और कठोर परिश्रम के साथ आगे बढ़ते रहने की। छात्रों ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के पठन-पाठन, शिक्षकों के मार्गदर्शन व माता-पिता के आशीष को दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार सिंह सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# मतदान जागरूकता हेतु विद्यार्थियों ने निकाली रैली




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** मंगलवार को राजकीय मध्य विद्यालय रफीगंज के प्रांगण से बाल संसद चुनाव हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। प्रधानध्यापक मोहम्मद मस्कुर आलम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नामांकित बच्चों का चुनाव बाल संसद का गठन करना होता है जिसमें अलग-अलग पद होते है- प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, खेल मंत्री, कृषि मंत्री एवं पुस्तकालय मंत्री। विभाग के निर्देश के आलोक में बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक करने के लिए मतदान से एक दिन पहले जनता रैली निकाली गई। यह रैली राजकीय मध्य विद्यालय रफीगंज से होते हुए बस स्टैंड में बाजार से रेलवे स्टेशन एवं अंतिम पड़ाव ब्लॉक कार्यालय से होते हुए महाराजगंज रोड से होकर अपने विद्यालय तक समाप्त की गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक श्याम कुमार, रामाशीष प्रसाद, अब्दुल बासित, उपेंद्र कुमार, फिरोज अहमद, राम अयोध्या मिश्रा, विकास कुमार, सविता किरण, फिरदौस एवं पिरामल फाऊंडेशन रफीगंज प्रखंड इकाई की को-ऑर्डिनेटर अनामिका के साथ मास्टर ट्रेनर अभय कुमार ने इस जागरूकता रैली को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि आज बुधवार को ईवीएम मशीन द्वारा बाल संसद का चुनाव राजकीय मध्य विद्यालय रफीगंज में संपन्न होगा।

# लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल : दसवीं के छात्रों ने मारी बाजी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के दसवीं सीबीएसई बोर्ड के परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में अधिक श्रेष्ठ और सराहनीय रहा है। इस वर्ष भी जहां शत- प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की वहीं 30 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। संस्थान के निक्की और रविकांत दोनों ने 98 फिसदी अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। ईशान और प्रिंस ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विवेकानन्द, फैजा सुमाइआ तथा फैजान ने एक साथ 95 फिसदी अंक प्राप्त किया। वहीं चांदनी कुमारी ने 94 प्रतिशत, हर्षित रंजन, अभिषेक कुमार तथा हिमांशु सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विदित हो कि विद्यालय के साठ प्रतिशत विद्यार्थियों ने 80 फिसदी से अधिक अंक प्राप्त कर लार्ड बुद्धा परिवार की आन-बान और शान में एक नया आयाम जोड़ा है। गणित विषय में कुल आठ विद्यार्थियों ने 100 में 100, 22 विद्यार्थियों ने 99, जबकि सोशल स्टडीज और साइंस में 35 विद्यार्थियों ने 99 अंक प्राप्त किए। शेष सभी विद्यार्थियों का परिणाम भी शत- प्रतिशत और सराहनीय रहा। बच्चों के इस धमाकेदार रिजल्ट पर सभी आह्लादित हुए। निदेशक डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि हमारे बच्चों और शिक्षकों ने अपनी तैयारी जिस स्तर पर की थी उसमें यह रिजल्ट अपेक्षित था। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि इससे भी बड़ी सफलता प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार सहित अपने जिले का मान बढ़ाने की क्षमता सबमें है। बस उसका उचित स्थान और स्थिति के अनुसार प्रयोग करना है। खुशी के इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय परिवार के बीच मिठाइयां बांटकर शानदार रिजल्ट का जश्न मनाया गया।

# बारहवीं के रिजल्ट में लॉर्ड बुद्धा के बच्चों ने फिर दिखाई अपनी श्रेष्ठता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मंगलवार को बारहवीं का रिजल्ट आते ही लॉर्ड बुद्धा शिक्षण संस्थान से जुड़े शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं सहित सबों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के बच्चों ने अपनी मेहनत का लोहा मनवाते हुए मुग्धकारी प्रदर्शन किया। बारहवीं में अमन सिंह ने विद्यालय की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 96 प्रतिशत, आर्यन मित्तल ने 95 प्रतिशत, अब्दुल मतीन ने 94 प्रतिशत, अभिषेक कुमार ने 93 प्रतिशत, अंशिका मित्तल ने 92 प्रतिशत जबकि आदित्य राज ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के कुल 44 बच्चों ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक डॉ धनंजय कुमार ने बच्चों की इस सफलता पर हर्ष प्रकट किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने इस रिजल्ट को बच्चों एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का नतीजा बताया। बच्चों की सफलता की बधाई देते हुए प्राचार्य पंकज कुमार दुबे ने बताया कि सीबीएसई द्वारा सिलेबस और क्वेश्चन पैटर्न में व्यापक बदलाव किए जाने के बावजूद यदि हमारे बच्चों ने ऐसी सफलता अर्जित की है तो यह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रशासक ओमप्रकाश शर्मा, परीक्षा नियंत्रक बी के मिश्रा, संतन सिंह और सभी शिक्षकों सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके सफल और खुशहाल भविष्य की कामना की।

## छात्र को किया पुरस्कृत

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज के खडवां मध्य विद्यालय में सौर उर्जा के प्रति जागरूक करने में विद्यालय के छात्र निशांत को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशि शेखर मिश्र ने बताया कि इको क्लब फोर मिशन लाईफ का गठन हर विद्यालय में किया गया है। जिसके तहत पर्यावरण के क्षेत्र में सौर उर्जा का उपयोग करने एवं इसके तहत समुदाय को मनोबल बढाने मे छात्र-छात्राओ द्वारा जागरूक किया गया। इस अभियान मे अच्छे कार्य करने वाले छात्र निशांत कुमार को क्लब के नामित शिक्षिका निशा कुमारी गुप्ता द्वारा पुरस्कृत करते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालय में संचालित इस कार्यक्रम से बच्चों का मनोबल बढ रहा है।

# कर्मचारियों की हड़ताल से अंचल में राजस्व कार्य ठप

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बिहार राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा 17 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारियों के जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के वजह से गोह अंचल कार्यालय में राजस्व का काम-काज पूरी तरह से ठप हो गया है। गोह प्रखंड के राजस्व कर्मचारियों में शामिल विनय कुमार, राजु कुमार, मनोज कुमार, गणेश कुमार, रोहित कुमार, विकास कुमार, विमलेश कुमार, राकेश रंजन सहित अन्य ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाएगी तब तक काम पर नहीं जाएंगे।


बिहार सरकार

**Mines and Geology Department**
District- Aurangabad.
**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**
(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये विभिन्न चरणों में कराये गये ई–नीलामी में भून्य निविदा प्राप्त, PR-020570(Mines) 2024-25 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में एकल निविदा प्राप्त एवं प्रत्यार्पित बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

ई–नीलामी कार्यक्रम:–

| क्र0स0 | बालूखण्ड/बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदादाताओं द्वारा अपलोड किये गये तकनीकी निविदा को खोले जाने की तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 1-C | | | | | | | |
| 2 | Aurangabad Son 10-B | | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 11-B | | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 11-C | | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 13-A | | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 13-B | | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 14-A | | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 14-B | | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 19-B | | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 19-C | | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | | |
| 17 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 27-A | | | | | | | |
| 19 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | | |
| 20 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | | |
| 21 | Aurangabad Son 28-A | सोन नदी | 21.05.2025 | 05.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 05.06.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 09.06.2025 | 10.06.2025 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 10.06.2025 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 22 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | | |
| 23 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | | |
| 24 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | | |
| 25 | Aurangabad Son 30 | | | | | | | |
| 26 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | | |
| 27 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | | |
| 28 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | | |
| 29 | Aurangabad MOEF SON 1-F | | | | | | | |
| 30 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | | |
| 31 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | | |
| 32 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | | |
| 33 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | | |
| 34 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | | |
| 35 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | | |
| 36 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | | |
| 37 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | | |
| 38 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | | |
| 39 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | | |
| 40 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | | |
| 41 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | | |
| 42 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | | |
| 43 | Aur Pun-01 to 05 | | | | | | | |
| 44 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | | |
| 45 | Aur Pun-09 to 17 | | | | | | | |
| 46 | Aur Pun-18 to 23 | पुनपुन, नदी | 21.05.2025 | 05.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 05.06.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 09.06.2025 | 10.06.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 10.06.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 47 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | | |
| 48 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | | |
| 49 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | | |
| 50 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | | |
| 51 | AUR BA 01 to 03 | | | | | | | |
| 52 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | | |
| 53 | AUR BA 06 | बटाने, नदी | 21.05.2025 | 05.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 05.06.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 09.06.2025 | 10.06.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 10.06.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 54 | AUR BA 07 | | | | | | | |
| 55 | AUR BA 08 | | | | | | | |
| 56 | AUR BA 09 | | | | | | | |
| 57 | AUR BA 10 | | | | | | | |
| 58 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | | |
| 59 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | | |
| 60 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | | |
| 61 | Madar 01 to 21 | मदार, नदी | 21.05.2025 | 05.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 05.06.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 09.06.2025 | 10.06.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 10.06.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 62 | Madar 22 to 32 | | | | | | | |
| 63 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 21.05.2025 | 05.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 05.06.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 09.06.2025 | 10.06.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 10.06.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |

1. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
2. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
3. ई–नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
4. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोसेसिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
5. बालूघाटों/बालूखण्डों के ई–नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0– एम/22, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना– 800001 दूरभाष संख्या: 0612–2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0– 9471950202 से सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्ता,
औरंगाबाद

PR- 003156 (Mines & Geo.) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



बिहार सरकार

**कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या E-Tender–02/2025/ZPABAD

( e-tendering on website – eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक:– 08.05.2025
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि : दिनांक :–29.05.2025
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 06.06.2025 के 03.00 PM तक (on website- eproc2.bihar.gov.in)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक 09.06.2025 के 03.30 PM के बाद (on website- eproc2.bihar.gov.in)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड के निर्णय उपरान्त (on website- eproc2.bihar.gov.in)
7. कार्य का विवरण

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य बीड प्रोसेसिंग की अप्रत्यर्पणीय (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online Payment) अप्रत्यर्पणीय | कार्य समाप्ति की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6th Finance | | | | | | | |
| 1 | देव प्रखण्ड अन्तर्गत जिला परिषद डाकबंगला भूमि पर विवाह भवन में किचेन एंव शौचालय निर्माण। | 2966000.00 | 59400.00 | 5000.00 | As per beltron | 9 month | |
| 2 | नबीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत जिला परिषद डाकबंगला भूमि पर विवाह भवन में किचेन एंव शौचालय निर्माण। | 2964000.00 | 59300.00 | 5000.00 | As per beltron | 9 month | |
| 3 | कुटुम्बा दुमुहान (सडसा) भास्कर नगर जिला परिषद की भूमि पर विवाह भवन में किचेन एंव शौचालय निर्माण। | 2966000.00 | 59400.00 | 5000.00 | As per beltron | 9 month | |

विशेष जानकारी के लिए विभागीय वेवसाईट **eproc2.bihar.gov.in** अथवा www.prd.bihar.gov.in पर देख जा सकता हैं। तथा मो0 **1800 572 6571** एवं **eproc2.support@bihar.gov.in** पर सुबह 8.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता हैं।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, औरंगाबाद

PR. No. 003095 (B&C) 2025-26

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सोनम कुमारी दसवीं में टॉपर एवं सागर गुप्ता 12वीं में अनुमंडल टॉपर

## 25 छात्र 90 से ज्यादा तथा 56 छात्र 80 फीसदी से ज्यादा लाये अंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ के बिरंची अवस्थित प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल, मसौढ़ी के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सी.बी.एस.ई की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में अपनी श्रेष्ठता को बरकरार रखा। बताते चलें कि सी.बी.एस.ई की 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा मंगलवार कर दी गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राचार्य ने बताया कि इस विद्यालय के 12वीं में सागर गुप्ता ने 94%, हर्ष कुमार ने 92.6%, अंशिका कुमारी ने 92%, अनामिका कुमारी 91.6% एवं सुहानी कुमारी ने 90%अंक प्राप्त किए वहीं 15 से अधिक छात्रों ने 80% से ज्यादा अंक प्राप्त किया। वहीं 10वीं की परीक्षा में विगत कई वर्षों से प्रथम स्थान प्राप्त कर रहे यहां के छात्रों ने एक बार पुनः अपनी श्रेष्ठता को कायम करते हुए सोनम कुमारी ने 95.4%, हर्ष शर्मा ने 93.2% एवं राहुल कुमार ने 93% अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय के पुराने कीर्तिमान को बरकरार रखा। विद्यालय के 25 छात्रों ने 90% से ज्यादा एवं 56 विद्यार्थियों ने 80% से ज्यादा अंक लाकर इस विद्यालय का मान बढ़ाया है। उक्त परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए पी0पी0 शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ0 अभिराम शर्मा ने इस परीक्षा परिणाम का श्रेय छात्रों एवं विद्यालय के शिक्षकों को देते हुए कहा कि आपके यह संघर्ष का ही फल है कि इस विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। डॉ0 शर्मा ने सभी को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।







### 10वीं में आलिया तबस्सुम रही अनुमंडल टॉपर

मसौढ़ी सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं दोनों बोर्ड की परीक्षा के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। सीबीएसई ने पहले 12वीं के नतीजे जारी किए थे उसके बाद अब बोर्ड ने 10वीं की परीक्षा का भी रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार 10 की परीक्षा में 93.66 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। ऐसे में मसौढ़ी की संत मेरिस स्कूल की आलिया तबस्सुम ने 96.80? लाकर अनुमंडल टॉपर बन गई है। आलिया तबस्सुम के पिता नेयाज अहमद उत्क्रमित मध्य विद्यालय मालिकाना के प्रभारी शिक्षक हैं, वही मां शैस्ता बानो घरेलू ग्रहणी है। आलिया तबस्सुम साइंस मैथ सोशल साइंस में 97 एवं 98% मार्क्स लाई है। कुल मिलाकर आलिया तबस्सुम पूरे अनुमंडल में बेहतर मार्क्स लाकर अनुमंडल टॉपर रही है। आलिया एक डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती है। उसी की तैयारी मे लगी है। मसौढ़ी के मालिकाना मोहल्ले में नेयाज अहमद के पुत्री आलिया तबस्सुम की अनुमंडल टॉपर होने पर शिक्षक मंजर शादाब, शाहनवाज हुसैन, मेराज आदी ने बधाई दी है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में केक काटकर मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को ऐएनम, जीएनएम और स्वास्थ्यकर्मियों ने केक काट जश्न मनाया और रोगियों की सेवा करने की शपथ ली। स्वास्थ्यकर्मियों के योगदान को सम्मान देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल प्रभारी डॉ. रामानुज ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए सबों को यह शपथ दिलाई की निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करना है। कहा कि जहां डॉक्टर मरीजो के लक्षण देखकर उपचार करते है, वहीं नर्सें मरीजों की दिन-रात सेवा करती है और उन्हें स्वस्थ होने तक लगातार देखभाल करती है। अस्पताल प्रबंधक ने कहा कि मरीजों के सबसे करीब कोई होता है तो वह नर्स ही होती है। पहले नर्सिंग सेवा में केवल महिलाएं होती थी। लेकिन, अब पुरुष भी काफी संख्या में इस सेवा से जुड़े है। नर्सो के कंधे पर अस्पताल की अधिक जिम्मेदारी होती है।आज का दिन नर्सो को रोगियों के प्रति समर्पण, करुणा और शक्ति का जश्न मनाने का समय है। एक दयालु नर्स की उपस्थिति शांति और आशा की भावना लाती है। मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रामानुजम सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह,चंद्रभूषण प्रसाद, कुंदन कुमार के अलावा ऐएनम/जीएनएम में संगीता कुमारी प्रियंका कुमारीस स्नेहलता कुमारी, आरती कुमारी, रीना कुमारी, गुड़िया कुमारी, खुशबू कुमारी, भारतेंदु कुमार सहित अन्य मौजूद थे।




# कृष्णा सुदर्शन पब्लिक स्कूल का रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं व 12वीं 2025 की परीक्षा परिणाम में यूसुफ गार्डेन रोड स्थित कृष्णा सुदर्शन पब्लिक स्कूल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। दशम वर्ग के टॉप 5 की सूची में प्रथम स्थान में शुभम राज रहे, जिसने 97.4% अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया। दूसरे, तीसरे, चौथे एवं पाँचवे स्थान पर क्रमशः वैभव सिंह 96.4%, .पीयूष पुष्कर, शांति कुमारी, मोहित आनंद 95%, अंकित कुमार 93%, राशि सोलंकी, नैतिक कश्यप 92%, अंजेश कुमार 91.4%, त्रिभुवन कुमार 90.4% अंक प्राप्त किया। जबकि 12वीं में विज्ञान संकाय में पहले स्थान में कुणाल कुमार ने 95% अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दूसरे, तीसरे, चौथे एवं पाँचवें स्थान में क्रमशः प्रीतम राज 94%, सिद्धांत चौहान 91%, अनामिका कुमारी 83%, सचिन कुमार 82% अंक प्राप्त किए।




स्कूल टॉपर के इस उपलब्धि से हर कोई उत्साहित है। इस दौरान शिक्षकों ने सफल हुए बच्चों को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों, उनके गुरुजनों, व अभिभावकों को देते हुए हार्दिक बधाई दी। स्कूल के डाइरेक्टर ईशा सुदर्शन ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि ज्ञानार्जन के प्रति आप सभी की संकल्पबद्धता ने यह सफलता सुनिश्चित की है। आप सभी जीवन में निरंतर सफलताएँ अर्जित करते रहें, सभी का भविष्य उज्ज्वल हो।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में दिव्यांगता जांच शिविर, प्रतिनियुक्त चिकित्सक रहे नदारद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। आयोजित शिविर में प्रखंड क्षेत्र से आए हुए दिव्यांगों की सुबह से ही भीड उमडी रही, लेकिन जांच करने वाले डॉक्टर ही गायब रहे, जिससे सुबह से जांच के लिए आये दिब्यांगजन परेशान रहे,जहाँ दिव्यांग लोगों की जांच नहीं हो पाई, दरअसल दिव्यांगता जांच शिविर को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय से चार डॉक्टरो की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जिसमें डॉ रामानुज सिंह (ऑर्थो), जानवी (अनुमंडल अस्पताल) डॉ अभिषेक कुमार ईएनटी, और डॉक्टर प्रेम कुमार पासवान (धनरूआ) थे। जिसमें महज एक डॉक्टर रामानुज सिंह मौजूद रहे। ऐसे में जांच कराने आए दिव्यांगजनों के बीच जांच को लेकर काफी फजीहत झेलनी पड़ी। पीएचसी प्रभारी डॉ. रामानुज ने बताया कि सिविल सर्जन के द्वारा जारी पत्र में मसौढी में लगे जांच शिविर में चार डॉक्टरो की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जिसमें मेरे अलावा कोई भी डाक्टर उपस्थित नहीं थे। ऐसे मे चिकित्सकों की अनुपस्थिति रिपोर्ट भेज दी गई है। इसके अलावा उन्होंने बताया की दिव्यांग शिविर में कुल 60 दिव्यांगों का आवेदन प्राप्त हुआ, जहाँ कुल 29 दिव्यांगजनों का निबंधन किया गया और 8 दिव्यांगजनो को यूडीआईडी का प्रमाण पत्र दिया गया। वही ड्यूटी से गायब चिकित्सकों पर सिविल सर्जन डॉ अविनाश कुमार ने कार्रवाई करने की बात कही है।

# श्री राम कथा के दूसरे दिन सती चरित्र का वर्णन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** गांधी मैदान मसौढ़ी में चल रहे सात दिवसीय श्री राम कथा में चल रही संगीतमयी श्री राम कथा के दूसरे दिन रामानुजम गोविंदाचार्य गुप्तेश्वर पांडे ने शिव चरित्र का सुन्दर वर्णन किया। मां पार्वती के जन्म, कामदेव के भस्म होने और भगवान शिव द्वारा विवाह के लिए सहमत होने की कथा सुनाई। आयोजित श्री राम कथा में श्रोताओं को सुनाते हुए कहा कि राजा दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया था। जिसमें उसने भगवान शिव को छोड़कर समस्त देवताओं को आमंत्रण भेजा था। भगवान शंकर के मना करने के बाद भी सती अपने पिता के यहां जाने की इच्छा जताई तो भगवान शंकर ने बिना बुलाए जाने पर कष्ट का भागी बनने की बात कही।




इसके बाद भी सती नहीं मानी और पिता के घर चली गईं। पिता द्वारा भगवान शंकर के अपमान पर सती ने हवन कुंड में कूदकर खुद को अग्नि में समर्पित कर दिया। इसके बाद भगवान शंकर के दूतों ने यज्ञ स्थल को तहस-नहस कर दिया। माता सती के अग्नि में प्रवाहित होने के बाद तीनों लोकों को भगवान शिव के कोप भाजन का शिकार होना पड़ा। इस अवसर पर राहुल चंद्रा सुनील गावस्कर, विद्या देवी, बेबी देवी, विश्वरंजन, डॉ सुधीर, कृष्णा सिंह, मुन्ना पासवान, खुशबू रानी समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नाम उर्दू विद्यालय पर नहीं हैं उर्दू शिक्षक

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नाम उर्दू विद्यालय, बच्चे मुस्लिम समुदाय के, नियम भी उर्दू विद्यालय का ही चलता है, लेकिन यह विडंबना ही है कि यहां उर्दू का कोई शिक्षक नहीं है। अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के बीच उर्दू की तालीम देने के लिए बिहार सरकार ने 1999 में सभी उर्दू विद्यालयों में उर्दू टीचर बहाल की थी, लेकिन मसौढ़ी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में उर्दू शिक्षक नहीं है। नतिजन इसका खामियाजा बच्चों को उठाना पड़ रहा है। शिक्षक नहीं रहने के कारण बच्चों को उर्दू शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। यह हाल है उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलिकाना का है। जहाँ उर्दु शिक्षक की बहाली नहीं की गई। यहां के मुस्लिम समुदाय के बच्चे और अभिभावक खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। पूछने पर अधिकारी बताते हैं कि बहाली होने के बाद ही वहां उर्दू शिक्षक दी जाएगी। गौरतलब है की मसौढ़ी प्रखंड मे छह उर्दू विध्यालय है जहाँ कही एक शिक्षक तो कहीं एक भी शिक्षक नही है। बहरहाल उर्दू मध्य विद्यालय मालिकाना में 435 छात्र-छात्रा है जहां 6 शिक्षक के सहारे यह विद्यालय चल रहा है, लेकिन उर्दू शिक्षक नहीं है, प्रभारी शिक्षक नेयाज अहमद ने बताया कि यह 1942 में इस विद्यालय की स्थापना हुई थी, जहां पर पहले 8 शिक्षक हुआ करते थे अब वहां 6 शिक्षक हैं और 2012 तक उर्दू के शिक्षक शफदर जमाल हुआ करते थे उसके बाद से आज तक एक भी उर्दू के शिक्षक नहीं है, नतिजन छात्र-छात्राओं के बीच उर्दू की तालीम नहीं दी जा रही है।

# आत्मचिंतन से आत्मप्रकाश तक की यात्रा

**पुस्तक समीक्षा**

**सीमा कुमार** अपनी प्रथम पुस्तकों एक एहसास : मेरी आकांक्षा और दक्ष काव्य संग्रह के माध्यम से हिंदी साहित्य में एक संवेदनशील और भावप्रवण स्वर के रूप में उभरती हैं। लेखिका, सुजोक चिकित्सक, लायंस क्लब फ़ेमिना एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की सक्रिय सदस्य के रूप में बहुआयामी प्रतिभा की धनी हैं। उनका लेखन न केवल आत्मकथात्मक है, बल्कि सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। साहित्य 24 पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित दोनों पुस्तकें लेखिका के जीवनानुभवों और उनके अंतरमन की अभिव्यक्ति हैं, जहां लेखन एक रचनात्मक कार्य के साथ-साथ आध्यात्मिक और भावनात्मक शुद्धिकरण का माध्यम भी बन जाता है।

**एक एहसास : मेरी आकांक्षा – मां की आवाज, स्त्री की यात्रा**

यह 24 कहानियों का संग्रह जीवन, प्रेम, पीड़ा, मातृत्व और जिजीविषा पर आधारित एक मार्मिक दस्तावेज़ है। इसकी विशेषता इसकी आत्मीयता है–पुस्तक का आवरण चित्र स्वयं लेखिका द्वारा बनाया गया है, और अंदर के चित्र उनके बच्चों की कलाकृतियाँ हैं। यह पुस्तक केवल साहित्यिक रचना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण परिवार का मिलाजुला प्रेम-प्रस्ताव है। सीमा कुमार के लिए लेखन केवल एक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। पटना (बिहार) में जन्मी और इतिहास में स्नातक, वे शुरू से ही कला और रचनात्मकता की ओर आकर्षित थीं। बचपन में अपनी नानी को स्कूल की घटनाओं से प्रेरित कहानियाँ सुनाना ही उनकी कथा यात्रा की शुरुआत थी। विवाहोपरांत पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण लेखन बाधित हुआ, किंतु भीतर की चिंगारी कभी बुझी नहीं। अब, इन पुस्तकों के माध्यम से उन्होंने फिर से अपनी आवाज़ को स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ दुनिया के सामने रखा है।

**गहराई, भावनात्मकता और**







प्रकाशक: साहित्य 24 पब्लिकेशन, पालम विलेज, नई दिल्ली

**सामान्य जीवन की नायिकाएं**

प्रारंभिक कहानी मीठा दर्द (Sweet Pain) में रीति नामक एक गर्भवती स्त्री की प्रसव पीड़ा, पारिवारिक अविश्वास, और अंततः मातृत्व के चमत्कार से जीवन में आए रूपांतरण को गहराई से चित्रित किया गया है। यह कहानी माँ बनने के दर्द और आनंद के द्वंद्व को बहुत ही मार्मिक रूप में प्रस्तुत करती है। सुकून में लेखिका यह संदेश देती हैं कि सच्चा सुकून किसी उत्तरदायित्व से भागने में नहीं, बल्कि उन्हें प्रेमपूर्वक निभाने में मिलता है। निशब्द कहानी पारिवारिक जीवन में मौन बलिदानों और आंतरिक शक्ति की गाथा कहती है।

प्रेम की एक परख और निःस्वार्थ प्रेम जैसी कहानियाँ प्रेम की सूक्ष्मताओं, उसकी नाजुकता और गहराई को उजागर करती हैं। संग्रह की अंतिम रचना गणपति बप्पा मोरया एक आध्यात्मिक कथानक है, जो निष्काम कर्म, आस्था और ईश्वर की कृपा का संदेश देती है।

**रचनात्मक आलोचना : सुधार की संभावना**

हालाँकि संग्रह भावनात्मक रूप से समृद्ध है, फिर भी कुछ कहानियाँ कथानक की दृष्टि से और अधिक ठोस हो सकती थीं। जैसे पहली सालगिरह में उत्सव का उल्लास तो है, लेकिन कथानक का ठोस निष्कर्ष नहीं उभरता। कुछ रचनाएँ व्यक्तिगत डायरी जैसी प्रतीत होती हैं, जिन्हें यदि साहित्यिक दृष्टि से संवारकर प्रस्तुत किया जाए, तो वे और भी प्रभावशाली हो सकती हैं।

**दक्ष काव्य संग्रह — आत्मा से उपजी कविताएं**

लेखिका की कविताओं का संकलन दक्ष काव्य संग्रह उनके अंतर्मन की कोमलता और संवेदनशीलता को दर्शाता है। उनकी कविता सरल, भावनात्मक और सच्ची अनुभूतियों से भरी हुई है। ये कविताएँ प्रेम, आशा, विरह और आत्मावलोकन जैसे सार्वभौमिक विषयों को स्पर्श करती हैं। उनमें अलंकारों का बोझ नहीं है, बल्कि वे सीधे हृदय से संवाद करती हैं और पाठक को ठहरकर सोचने पर विवश करती हैं।

**अंतिम विचार : एक ऐसी आवाज़ जिसे सुना जाना चाहिए**

सीमा कुमार की यह साहित्यिक शुरुआत नारी शक्ति, पारिवारिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को समर्पित है। उनकी कहानियाँ भले ही शैली में सरल हों, लेकिन भाव में अत्यंत गहरी हैं। वे ईमानदारी, सांस्कृतिक सच्चाई और रचनात्मक संभावना का दुर्लभ संगम प्रस्तुत करती हैं। जैसे-जैसे वे अपने लेखन को और परिष्कृत करेंगी, वे आधुनिक हिंदी साहित्य में एक सशक्त और प्रभावशाली हस्ताक्षर बन सकती हैं। जो पाठक साहित्य में आत्मीयता, संवेदनशीलता और सजीव भावनाएँ ढूंढते हैं, उनके लिए सीमा कुमार की रचनाएँ निस्संदेह प्रेरणादायक और सुकूनदायक होंगी।

समीक्षक : अम्बरीश श्रीवास्तव

## एक नजर

### बंद घर से चोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शादी विवाह के लग्न के मौके पर बंद घर को चोर निशाना बनाते हुए लगातार चोरी कर रहे हैं। मसौढ़ी में चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। ऐसे में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के महाराजचक गांव में पीड़ित कृष्णनंदन सिंह (61वर्ष) पिता यदुनंदन सिंह एक लिखित आवेदन देकर मसौढ़ी थाने में चोरी की घटना पर आवेदन दिया है। लिखित आवेदन के आलोक में कि बीते 10. 5.2025 को करीब 3:00 बजे अपनी भतीजी की शादी में गए हुए थे और जब वह वापस 13.05.2025 को लौटे तो देखें कि घर का मेंन गेट अंदर से बंद था, जब छत के ऊपर से अंदर गए तो बाहर से गेट लगा हुआ था चारों तरफ घर का जायजा लिए जहां बंद का दरवाजा तोड़कर बर्तन गोदरेज में रखे 50 हजार पर नगद समेत सोने के चेन, पायल, दो जोड़ा सूप एवं अन्य आभुषण चोरी कर ली है। लगभग लाखों रुपए का आभुषण गायब है इस मामले में पुलिस जांच में जुटी है।

### दो शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान मसौढ़ी पुलिस को बीते सोमवार की देर रात को गुप्त सूचना मिली कि झारखंड से कुछ शराब कारोबारी मसौढ़ी में आकर शराब डिलीवरी कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस टीम गठित करते हुए मसौढ़ी की कैलूचक में छापेमारी की गई, जहां पर 30 बोतल विभिन्न कंपनियों की विदेशी शराब के साथ दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शराब धंधेबाज के साथ बोरे में बंद 30 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया गया है, गिरफ्तार शराब धंधेबाज में झारखंड के बोकारो चंद्रपुरा के रहने वाला रामकुमार यादव पिता महेंद्र यादव और दूसरा नवीन कुमार पिता कुलदीप यादव दोनों चंद्रपुरा बोकारो का रहने वाला है। वहीं छापेमारी कर रहे सब इस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि इसका और कई नेटवर्क मसौढ़ी में काम कर रहा है, पूरी छानबीन के साथ इसके पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है कि इस शराब धंधे में और कौन-कौन शामिल है और मसौढी में लाकर शराब कौन-कौन बेच रहा है। जिसकी जांच की जा रही है।

### युवक की पीट पीटकर हत्या

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के हादीनगर गांव में चोरी के शक में भीड़ ने एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के सिकरिया गांव निवासी 26 वर्षीय टुनटुन कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, टुनटुन कुमार एक घर में चोरी की नीयत से घुसा था, तभी घरवालों ने शोर मचाया। शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और युवक को पकड़कर बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिंगोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पालीगंज डीएसपी 1 प्रीतम कुमार ने बताया कि यह एक गंभीर मामला है, जिसकी गहराई से जांच की जा रही है। बाकी आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### किशोर की पत्थर से कुचलकर हत्या

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के लाला भरसारा गांव में एक 13 वर्षीय किशोर अरमान की ईंट और पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। यह घटना उसके घर से थोड़ी ही दूरी पर हुई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई और परिवार में मातम छा गया। सूचना मिलते ही दुल्हिनबाजर थाने की पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक साइंस टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि घटना के समय वहां नशा किया जा रहा था और उसी दौरान यह हत्या हुई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक किशोर नशे का आदी था और अपने साथियों के साथ अक्सर उसी जगह पर जाया करता था। संदेह है कि उसी के साथियों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। पालीगंज के डीएसपी 2 उमेश्वर चौधरी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेजा गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### फरार शिवम सूरत से बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन के केवड़ा ओपी थाना क्षेत्र के पोठही गांव से एक किशोर बिते 3 मई को शिवम कुमार पिता अरुण साव अपने भाई के डांट फटकार से नाराज होकर घर छोडकर सूरत भाग गया था, जहां केवड़ा थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट करवाई गई थी। 10 दिनों बाद पुलिस की जानकारी सूरत में मिला, जहां सूरत से शिवम को बरामद किया गया है। केवड़ा ओपी इंचार्ज संतोष कुमार ने बताया कि अरुण साव अहमदाबाद में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। वही शिवम अपने भाई के साथ रहता था पढ़ाई लिखाई नहीं करने पर उसके भाइयों से डांट फटकार की थी जहां वह घर छोड़कर भाग गया था ऐसे में पुलिस काफी खोजबीन के बाद जानकारी मिली और 10 दिन के बाद उसे बरामद कर लिया गया है, उसके माता-पिता को सौंप दी गई है।

### छापेमारी में 1187 लीटर अंग्रेजी शराब और 7.41 लाख रुपए बरामद

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में पुलिस को 1187 लीटर विदेशी शराब और 7 लाख 41 हजार रुपए नकद मिले। यह जानकारी पालीगंज के डीएसपी प्रीतम कुमार ने दी। डीएसपी ने बताया कि चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में अवैध शराब और हथियारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली थी कि जलपुरा गांव निवासी सियाराम सिंह का बेटा छोटे उर्फ नितेश कुमार अपने घर में भारी मात्रा में शराब छिपाकर रखे हुए है। सूचना सही पाई गई, जिसके बाद पुलिस ने नितेश के घर पर छापा मारा। घर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जिसकी मात्रा 1187 लीटर बरामद की गई। साथ ही वहां से 7लाख 41 हजार रुपए नकद भी मिले। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ की जा रही है। डीएसपी ने कहा कि पूछताछ में जो जानकारी सामने आएगी, उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऐसी छापेमारी आगे भी जारी रहेगी।

### बीएलओ को दी गई ट्रेनिंग

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद के सम्राट अशोक भवन सभागार में मंगलवार को सभी बीएलओ को विधानसभा चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी की उपस्थिति में एएलएमटी मास्टर ट्रेनर विश्व मनिषेक कुमार ने दिया. प्रशिक्षण में सभी बीएलओ को फार्म 6, 7 व 8 भरने की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान केंद्र पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करना है. साथ ही त्रुटि रहित निर्वाचक मतदाता सूची पर विशेष नजर रखना, मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, लिंगानुपात में समानता लाने व त्रुटि पर ध्यान देने सहित महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने को कहा गया, प्रशिक्षण के पहले दिन 66 बीएलओ के बीच प्रशिक्षण दिया गया है यह 6 दिवसीय प्रशिक्षण है।

# सुशील मोदी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

## विधायक देवेश कांत बोले - बिहार में सुशासन के थे मजबूत स्तंभ



**बसंतपुर/महाराजगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा सिवान पूर्वी जिला कार्यालय में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की पहली पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार ने की, वहीं गोरेयाकोठी विधायक देवेश कांत सिंह सहित जिले के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. मोदी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**विधायक देवेश कांत ने बताए सुशील मोदी के योगदान**

विधायक देवेश कांत सिंह ने स्व. मोदी के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने बिहार में एनडीए सरकार के सुशासन को स्थापित करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर अहम भूमिका निभाई। वे न सिर्फ एक कुशल प्रशासक थे बल्कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई के अगुआ भी रहे। पशुपालन घोटाले का पदार्फाश कर उन्होंने तत्कालीन राजद सरकार की सच्चाई सामने लाई थी, विधायक सिंह ने कहा। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राज्यसभा और लोकसभा में भी उन्होंने संगठन और राज्य हित में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**जिला अध्यक्ष ने बताया प्रेरणास्रोत**

जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि स्व. सुशील मोदी कार्यकताओं के लिए सदैव मार्गदर्शक रहे। एक समर्पित संगठनकर्ता और सफल प्रशासक के रूप में उन्होंने वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री रहते हुए बिहार के विकास को नई दिशा दी। आज हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलने और उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है, रंजीत कुमार ने कार्यकताओं से कहा। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने सुशील मोदी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

## सिवान डीएम समेत कई विभागों की कार्यों की हुई समीक्षा



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न विभागों की कार्यों की गहन समीक्षा की गई। इस समीक्षात्मक बैठक में सिवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ हिस्सा लिया। बैठक में महिला संवाद कार्यक्रम की स्थिति पर सबसे पहले चर्चा हुई। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा उठाई जा रही छोटी-बड़ी समस्याओं को शीघ्र सुलझाने का निर्देश मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिया। शहरी क्षेत्र में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा संचालित नगर संवाद कार्यक्रम की प्रगति की भी समीक्षा की गई। वहीं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महादलित बस्तियों में चल रहे डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष शिविरों की स्थिति की भी जानकारी ली गई। इसके अलावा, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, श्रम संसाधन विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की गई। बैठक में विभागवार एजेंडा के अनुसार पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए विभागीय सचिवों ने अपने-अपने कार्यो की स्थिति रखी। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान सभी विभागों को उनके कार्यों में और गुणवत्ता लाने और तय समय सीमा के भीतर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि बैठक पूरी तरह एजेंडा आधारित थी, जिसमें सभी विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि अब हर माह तय तिथि पर इस तरह की समीक्षात्मक बैठकें होंगी, ताकि योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति लाई जा सके।

## सीपीएस छपरा ने रचा इतिहास

# सीबीएसई कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों ने फिर लहराया सफलता का परचम







**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में सीपीएस, छपरा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि सपनों को साकार करने के लिए मेहनत, अनुशासन और समर्पण की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता ने विद्यालय को जिले ही नहीं, पूरे बिहार में एक बार फिर गौरवान्वित कर दिया। आज विद्यालय परिसर में उत्साह, खुशी और गर्व का माहौल देखने लायक था। छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता और अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुँचे, जहाँ हर कोना तालियों की गूंज और मुस्कानों की रौशनी से चमक उठा।

**कक्षा 12वीं के रहे शानदार परिणाम:**

**साइंस में:** शिवम कुमार, अजय कुमार एवं श्रीमती शकुंतला कुमारी के पुत्र, ने 95% अंक प्राप्त किए। श्रुति कुमारी, संजय चौधरी एवं श्रीमती सुनीता देवी की पुत्री, ने 92% अंक प्राप्त किए। आशीष कुमार, निरंजन कुमार ओझा एवं श्रीमती रूपा देवी के पुत्र, ने 90.6% अंक अर्जित किए।

**कॉमर्स में:** वैभव प्रकाश, राजेश सिंह एवं श्रीमती कुमारी बबिता के पुत्र, ने 95.2% अंकों के साथ स्ट्रीम में टॉप किया। अनुष्का सिंह, कुमार संजीव रंजन एवं श्रीमती अर्चना सिंह की पुत्री, ने 94% अंक प्राप्त किए। महक कुमारी, राजकुमार सिंह एवं श्रीमती बिन्नी देवी की पुत्री, ने 91% अंक प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया।

**आर्ट्स में:** अक्षय कुमार, शैलेश कुमार तिवारी एवं श्रीमती बंटी तिवारी के पुत्र, ने 92.8% अंक प्राप्त किए। आयुषी त्रिपाठी, राजेश कुमार त्रिपाठी एवं श्रीमती अर्चना त्रिपाठी की पुत्री, ने 92.2% अंक प्राप्त किए। मुस्कान सिंह, श्री दिनेश सिंह एवं श्रीमती निक्की सिंह की पुत्री, ने 91% अंक अर्जित किए।

**कक्षा 10वीं के गौरवशाली परिणाम:**

सीपीएस के विद्यार्थियों ने फिर साबित कर दिया कि सफलता उनकी पहचान है। ईशांत, श्री मुकेश कुमार सिंह एवं श्रीमती चुंचुन देवी के पुत्र, ने 96.2% अंक प्राप्त कर कक्षा 10वीं में विद्यालय टॉपर बने। समीक्षा कुमारी, अनिल कुमार अनल एवं श्रीमती पुष्पा देवी की पुत्री, ने 95% अंक प्राप्त कर छात्राओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सत्यम कुमार, संतोष कुमार एवं श्रीमती मंजू देवी के पुत्र, ने 94% अंक प्राप्त किए। इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह, प्राचार्य मुरारी सिंह, प्रबंधक डॉ. विकास कुमार सिंह, एचआर प्रमुख अश्विनी परमार ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने अपने संदेश में कहा कि यह केवल परीक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि एक संस्था की सोच, समर्पण और संस्कारों की जीत है। सीपीएस परिवार का हर सदस्य इस गौरव का सच्चा भागीदार है।

# भैसाखाल में खुले अत्याधुनिक आवासीय प्लस टू विद्यालय में ओबीसी छात्राओं को मिलेगी मुफ्त पढ़ाई, रहना और सालाना डीबीटी

## कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क शिक्षा, छात्राओं को मिलेगा 10,825 रुपये का वार्षिक लाभ



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीरादेई प्रखंड के भैसाखाल में पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय की शुरूआत की गई है। कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को यहां मुफ्त शिक्षा, छात्रावास, भोजन, डिजिटल सुविधाएं और सालाना आर्थिक सहायता मुहैया कराई जा रही है। जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्यालय पांच एकड़ में फैले भव्य परिसर में बनाया गया है, जिसमें कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, पुस्तकालय और खेलकूद की आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्राओं के लिए दो आधुनिक आवासीय भवन बनाए गए हैं, वहीं शिक्षकों और स्टाफ के लिए अलग से आवास की व्यवस्था की गई है। आवासीय भवन के हर कमरे में छात्राओं के लिए व्यक्तिगत बेड, अलमारी और स्टडी टेबल की सुविधा दी गई है। साथ ही, स्वच्छता और भोजन की व्यवस्था जीविका दीदियों के माध्यम से करवाई गई है। भोजनालय में स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध है। विद्यालय में नामांकित प्रत्येक छात्रा को सालाना ₹10,825 की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के तहत उनके खाते में भेजी जाएगी, जिसका उपयोग वे कपड़े और अन्य जरूरी चीजों में कर सकेंगी। विद्यालय में नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक भ्रमण और 'बिहार दर्शन' जैसी गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे छात्राओं का मानसिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित हो सके।

# बेलवा व सतवारिया में आग लगने से दो घर जले

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर आगलगी की घटना घटी है। इस घटना में पांच मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई है। वही घर मे रखे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। पहली घटना कुंडिलपुर पंचायत के सतवरिया गाव की है। जहां वार्ड संख्या 10 में सोमवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे आग लगने से एक फुसनुमा घर जल गया। आगलगी की इस घटना में अनिल राय के घर मे रखा पम्पिंग सेट,साइकिल, बाइक कपड़ा, वर्तन, अनाज समेत लाखों रुपए की संपति जलकर खाक हो गई है। वही इस घटना में एक भैस की झुलसकर मौत हो गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मवेशी के लिए अलाव जलाया गया था तेज हवा में चिंगारी उड़कर आग लग गई।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम









**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीबीएसई 10वीं की बोर्ड में आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर अपने प्रतिभा का परचम लहराया। 94.2फीसद अंक लाकर नित्या कुमारी स्कूल टॉपर बनी, आनंदी कुमारी93.4फीसद अंक लाकर द्वितीय स्थानप्राप्त किया। 92.4फीसद अंक लाकरवैष्णवी कुमारी तथा अनुष्खा गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 23 छात्राओं ने 80 फीसदसे ज्यादा अंक लाकर स्कूल का नाम रौशन किया। छात्राओं एवं अभिभावकों ने सफलता का श्रेय स्कूल को दिया। स्कूल के अध्यक्ष डॉ० कुमार पुष्पांजय, प्रबंधक निर्देशक कुमार पृतंजय एवं प्रधानाचार्य मधु ठाकुर ने सफल छात्राओं को बधाई दिया एवं बताया कि स्कूल के शिक्षकों को एवं छात्राओं को इस सफलता का श्रेय जाता है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना कीकस्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

### तपिन्दु में प्लेसमेंट मेला का आयोजन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 13/05/25 को तपिन्दु इन्स्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, कैंट रोड, दानापुर, पटना के प्रांगण में आदरणीय निदेशक श्री अबिनेश्वर सिंह के निदेर्शानुसार शिक्षण व्यवसाय में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न विद्यालयों के द्वारा संस्थान में (ब्द्धअउ) के तत्वावधान में प्लेसमेंट मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में संस्थान के पूर्ववर्ती छात्र एवं सत्र 2023-25, द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। चयन की प्रक्रिया में बिरला ओपन माइंड्स, जी.डी. गोयनका तथा कई सम्मानित विद्यालयों के विषय विषेशज्ञों द्वारा साक्षात्कार एवं प्रदर्शन (डेमो) क्लास के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी की गई जिसमें विभिन्न विषयों के लगभग 40 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया जिन्हें विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापन के लिए चयन की सूची में शामिल किया गया। इस अवसर को पाकर सभी प्रशिक्षुओं में खुशी एवं उत्साह की लहर थी। उपरोक्त कार्य का संपादन प्राचार्या डा अमोला कुमारी के निरीक्षण में समस्त संकाय सदस्यों ने कराया।

### कालाजार से जंग जीतकर अब लोगों को कर रहे जागरूक



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भगवानपुर हाट प्रखंड के माघर गांव निवासी कैलन महतो उर्फ कल्याण महतो ने तीन महीने तक निजी चिकित्सकों से इलाज कराया, लेकिन बुखार ठीक नहीं हुआ। अंततः जब स्थिति बिगड़ने लगी, तो आशा कार्यकर्ता मीना देवी के सहयोग से बसंतपुर सीएचसी पहुंचे। जांच के बाद कालाजार की पुष्टि हुई और वहीं से इलाज शुरू हुआ। अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और गांव में लोगों को मच्छरदानी लगाकर सोने और सरकारी अस्पताल में इलाज कराने की सलाह दे रहे हैं। कैलन महतो ने बताया कि इलाज में पहले ही 25-30 हजार रुपये खर्च हो चुके थे, लेकिन बीमारी ठीक नहीं हुई थी। समय पर सरकारी इलाज मिलने से वे स्वस्थ हो सके। अब वे खुद एक 'कालाजार चैंपियन' के रूप में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश लाल ने बताया कि कालाजार बालू मक्खी के काटने से फैलता है। दो सप्ताह से अधिक बुखार, भूख की कमी और पेट का फूलना इसके प्रमुख लक्षण हैं। विभागीय स्तर पर कालाजार प्रभावित क्षेत्रों में छिड़काव व संदिग्ध मरीजों की पहचान को लेकर अभियान जारी है।

### ट्रेन से गिरकर युवक जख्मी, हालत गंभीर

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-बलिया रेलखंड के माँझी रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार तड़के एक अज्ञात युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों ने युवक को ट्रैक किनारे घायल अवस्था में देखा और तुरंत स्टेशन मास्टर बीरेन्द्र कुमार को सूचना दी। बाद में पुलिस द्वारा युवक को माँझी सीएचसी पहुंचाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे छपरा रेफर कर दिया।

# सिविल डिफेंस ट्रेनिंग की मांग को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

## कहा-पहला हक हमारा



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में आपदा मित्रों की एक टोली ने प्रमोद कुमार साहवाल के नेतृत्व में मंगलवार को समाहरणालय पहुंचकर एडीएम से मुलाकात की और सिविल डिफेंस ट्रेनिंग में शामिल किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। एडीएम ने मांग को स्वीकार करते हुए आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रमोद कुमार साहवाल ने बताया कि भारत-पाक तनावपूर्ण स्थिति और आपातकालीन हालात को देखते हुए आमजनों को जागरूक करना और आपदा की घड़ी में राहत एवं बचाव कार्यों में सिविल डिफेंस की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि आपदा मित्रों की पिछली बैच को सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी, लेकिन पहले से प्रशिक्षित आपदा मित्रों को यह ट्रेनिंग नहीं दी गई, जिसके लिए आश्वासन जरूर मिला था, पर कार्यान्वयन नहीं हो पाया।

**एसएनएन कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स को ट्रेनिंग दिए जाने पर जताई नाराजगी**

आपदा मित्रों ने बताया कि हाल ही में एसएनएन कॉलेज के कैडेट्स को सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग देने की तैयारी पर आपत्ति जताते हुए वे समाहरणालय पहुंचे। उनका कहना है कि आपदा मित्र पहले से आपात परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं और हर तीज-त्योहार, मेला, नदी-तालाब निगरानी जैसे कार्यक्रमों में सरकारी आदेश के आलोक में बगैर मानदेय के सेवा दे रहे हैं, ऐसे में सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग में पहला अधिकार आपदा मित्रों का होना चाहिए।

**प्रशासन अगर चाहे तो आपदा मित्र निभा सकते हैं बड़ी भूमिका**

प्रमोद कुमार साहवाल ने कहा कि सिवान जिले में करीब 500 आपदा मित्र हैं। अगर प्रशासन चाहे तो विभिन्न विभागों में मानव संसाधन की कमी को ये आपदा मित्र पूरा कर सकते हैं और जागरूकता अभियानों को भी गति दे सकते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल शैलेश कुमार, रामप्रकाश राम, विरेन्द्र पंडित, अश्वनी कुशवाहा, सुबोध प्रसाद, प्रेमचन्द कुमार, गुड्डू मांझी, मनोज कुमार पंडित, रौनक अली, पंकज यादव, अभिषेक राम, लाल बाबू राम, विनोद राम, सुनील कुमार, मुकेश कुमार सहित सैकड़ों आपदा मित्र मौजूद रहे।

# सारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई, डकैती कांड में वांछित अपराधी गिरफ्तार

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण पुलिस ने सक्रिय पुलिसिंग अभियान के तहत अमनौर थाना क्षेत्र में डकैती कांड के वांछित अपराधी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक सारण के निर्देश पर जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 मई की रात गुप्त सूचना के आधार पर अमनौर थाना पुलिस टीम ने छापेमारी कर रोहित कुमार को पकड़ा। रोहित कुमार के विरुद्ध अमनौर थाना क्षेत्र में डकैती, आर्म्स एक्ट और भादंवि की कई धाराओं के तहत कुल चार संगीन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के साकिन-गोरौल का निवासी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के आपराधिक इतिहास में डकैती, अवैध हथियार रखने सहित कई मामले शामिल हैं।

# सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिजनों से मिले सांसद, परिवार को बधाया ढाढस



**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तरवारा- महाराजगंज सड़क में तेवथा गांव के समीप उसरी निवासी 42 वर्षीय बलिंद्र सिंह की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई थी. जिसकी सूचना मिलते ही महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह ने मंगलवार की संध्या पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर परिजनों का ढाढस बढ़ाया. मृतक के चार पुत्रियों व एक पुत्र हैं. मृतक के मृत्यु पर संसद ने गहरी संवेदना प्रकट की. पीड़ित परिवार को सरकार के तरफ से मिलने वाली सहायता राशि को दिलाने का आश्वासन दिया. महाराजगंज एसडीओ को फोन कर पारिवारिक लाभ दिलाने व अन्य मिलने वाली राशि का पेपर तैयार कर लाभ दिलाने का निर्देश दिया. वहीं संसद अपने समर्थकों के साथ एक अन्य पीड़ित पोखरा निवासी राजबभ भारती के बड़े भाई साहेब भारती के निधन के समाचार मिलने पर परिजनों से मिलने पहुंचे परिवार को हर संभव संतान दिया. मौके पूर्वी भाजपा जिला संगठन के अध्यक्ष अध्यक्ष रंजीत कुमार भाजपा जिला महामंत्री अवधेश पाण्डेय जिला प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह बलिया पंचायत भाजपा अध्यक्ष गौतम शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता अखिलेश्वर चौरसिया, प्रेम गिरि मंडल महामंत्री महाराजगंज पश्चिमी, दयाशंकर बाबा श्याम किशोर तिवारी मंडल अध्यक्ष गोरेयाकोठी सहित आम लोग उपस्थित थे.

# होमगार्ड जवानों की होगी बहाली 26 मई से

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के सैकड़ों युवक-युवतियों के वर्दी पहनने का सपना जल्द ही साकार होगा। होमगार्ड जवानों की बहाली की तिथि तय हो गई है। 26 में से बहाली शुरू होगी। बहाली की प्रक्रिया 14 जून तक चलेगी। होमगार्ड जवानों की बहाली को लेकर कार्यालय में हलचल तेज हो गई है। बहाली को लेकर जिले के युवक युवतियों में काफी उत्साह है। वे जी जान लगाकर इसकी तैयारी कर रहे हैं। शरीर को फिट रखने के लिए सुबह शाम दौड़ लगा रहे हैं। होमगार्ड समादेष्टा मनीष कुमार ने बताया कि जिले में 311 पदों पर बहाली होनी है। इसके लिए जिले के 18,840 युवक-युवतियों ने आवेदन किया है। 3049 युवतियों और थर्ड जेंडर के चार लोगों ने बहाली के लिए आवेदन दिया है। आवेदकों के क्रमांक के अनुसार महाराज स्टेडियम उनकी शारीरिक फिटनेस की जांच होगी।

# देश के लिए शहीद हुए सीवान के रामबाबू सिंह चार महीने पहले हुई थी शादी, पिता बनने वाले थे



**सीवान (बड़हरिया)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की ओर से हुए सीजफायर उल्लंघन में सीवान के लाल, सेना के जवान रामबाबू सिंह ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। सोमवार (12 मई) को हुई इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा है। चार महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी और वह जल्द ही पिता बनने वाले थे। शहीद रामबाबू सिंह बड़हरिया प्रखंड के वसिलपुर गांव के रहने वाले थे। उनके पिता स्व. रामविचार सिंह हरिहरपुर पंचायत के उप मुखिया रह चुके थे। परिवार में मातम का माहौल है। गांव के लोग उन्हें नम आंखों से याद कर रहे हैं। उनके भाई अखिलेश सिंह हजारीबाग में लोको पायलट हैं।

**पत्नी को नहीं दी गई शहादत की खबर**

शहीद जवान के ससुर सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि रामबाबू सिंह ने 10 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी ज्वाइन की थी। सोमवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे सेना मुख्यालय से फोन आया कि उन्हें गोली लग गई है। थोड़ी देर बाद शहादत की खबर आई। उन्होंने बताया कि उस वक्त वह और उनकी बेटी (शहीद की पत्नी अंजलि सिंह) धनबाद में थे। अभी तक अंजलि को पति की शहादत की जानकारी नहीं दी गई है।

**जोधपुर ट्रांसफर हुआ था, लेकिन रोक लिए गए थे** रामबाबू की पोस्टिंग जोधपुर हो गई थी, लेकिन भारत-पाक सीमा पर तनाव के कारण उन्हें वहां भेजा नहीं गया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे उनकी पत्नी से आखिरी बार बात हुई थी, तब तक वह पूरी तरह स्वस्थ थे। इसके कुछ ही घंटे बाद यह दुखद घटना घटी।

# राजद ने कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण, बताया कैसे करें तेजस्वी के विजन का प्रचार




**सीवान (जिरादेई)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से जिरादेई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एक निजी विवाह भवन में सामाजिक न्याय परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक आधार, संगठनात्मक ढांचे, चुनावी अभियान, चुनावी प्रबंधन और डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल की रणनीति सिखाना था। प्रदेश स्तर के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने अलग-अलग सत्रों में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इसमें बताया गया कि भाजपा के प्रोपेगेंडा का जवाब प्रोपेगेंडा से कैसे देना है, साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में राजद की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे झ्र हर महिला को 2500 रुपए महीना, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 100 फीसदी डोमिसाइल नीति, छात्रों को मुफ्त परीक्षा फॉर्म और यात्रा किराया झ्र को जन-जन तक कैसे पहुंचाना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, राष्ट्रीय सचिव संजय ठाकुर ने कहा कि, राजद धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित पार्टी है। लालू यादव जी ने गरीब-गुरबों को प्रशासनिक ढांचे में सम्मान दिलाया और हर जाति को प्रतिनिधित्व देने का काम किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से तेजस्वी यादव के विजन को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। चुनावी अभियान के प्रचार-प्रसार पर शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशिक्षण दिया, जबकि चुनावी प्रबंधन की रणनीति पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रधान महासचिव अनीता भारती ने मार्गदर्शन किया। संगठन के ढांचे पर युवा राजद के प्रदेश महासचिव सूरज दास ने अपनी बात रखी। छात्र राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार ने सोशल मीडिया, बैनर-पोस्टर और डिजिटल मीडिया के माध्यम से पार्टी के घोषणापत्र और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के विजन को प्रचारित करने की रणनीति साझा की। जिलाध्यक्ष इंजीनियर विपिन कुशवाहा ने सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा कि, जो प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को मिला है, उससे ऊर्जा का संचार हुआ है। हम आठों विधानसभा सीट जीतकर तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नौतन प्रखंड अध्यक्ष अशोक चौधरी ने की, संचालन जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे, जिनमें प्रमुख हैं - श्रीकांत यादव, जय प्रकाश यादव, दीपक यादव, नवाब अंसारी, राजकिशोर गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद यादव, पारस राम, शम्भू राम, मंटू कुशवाहा, प्रयाग यादव, रघुनाथ चौधरी, राजू कुशवाहा और बाबुदीन आजाद आदि।

# आंधी बारिश में तार व पोल क्षतिग्रस्त, घंटों ठप रही बिजली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार की शाम आई तेज आंधी व बारिश के चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में 12 घंटे से अधिक देर तक बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। हालाकि शहर में सोमवार की देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के जमुनिया, पुरैनिया हरसरी, महेशपुर, कुंडीलपुर, शिकारपुर, गोखुला, मनवा परसी, मलदहिया पोखरिया समेत दर्जनों गांवों में मंगलवार को 11 बजे के तक बिजली आपूर्ति बहाल हुई। पुरैनिया हरसरी के मुखिया अजीत कुमार दुबे उर्फ बाला दुबे, अंजुआ के मनोज ओझा, मठीया के इंद्रजीत बारी, कोइरगावा के विवेक मिश्र समेत अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि पूरी रात बिजली नहीं रहने से गांव के लोगों को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी।

# गार्ड के भरोसे चलता है अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विधायक ने किया निरीक्षण



**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटियागंज के भाजपा विधायक रश्मि वर्मा ने मंगलवार दोपहर साठी बाजार स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्था देख विधायक ने नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बताया कि डॉक्टर एक भारत मुनिपाल ही उपस्थित रहते हैं जबकि डॉक्टर कमलेश कुमार झा कभी-कभी हॉस्पिटल में आते हैं। दोनों आयुष चिकित्सक ही है। वहीं पूरे अस्पताल में मात्र एक एएनएम रंजना देवी है जो बराबर टीकाकरण पर ही रहती है। दवा वितरण का काम और अन्य कार्यों का देखरेख गार्ड के भरोसे ही चलता है। इतने बड़े अस्पताल में कोई कंपाउंडर, जी एन एम, फार्मासिस्ट, ड्रेसर भी नहीं है। कर्मी के नाम पर एक परिचारी ही नियुक्त है। विधायक ने पूरे अस्पताल का घूम कर निरीक्षण किया। इस दौरान शौचालय तथा ऊपर से गिर रहे छत को भी देखा। विधायक ने कहा कि इसके लिए सिविल सर्जन से बात कर समस्या से अवगत कराया जाएगा। वहीं अस्पताल में एंबुलेंस की व्यवस्था पर विधायक ने कहा कि एंबुलेंस तो होनी चाहिए। एंबुलेंस क्यों हटाया गया है इसकी जांच कराई जाएगी। यहां बता दे की विधायिका रश्मि वर्मा ने साठी बाजार स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दुर्दशा पर पिछले विधानसभा सत्र के दौरान आवाज भी उठाई थी। मौके पर विधायक के साथ भाजपा नेता टाइगर कुशवाहा, अनुप्रास शांडिल्य, अमन मिश्रा अजय कुशवाहा के साथ दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

CMYK

# पेड़ के फंदे से लटका मिला युवक का शव

## 16 मई को तिलक समारोह था, 22 को होनी थी शादी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** तिलक से तीन दिन पहले युवक ने फांसी लगाकर खुद्कुशी कर ली। मामला बारून थाना क्षेत्र के मौआर खैरा गांव की है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार युवक का शव घर से 500 मीटर दूर पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक का 16 मई को तिलक एवं 22 मई को शादी थी। मृतक की पहचान मौआर खैरा निवासी महेन्द्र सिंह के 27 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात खाना खाकर वह अपने कमरे में सोया था। सुबह 4 बजे बिना किसी को बताए घर से बाहर निकला। कुछ देर बाद गांव के ही लोगों से घटना की सूचना मिली। शादी से वो काफी खुश था। घर में भी सभी खुश थे। घटना के बाद शादी की खुशियां अचानक से मातम में बदल गई। परिजनों ने बताया कि आत्महत्या करने की कोई वजह भी नहीं थी। युवक की रोहतास के सहसी गांव में शादी तय हुई थी। लोगों का कहना है कि किसी ने हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया है। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। घर पर ही रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। पढ़ाई में भी वह अच्छा था। घरवालों को उससे बहुत उम्मीदें थी। अब सब खत्म हो गया है। थानाअध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा। युवक की मौत से जुड़ी सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है।


मृतक मुकेश की फाइल फोटो

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन बाइक जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनुपर (औरंगाबाद)।** बाइक चोरी गिरोह का मदनपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया। साथ ही चोरी की बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया गया है और एक विधि विरुद्ध किशोर को मामले में निरुद्ध किया गया है। आरोपित की पहचान गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के कोनार नगर निवासी तिलेश्वर रिकियासन के पुत्र कुंदन कुमार (19 वर्ष) के रूप में की गई है। वहीं एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। इनके पास से चोरी का तीन बाइक जब्त किया गया है। मदनपुर सीडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि बाइक चोरी की घटनाएं पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई थी। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई जिसमें पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। छापेमारी के दौरान दर्जी बिगहा पेट्रोल पंप के समीप एनएच 19 पर दो युवक पुलिस को देख बाइक से अचानक भागने लगे, जिन्हें संदेह के आधार पर पुलिस ने पीछा कर धर दबोचा। वहीं दूसरा काला रंग का बाइक बिना नंबर प्लेट बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया। वहीं किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।



# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** हत्या के प्रयास मामले में एक अभियुक्त को देवकुंड थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र हथियारा गांव निवासी दिलशेर शाह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हत्या प्रयास के आरोप में पकड़े गए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वह बीते काफी दिनों से फरार चल रहा था। इसी क्रम में आज सूचना के आधार पर पकड़ा गया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

# ज्वेलरी दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के धर्मशाला रोड स्थित एक ज्वेलर्स दुकान में मंगलवार की दोपहर अचानक भीषण आग लग गई जिसमें लाखों रूपये की सामग्रियां जल कर खाक हो गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सबसे पहले बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल से धुंआ उठता देखा गया, जो कुछ ही मिनटों में गहरे काले धुएं और लपटों में तब्दील हो गया। अग्निशमन दल ने पहुंचते ही त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी। ज्वेलर्स दुकान में लगी आग से आसपास की दुकानों और मकानों के लोग बाहर आ गए। अधिकारियों ने प्राथमिक रूप से शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण माना है। जब तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पा लिया गया, क्षेत्र को पूरी तरह से सील कर दिया गया और यातायात को दूसरी दिशा में मोड़ दिया गया। मौके पर पुलिस तैनात रही, जिसने भीड़ को नियंत्रित किया और अग्निशमन दल को सुरक्षित क्षेत्र उपलब्ध कराया। इस घटना में कितना नुकसान हुआ, खबर लिखे जाने तक इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं हैं।


घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

# संस्कार विद्या के छात्र-छात्राओं ने 12वीं की परीक्षा में लहराया परचम


कात्यानी कश्यप | अनुभव कुमार | शिवम कुमार | अर्चना रानी | आनंद कश्यप | चैतन्य पार्थ सारथी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 10वीं एवं 12वीं के नतीजे घोषित किए गए। इस वर्ष भी परीक्षा में संस्कार विद्या नॉलेज सिटी के छात्रों ने बेहतरीन अंक लाकर सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के चैतन्य पार्थ सारथी 93% अंक लाकर संस्कार विद्या के टॉपर बने। आनंद कश्यप को 90 प्रतिशत अंक, अनुभव कुमार 89 प्रतिशत, शिवम कुमार को 88 प्रतिशत, अर्चना रानी 88 प्रतिशत एवं कात्यानी कश्यप कॉमर्स स्ट्रीम में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त की। विद्यालय के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा की यह बच्चों एवं शिक्षकों के परिश्रम का प्रतिफल है कि बच्चे इतने अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए हैं। प्रतिवर्ष विद्यालय का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा है। विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल के सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में बच्चे अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दे रहे हैं इसके लिए उनके परिजन भी बधाई के पात्र हैं जो इन बच्चों को पढ़ाई में सदैव मदद करते रहते हैं। डिप्टी सीईओ विद्यासागर ने कहा कि यह बच्चों के परिश्रम का फल है कि बच्चों ने इतना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित 25 बच्चे 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।

# परासी में किसानों का महाधरना शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** हमीदनगर पुनपुन बराज परियोजना के अधिग्रहित जमीन मुआवजा के मांग को लेकर किसानों का परासी में जिप प्रतिनिधि व राजद नेता श्याम सुंदर की अध्यक्षता में किसान महापंचायत शुरू हो गया है। महाधरणा का समापन आज बुधवार को होगा। इसमें काराकाट सांसद राजाराम सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अरविंद शर्मा, बसपा नेता मनोज सिंह यादव, राजद किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नंदलाल सिंह, पूर्व सहकारिता जिलाध्यक्ष संजय यादव शिरकत करेंगे। किसानों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है पुनपुन बराज परियोजना। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में सरकार जनता को झांसा दे रही है। सचमुच सरकार पुनपुन बराझ के लिए चिंतित होती तो जिस तेजी से ठेकेदारों को मालामाल करने के लिए परियोजना का लागत मूल्य 98 करोड़ रुपये से बढ़ाकर करीब तीन हजार करोड़ रुपये कर दी, उसी तरीके से किसानों के खेतों का दाम क्यों नहीं बढ़ा पा रही है।

# स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया गया नर्स डे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार भवन में नर्स डे के अवसर पर औरंगाबाद सिबिल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंहा ने सामूहिक रूप केक काट कर नर्स डे की बधाई दिया। सीएस डॉ विनोद कुमार सिंह ने सभी नर्सो को नर्स डे के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की आप लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन एवं रोगियों के प्रति सहानुभूति एवं सेवा मन से करें। आप सब मेरे एक परिवार हैं मैं सदा आपका सहयोग करता रहूंगा। मौके पर सीएस डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह, नागेन्द्र कुमार खेसरी, जिला स्वस्थ समिति, औरंगाबाद, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, डीपीसी नागेंद्र केसरी, डीएमईए अविनाश कुमार वर्मा, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक विकाश कुमार सिंह, जीएनएम सुमन कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, वैजयंती माला, एएनएम रंजना कुमारी, सुषमा बा, हेलेना लकड़ा सहित अनेकों नर्स एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।


बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग

गुड़ उत्पादक निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर!

बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम (वित्तीय वर्ष 2025-26)

गन्ना उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा गुड़ उत्पादन इकाइयों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इच्छुक निवेशकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक निवेशक ccs.bihar.gov.in पर जाकर अपना आवेदन कर सकते हैं।

अंतिम तिथि: 25 मई, 2025





- सरकार की ओर से अनुदान एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध।
- स्थानीय गुड़ उद्योग को सशक्त बनाएं और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में भागीदार बनें।

PR No.- 003243 (Sugarcane)D- 2025-26

अधिक जानकारी हेतु अपने जिले के संबंधित गन्ना अधिकारी से संपर्क करें।


# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, कई घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे से मारपीट हो गई जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद इलाज के लिए सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के कथरूआ वार्ड नंबर 31 की है। जख्मियों की पहचान विशेश्वर यादव, गोपाल यादव एवं संतोष कुमार यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विशेश्वर और गोपाल सगे भाई हैं। गोपाल ने बताया कि कुछ दिन पहले छोटी से बात पर पड़ोसी नत्थू ठाकुर के साथ बहस हुई थी। उस समय नत्थू ने अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। सोमवार देर रात अपने सहयोगियों के साथ अचानक लाठी-डंडा लेकर मेरे घर में घुस गए। बिना कुछ कहे मारपीट करने लगा। जख्मियों ने बताया कि नत्थू ठाकुर और उसके पुत्र सुनील रजक ने मारपीट के लिए बाहर से लोगों को बुलाया था। मारपीट में अनिल रजक, अजित कुमार, अनीश कुमार, नीलेश कुमार, रजनीश कुमार, रितेश कुमार और करमा रोड निवासी बिट्टू कुमार भी शामिल थे। इस संबंध में स्थानीय थाने को जानकारी दी गई है। इधर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस संबंध में पुलिस को कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# हड़ताल से राजस्व कार्य ठप

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बिहार राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा 17 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारियों के जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के वजह से गोह अंचल कार्यालय में राजस्व का काम-काज पूरी तरह से ठप हो गया है। गोह प्रखंड के राजस्व कर्मचारियों में शामिल विनय कुमार, राजु कुमार, मनोज कुमार, गणेश कुमार, रोहित कुमार, विकास कुमार, विमलेश कुमार, राकेश रंजन सहित अन्य ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाएगी तब तक काम पर नहीं जाएंगे।


बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948

सभी नियोजकों को सरकार द्वारा नियत की गयी न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाना अनिवार्य है।

89 अधिसूचित नियोजन : कारखाना कामगार / निर्माण कामगार / सिक्युरिटी सर्विसेज गार्ड / दुकान - प्रतिष्ठान कामगार / हैंडलूम उद्योग कामगार / ईंट भट्ठा कामगार/ सरकारी कार्यालयों में आउटसोर्सिंग से कार्यरत कर्मचारी, सफाई नियोजन आदि।



| क्रम संख्या | कामगारों की कोटि | दिनांक - 01.04.2025 से लागू कुल मजदूरी की दरें |
|---|---|---|
| 1. | अकुशल | ₹ 424.00 प्रतिदिन |
| 2. | अर्द्धकुशल | ₹ 440.00 प्रतिदिन |
| 3. | कुशल | ₹ 536.00 प्रतिदिन |
| 4. | अतिकुशल | ₹ 654.00 प्रतिदिन |
| 5. | पर्यवेक्षीय/लिपिकीय | ₹ 12112.00 प्रतिमाह |



न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं करने पर दोषी नियोजकों के विरुद्ध न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नोट - न्यूनतम मजदूरी के संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभागीय बेबसाईट https://state.bihar.gov.in/labour/ के अधिसूचना section में देखा जा सकता है।

किसी भी प्रकार की शिकायत और समाधान हेतु संबंधित प्रखंड के श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी से संपर्क करें अथवा हमारे विभागीय टॉल फ्री नंबर 1800-296-5656 पर कॉल करें।

PR No.- 003321 (LRD)D. 2025-26